राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324, 9625958256


# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 170 • नई दिल्ली, बुधवार 27 सितम्बर 2023 • पृष्ठ: 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 9 धूर जमीन के लिए दो पक्ष में झड़प, एक की मौत...



## मुझ पर लोगों को जेल भेजने का आरोप: मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में 26 सितंबर को G20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने इतने बड़े इवेंट G20 का सफल आयोजन किया। मैं बिल्कुल हैरान नहीं हूं, क्योंकि जिस कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी यूथ उठा लेता है, उसका सफल होना तय हो जाता है। आप लोगों की वजह से भारत हैपनिंग प्लेस बन गया है। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि मुझ पर लोगों को जेल में डालने का आरोपत है। आप बताएं जो देश का माल चोरी करेंगे तो जगह कहां होनी चाहिए। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) की तरफ से आयोजित किया गया। इसमें आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और मेडिकल कॉलेज जैसे कई संस्थानों ने हिस्सा लिया। इसमें देशभर की यूनिवर्सिटी के लाखों छात्र एक-दूसरे से कनेक्ट हुए।

**अमृत काल को लेकर** - इस कार्यक्रम में जी 20 के लिए अपने यूथ के लिए सराहना करता हूं। आज भारत अपने अमृत काल में है, यह आप जैसे लोगों के लिए अमृत पीढ़ी काल है। हम देश की आजादी के 100 साल पूरे करने जा रहे हैं। 2047 तक का समय वही समय है, जिसमें युवा अपने भविष्य का निर्माण करेगा।

**भारत की तरक्की पर** - अगले 25 साल जितने आपके भविष्य के लिए अहम है, उतना देश के भविष्य के लिए भी है। दुनिया में ऐसा समय ना पहले कभी आया था, ना भविष्य में आने का मौका मिलेगा। हम दुनिया की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। रिकॉर्ड कम समय में हम दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था के पांचवीं बन गए। दुनिया का भारत पर भरोसा है, निवेश रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। निर्यात, मैन्युफैक्चर में कई रिकॉर्ड बने हैं। साढ़े 13 करोड़ लोग करीबी से बाहर आए हैं।

**G20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम से देश की युवा शक्ति एकजुट हुई** - PM मोदी ने आगे कहा कि पिछले एक साल से G20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम से देश की युवा शक्ति एकजुट हुई है। पूरे साल चली यह पहल कारगर साबित हुई है और प्रभावी नतीजे निकले हैं। इस प्रोग्राम ने दुनिया को दिखाया कि कैसे हमारे युवा सांस्कृतिक दूत बनकर उभरे हैं, जिन्होंने G20 बिरादरी के साथ स्थायी संबंध मजबूत किए हैं। इसी पहल ने देश के युवाओं को भारत की G20 प्रेसीडेंसी के बारे में और ज्यादा जानने लायक बनाया है।

**देश का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर 'भारत मंडपम'** - देश के सबसे बड़े कन्वेंशन सेंटर का नाम भारत मंडपम रखा गया है। PM मोदी ने 26 जुलाई को दिल्ली में इसका इनॉगरेशन किया था। 123 एकड़ में बने कन्वेंशन सेंटर में 7 हजार लोग बैठ सकते हैं। ये ऑस्ट्रेलिया के सिडनी ओपेरा हाउस से भी बड़ा है। सितंबर में होने वाली 18वीं जी-20 समिट भी यहीं हुई। ये दुनिया के टॉप 10 कन्वेंशन सेंटर्स में से एक है। यहां एक साथ 5,500 से ज्यादा गाड़ियां पार्क की जा सकती हैं।

### प्रोग्राम में 12 अलग-अलग देशों के स्टूडेंट्स शामिल हुए

PM मोदी ने 24 सितंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंकडिन में G20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट इवेंट के बारे में एक पोस्ट लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि इवेंट की सबसे खास बात है कि 12 अलग-अलग देशों के स्टूडेंट्स इसमें शामिल होंगे। इसके अलावा G20 के 10 देश भी शामिल हुए। ये सभी यूथ फॉर लाइफ (लाइफस्टाइल और पर्यावरण) पर चर्चा करेंगे। PM मोदी ने आगे कहा कि G20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम में युवा शक्ति के अनुभवों को सुनने की लिए बेहद उत्साहित हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनेत्री वहीदा रहमान को मिलेगा 2023 दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



**मुंबई**। अनुभवी अभिनेत्री वहीदा रहमान को इस वर्ष प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा मुझे यह घोषणा कर बेहद खुशी और सम्मान की अनुभूति हो रही है कि वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। वहीदा रहमान को हिंदी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए समीक्षकों द्वारा सराहा गया है, उसमें से प्रमुख हैं, प्यासा, कागज के फूल, चौदहवी का चांद, साहेब बीवी और गुलाम, गाइड, खामोशी और कई अन्य। अपने 5 दशकों से अधिक के करियर में, उन्होंने अपनी भूमिकाओं को बेहद खूबसूरती से निभाया है, जिसके कारण उन्हें फिल्म रेशमा और शेरा में एक कुलवधू की भूमिका के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। पद्म श्री और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित, वहीदा जी ने एक भारतीय नारी के समर्पण, प्रतिबद्धता और ताकत का उदाहरण दिया है जो अपनी कड़ी मेहनत से पेशेवर उत्कृष्टता के उच्चतम स्तर को हासिल कर सकती है।

### मनमोहन सिंह का 91वां जन्मदिन सीएम अरविंद केजरीवाल ने तारीफ करते हुए दी बधाई



**नई दिल्ली**। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जन्मदिन है। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने उनकी प्रशंसा करते हुए जन्मदिन की बधाई दी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हमारे देश, संविधान और लोकतंत्र के प्रति आपका अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता हम सभी को प्रेरित करती रहती है। आपके अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और लंबे जीवन की कामना करता हूं। मनमोहन सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि वह एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने राजनीति में सादगी और गरिमा का उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह एक सच्चे राजनेता प्रधानमंत्री हैं, जिनके काम शब्दों से ज्यादा बोलते थे। हम उनके योगदान के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और उनके लंबे जीवन की कामना करता हूं।

## पीएम मोदी ने रोजगार मेले में 51 हजार जॉइनिंग लेटर बांटे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### 9 साल में इनोवेटिव तरीके से बदलाव हुए; तकनीक से भ्रष्टाचार घटा, सुविधा बढ़ी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले नौ साल में केंद्र सरकार ने योजनाओं को मिशन मोड में लागू किया है, जिससे और भी बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिली है। मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा रोजगार मेला के दौरान नई नियुक्ति पाने वालों को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा, हमारी नीतियां एक नई मानसिकता, सामग्री निगरानी, मिशन मोड कार्यान्वयन और जन भागीदारी पर आधारित हैं। नौ साल में हमारी सरकार ने मिशन मोड में नीतियों को लागू किया है। इस मौके पर पीएम मोदी ने केंद्र के विभिन्न विभागों में नई भर्तियों में चयनित 51 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने कहा, देश ने 2047 तक विकसित भारत बनने का संकल्प लिया है। अगले कुछ वर्षों में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। इस अवधि में, प्रत्येक सरकारी कर्मचारी एक बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। आपको हमेशा नागरिक-प्रथम की भावना के साथ काम करने की आवश्यकता है। आप उस पीढ़ी का हिस्सा हैं जो प्रौद्योगिकी के साथ बड़ी हुई है। आपको अपने कार्य क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड के रूप में तकनीकी परिवर्तन के माध्यम से शासन को आसान बना दिया गया है। डिजिटल लॉकर और ई-केवाईसी ने दस्तावेजीकरण की जटिलता को समाप्त कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा, आज हमारा देश ऐतिहासिक उपलब्धियों और फैसलों का गवाह बन रहा है। कुछ दिन पहले ही देश की आधी आबादी को नारी शक्ति वंदन कानून के रूप में बहुत बड़ी ताकत मिली है। महिला आरक्षण बिल, जो पिछले 30 वर्षों से लंबित था, अब दोनों सदनों द्वारा रिकॉर्ड मतों से पारित किया गया। यह निर्णय देश की नई संसद के पहले सत्र में लिया गया। एक तरह से, नई संसद में देश के नए भविष्य की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में कई महिलाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं। भारत की बेटियों ने अंतरिक्ष से लेकर खेल तक रिकॉर्ड बनाए हैं। पीएम मोदी ने कहा, महिलाएं हमेशा एक नई ऊर्जा के साथ कई क्षेत्रों में बदलाव लाती आई हैं। उन्होंने कहा, 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाएं बहुत ऊंची हैं। आप देख रहे हैं कि नया भारत क्या चमत्कार कर रहा है।

### 10 महीने में 5 लाख लोगों को जॉइनिंग लेटर मिले

22 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब PM ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है। PM ने पिछले 10 महीनों में 8 रोजगार मेलों में करीब 5 लाख युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए हैं।

### ▪ भागवत ने कहा, उनके विरोध से हमारी क्षति न हो, इतनी चिंता हम ज़रूर करेंगे

## संघ का पराया कोई नहीं, जो आज हमारे विरोधी हैं, वे भी हमारे हैं



**लखनऊ**। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ का पराया कोई नहीं है। जो आज हमारा विरोध करते हैं, वे भी हमारे हैं। सर संघचालक अवध प्रांत प्रवास के आखिरी दिन यहां के निराला नगर स्थित सरस्वती कुंज में प्रबुद्ध नागरिकों को संबोधित कर थे। उन्होंने कहा कि संघ सम्पूर्ण समाज को संगठित करना चाहता है, इसमें संघ का पराया कोई नहीं। जो आज हमारा विरोध करते हैं, वे भी हमारे हैं। उनके विरोध से हमारी क्षति न हो, इतनी चिंता हम ज़रूर करेंगे, लेकिन हम लोग तो सर्व लोकयुक्त भारत वाले लोग हैं, मुक्त वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संघ के नाते सबको जोड़ने का हमारा प्रयास है और सबको बुलाने का भी हमारा प्रयास रहता है। संघ के स्वयंसेवकों द्वारा समाज में अनेक अच्छे काम समाज परिवर्तन हेतु किए जा रहे हैं, आप सब प्रबुद्ध जन उन कार्यों में सहयोगी हो सकते हैं। सामाजिक परिवर्तन एवं राष्ट्र कार्यों में अपनी-अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए राष्ट्र को अपने स्वत्व पर खड़ा करने के लिए और परम वैभव सम्पन्न बनाने के लिए इस राष्ट्र को समझकर और सारे देश को एक करने की दिशा में जो भी छोटा-बड़ा काम आप अपनी पद्धति से करना चाहते हैं, वह कीजिए। भागवत ने कहा कि इतिहास में हम यह लिखा देना नहीं चाहते कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कारण देश का उद्धार हुआ, हम यह लिखा देना चाहते हैं कि इस देश में एक ऐसी पीढ़ी निर्माण हुई, उन्होंने उद्यम किया और अपने देश को पूरी दुनिया का गुरु बनाया।

### बंद घर से नाबालिग लड़की का शव बरामद, ऑनर किलिंग की आशंका

**दरभंगा** । बिहार के दरभंगा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक बंद घर से करीब 16 साल की एक नाबालिग लड़की का शव बरामद किया है। लड़की की हत्या गला रेतकर की गई है। पुलिस प्रथम दृष्ट्या इसे ऑनर किलिंग से जोड़कर देख रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामला आजमनगर स्थित लुच्चीबाड़ा मुहल्ले की है जहां आरोप है कि घर वालों ने सोमवार की देर शाम एक नाबालिग लड़की की गला रेतकर हत्या कर दी और अंधेरा होने के बाद घर के सभी लोग फरार हो गए। मोहल्लेवासियों ने शक होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सोमवार की रात आकर दरवाजा तोड़कर शव बरामद किया। बताया जाता है कि रात जब सूरज महतो के घर के सदस्य अचानक कहीं जाने लगे तब मोहल्ले वालों को शक हुआ। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो सूरज महतो की 16 वर्षीय पुत्री का शव दिखा।

### खड़गे ने भाजपा की आलोचना की, कहा- युवाओं को वर्षों से दिया जा रहा है धोखा



**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार पर पलटवार करते हुए कहा कि देश के युवाओं को भाजपा ने धोखा दिया है क्योंकि इसने साल दर साल उनसे केवल नौकरियां छीनी हैं। एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने आजादी के बाद से देश के युवाओं में सबसे ज्यादा बेरोजगारी बढ़ाई है। ऐसा कोई युवा नहीं है, जिसे भाजपा ने धोखा न दिया हो। सारे आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार ने सालाना दो करोड़ नौकरियां देना तो दूर, साल दर साल युवाओं से नौकरियां ही छीनी हैं।उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में ही 31 लाख लोगों ने अपनी नौकरियां खो दी हैं, जिनमें से 26 लाख महिलाएं हैं। खड़गे ने यह भी कहा कि देश में 32.06 करोड़ लोगों के पास नौकरी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि नौकरियों और बेहतर रोजगार में महिलाओं की भागीदारी घटकर केवल 10 प्रतिशत रह गई है, जबकि 2021-22 में 25 वर्ष से कम आयु के 42.3 प्रतिशत स्नातक बेरोजगार थे। खड़गे ने कहा कि पिछले एक साल में गिग वर्कर्स की नौकरियों में 17.5 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### बारामूला में सुरक्षा बलों ने हथियारों के साथ एक संदिग्ध को पकड़ा: सेना

**श्रीनगर** । जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने हथियारों के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा है। सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर द्वारा बारामूला के वाइज़र में सोमवार को एक मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) स्थापित की गई थी। सेना ने सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "एक संदिग्ध व्यक्ति को एक पिस्तौल और अन्य युद्ध जैसे सामान की बरामदगी के साथ पकड़ा गया है। मामले की जांच जारी है।"

### बेंगलुरु बंद में 20 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया-तमिलनाडु से बस सेवाएं बाधित

**बेंगलुरु**। तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के खिलाफ विरोध मार्च निकालने का प्रयास करने पर कर्नाटक पुलिस ने मंगलवार सुबह यहां 20 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया। उन पर धारा 144 के आदेशों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। गन्ना उत्पादक संघ के अध्यक्ष और जल संरक्षण समिति के प्रमुख नेताओं में से एक कुरुबुरु शांताकुमार विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने रात में भी एहतियात के तौर पर 50 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया था। सुबह की घोषणा के अनुसार, आंदोलनकारी केंद्रीय व्यापार जिले में मैसूरु बैंक सर्कल जंक्शन पर एकत्र हुए। वे विरोध मार्च में हिस्सा लेने की योजना बना रहे थे, लेकिन तभी पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। वहीं, बंद के चलते तमिलनाडु से बस सेवाएं बाधित रहीं। कुरुबुरु शांताकुमार ने पुलिस कार्रवाई के खिलाफ आक्रोश जताते हुये कहा, "तमिलनाडु में जब राज्य के हित की बात आती है, तो वे प्रदर्शनकारियों के साथ खड़े होंगे। जल्लीकट्टू के मुद्दे पर तमिलनाडु पुलिस ने आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने पुलिस से पूछा, "अगर वे अपने घरों में जाएंगे तो उनके पास पीने के लिए पानी नहीं होगा तो वे क्या करेंगे?" कुरुबुरु ने कहा, "बंद सफल है और सभी ने अपना समर्थन दिया है। हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

### BJP नेता शाहनवाज हुसैन को हार्ट अटैक: मुंबई के लीलावती अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई, अभी ICU में



**नई दिल्ली**। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के सीनियर लीडर शाहनवाज हुसैन को 26 सितंबर की शाम करीब 4 बजे हार्ट अटैक आया। उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लीलावती अस्पताल के डॉक्टर जलील पारकर ने बताया कि शाहनवाज हुसैन की एंजियोप्लास्टी की गई है। फिलहाल वे ICU में हैं, जल्द ही उन्हें प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहनवाज हुसैन मुंबई बीजेपी अध्यक्ष और बांद्रा के विधायक आशीष शेलार के घर पर मौजूद थे। यहां उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। हुसैन को इससे पहले अगस्त में स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने के बाद दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। तब डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने की सलाह दी थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने साल 1997 में एक कार्यक्रम में शाहनवाज हुसैन को बोलते सुना था। तब उन्होंने कहा था कि यह लड़का बहुत अच्छा बोलता है। इसे पार्लियामेंट में भेजा जाए तो बड़े-बड़ों की छुट्टी कर देगा।

## विद्यासागर स्पोर्ट्स अकादमी ने विद्यासागर जयंती पर आयोजित किये कार्यक्रम



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती के अवसर पर विद्यासागर स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा सम्मान समारोह एवं मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रणधीर कुमार सिंह, कर्माटांड़ के थाना प्रभारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष महेंद्र मंडल, सीताकता पंचायत मुखिया सकुर अंसारी, तेतुलबांध मुखिया मनोज मंडल, ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डीडी भंडारी, फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव इम्तियाज़ खान, विद्यासागर स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष राजाराम मंडल, विद्यासागर स्पोर्ट्स अकादमी के संचालक निवास मंडल एवं तमाम अभिभावक गण उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों के द्वारा ईश्वर चंद्र विद्यासागर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। थोड़ी सी सुविधा और कम संसाधन होने के बावजूद कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने पर पधारे हुए सभी अतिथियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की और भविष्य की ढेरों शुभकामनाएं दी।

**बैठक** सामान्य बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता मेयर उषा देवी अग्रवाल ने किया

## सामान्य बोर्ड की बैठक में 251 योजनाओं पर लगी मोहर, क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहा तेजी से



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा.**। नगर निगम कार्यालय के सभागार में सामान्य बोर्ड की बैठक में 251 योजनाओं पर मोहर लगी। सामान्य बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता मेयर उषा देवी अग्रवाल ने किया। बैठक में सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी, विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, उपमहापौर मंजूर खान, नगर आयुक्त कुमार मंगलम, नगर निगम के सभी पदाधिकारी एवं वार्ड पार्षद मौजूद थे। बैठक में वर्तमान में शहर में चल रहे साफ सफाई, नाले की उड़ाही, स्ट्रीट लाइट, सड़क, नाला, शौचालय निर्माण कार्य एवं अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मेयर उषा देवी अग्रवाल ने सभी वार्ड पार्षद और नगर वासियों को विश्वास दिलाया की शहर की हर एक समस्या का समाधान किया जाएगा। नगर वासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो। इसके लिए शहर के विकास को गति देने का काम किया जा रहा है। शहर के सभी समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत हैं। सामान्य बोर्ड की बैठक में मेयर ने उपस्थित सभी लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न मदों से विगत 9 महीना में प्रत्येक वार्डों में योजनाओं के प्राथमिकता आधार पर चयन किया गया है। जिसमें कुल 251 योजनाओं को बोर्ड से स्वीकृति के उपरांत प्राक्कलन तैयार किया गया है। जिसमें 81 योजनाओं का कार्य संवेदकों को आवंटित कर दिया गया है। जिसमें आठ सामुदायिक शौचालय, 45 सड़क एवं नाला निर्माण कार्य प्रगति पर है। 64 योजनाओं का निविदा निष्पादन की प्रक्रिया में है। जिसमें निविदा निष्पादन हेतु कार्यपालक अभियंता के स्तर से किया जा रहा है। 78 योजनाओं के निविदा का प्रकाशन कराया गया है। जिसका निविदा 10/2023-24 से किया गया है। नगर निगम कटिहार की आठ बड़ी सड़क जो पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया गया है।

## ख़ास ख़बर

### दिवंगत छेदी चौधरी के परिजनों से मिले संजय मिश्रा,कर्ता लालमोहन चौधरी से मिलकर प्रकट किया गहरी संवेदना



**पूर्णिया** । जदयू नेता रंजीत चौधरी पूज्य पिता जी व वार्ड 31 पूर्णिया के पार्षद जीतनी देवी के पति छेदी चौधरी का स्वर्गवास बीते मंगलवार को हो गया। दिवंगत परिजन को संवेदना व ढाढस देने एसडीएम ग्रुप अररिया के संस्थापक सह समाजसेवी संजय मिश्रा रामबाग पूर्णिया उनके निज निवास पहुंचकर संवेदना प्रकट किया एवं आत्मा की शांति प्रदान करने हेतू ईश्वर से प्रार्थना किया।दिवंगत छेदी चौधरी अपने साथ तीनों पुत्र लालमोहन चौधरी, रंजीत चौधरी,संजीत चौधरी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए।मौके पर मनोज चौधरी, सुरेश चौ०, राजकुमार चौ० अमृत, आनन्द, रतन, सुजित ,सूरज वार्ड सं0-31पूर्णिया के कई सामाजिक व राजनीतिक लोग मौजूद थे।

### एस एस बी ने 26 सितंबर को सीमान्त के कुल 17 गाँव के 335 घरों से मिट्टी/चावल कलश में किया एकत्रित



**अररिया**। भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में दिनांक 01.09.2023 से 30.09.2023 तक "आजादी का अमृत महोत्सव" विषय के अंतर्गत "मेरी माटी मेरा देश" आभियान के तहत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सीमान्त के प्रत्येक घर से चुटकी भर मिट्टी/चावल एकत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 26.09.2023 को सीमान्त के कुल 17 गाँव के 335 घरों से मिट्टी/चावल कलश में एकत्रित की गई। पिछले दिनों की तरह आज भी स्थानीय लोगों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण के अन्तर्गत ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन का हुआ शुभारंभ



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज-2 के अंतर्गत मधुबनी जिले के जयनगर बस्ती पंचायत में सोमवार को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को पाग, दुप्पटा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुखिया उपेंद्र साह एवं मंच संचालन सूर्यनाथ महासेठ ने किया। प्रबंधन कार्य का शुभारंभ करते हुए जयनगर के डीएसपी विप्लव कुमार ने कहा कि बिना साफ सफाई के हम स्वस्थ नहीं रह सकते है। आसपास के गंदगी से ही अनेकों प्रकार की बीमारियों का हमलोग शिकार हो रहे हैं। राज्य सरकार की योजना है कि गांव को स्वच्छ बनाया जाए। इसी उद्देश्य से लोहिया स्वच्छ अभियान फेज 2 के तहत पंचायतों में कचरा प्रबंधन का कार्य शुरू किया गया है। उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक करते हुए ग्रामीणों से अपील किया की प्रबंधन कार्य मे सहयोग करें,आपके सहयोग से ही स्वच्छता अभियान सफल हो सकता है।जयनगर के बीडीओ राजीव रंजन ने बताया कि पंचायत के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता मित्र, ठेले और ई रिक्शा के माध्यम से घर घर पहुँच गीले और सूखे कचरे को एकत्रित करेगें। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि खुले में शौच नहीं करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें। ।इस अवसर पर ब्लॉक कॉर्डिनेटर कंचन कुमारी ने ग्रामीणों को बताई कि अपने अपने घरों में गीला कचरे को हरे रंग की डब्बा में एवं सूखे कचरे को नीले रंग के डब्बे में रखना है,आपके घर के पास स्वच्छता मित्र ठेले लेकर पहुंचेंगे ,उस ठेले पर रखे गए नीले और हरे डब्बे में अपने घर के संबंधित डब्बे के कचरे को डाल देना है। इस मौके पर जयनगर के डीएसपी विप्लव कुमार,बीडीओ राजीव रंजन,ब्लॉक कॉर्डिनेटर कंचन कुमारी,जयनगर बस्ती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह,सांसद प्रतिनिधि रामबाबू कामत,जदयू के प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह,उप मुखिया उपेंद्र साह, वार्ड सदस्य सूर्यनाथ महासेठ, पप्पू मंडल, पवन सिंह, कपिलदेव सिंह, देव कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम, विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर बनाई गई है एनईपी



**मधेपुरा**। भारत सरकार ने पूरे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू की है। यह नीति विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर बनाई गई है और इससे विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा। यह बात बीएनएमयू के डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह ने कही। वे मंगलवार को दीक्षारंभ (सत्रारंभ) कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के गणित विभाग के तत्वावधान में किया गया। उन्होंने कहा कि एनईपी विद्यार्थियों के ज्ञान के साथ-साथ कौशल विकास पर भी जोर दिया गया है।उन्होंने कहा कि सीबीएसएस एक शैक्षणिक मॉडल है, जो विद्यार्थियों को अपनी मनपसंद पाठ्यक्रम चुनने की आजादी देता है। इसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद कायम होगा, जो अनुशासन कायम करने में मददगार होगा।

**एनईपी के तहत सीबीसीएस लागू**: उन्होंने कहा कि एनईपी के तहत बिहार के अन्य विश्वविद्यालयों के साथ ही बीएनएमयू में विश्वविद्यालयों में सत्र 2023-27 से चार वर्षीय स्नातक कोर्स (सीबीसीएस) पाठ्यक्रम लागू किया गया है। इसमें चार वर्षीय कोर्स 8 सेमेस्टर का है और इसके लिए 160 क्रेडिट तय किया गया है। प्रत्येक सेमेस्टर 20 क्रेडिट का होगा। छात्रों को अंतिम वर्ष के सातवें सेमेस्टर में पहुंचने तक 7.5 सीजीपीए प्राप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि इसमें एक वर्ष के बाद सर्टिफिकेट, दो वर्ष के बाद डिप्लोमा और तीन वर्ष के बाद स्नातक की डिग्री मिल जाएगी। चौथे वर्ष में पढ़ना अनिवार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि चौथे वर्ष में नामांकन के लिए तृतीय वर्ष में 7.5 सीजीपीए जरूरी होगा। 4 वर्षीय कोर्स करने वालों के लिए पीजी एक वर्ष का ही होगा। रिसर्च में भी सुविधा होगी।उन्होंने बताया कि एनईपी के अंतर्गत स्नातक में नामांकन, परीक्षा एवं परिणाम का कैलेंडर बना हुआ है। बीएनएमयू में नामांकन प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी और कैलेंडर का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

**विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद है सीबीसीएस**: उन्होंने बताया कि सीबीसीएस कोर्स करने से विद्यार्थियों को कई फायदा होगा। विद्यार्थी अपनी पसंद से जो भी विषय पढ़ना चाहें, उसका चयन कर सकते हैं। इस कोर्स के तहत जो अंक प्राप्त होंगे, वह ग्रेड के रूप में होंगे। विद्यार्थियों को प्रत्येक साल 2 एग्जाम देने होंगे इस कारण विद्यार्थी अच्छे से पढ़ेंगे। इसके अंतर्गत मूल्यांकन भी बहुत बेहतर से किया जाएगा।

**एनईपी पर होगी कार्यशाला**: मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने विश्वविद्यालय में एनईपी के क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। कुलपति के आदेशानुसार सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं सीबीसीएस पाठ्यक्रम को केंद्र में रखकर कार्यशाला एवं संगोष्ठी के आयोजन हेतु पत्र जारी किया जाएगा। साथ ही कुलपति से आदेश प्राप्त कर विश्वविद्यालय स्तर पर भी एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

**नियमित रूप से हो रहा कक्षाओं का संचालन**: कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के अर्थपाल डॉ. मिथलेश कुमार अरिमर्दन ने कहा कि कुलपति के निदेशों के आलोक में नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इसमें और सुधार लाया जाएगा। सभी शिक्षकों को यह निदेश दिया गया है कि एक भी विद्यार्थी आए, तो भी कक्षा ली जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन अनमोल है। इसका एक-एक क्षण ज्ञानार्जन में लगाने की जरूरत है। विद्यार्थियों को कैरियर के संबंध में सही समय पर सही निर्णय लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने विषय के महत्व को समझें। अपना एक लक्ष्य तय करें और उसके अनुरूप कठिन परिश्रम करें।

**दी गई पाठ्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी**: विभागाध्यक्ष ले. गुड्डू कुमार ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को सीबीसीएस पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंन सभी विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों ने महाविद्यालय के संस्थापक सर्वश्री कीर्ति नारायण मंडल और सुप्रसिद्ध गणितज्ञ रामानुजन एवं वशिष्ठ नारायण सिंह के चित्र पुष्पांजलि अर्पित की। अतिथियों को अंगवस्त्रम् एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, सौरव कुमार, बादल कुमार, दिलसाद आलम, गौतम कुमार, रितेश कुमार, नीतीश कुमार, प्रद्युम्न कुमार, गौतम कुमार, स्वाति कुमारी, सोनी कुमारी, संजीत सुमन, भूषण कुमार , राजा कुमार, विवेक कुमार , बाबुल कुमार, निम्मी कुमारी, मौसम कुमारी, शिवम कुमार, उज्जवल कुमार, प्रणव कुमार, प्रदीप कुमार, शिवम राज, मन्नू कुमार, सरोज कुमार, अंकित कुमार, अंजलि कुमारी, अंजलि कुमारी, भारती कुमारी, कुमारी सृष्टि, साक्षी कुमारी, सिमरन कुमारी, सौरव कुमार, मोहम्मद मंसूर आलम, राजकुमार, शिवम कुमार, निकेश कुमार, रूपेश कुमार, मुकेश कुमार, प्रियंका कुमारी, छाया कुमारी, मुस्कान कुमारी, अल्का कुमारी, भावेश कुमार, अनुज कुमार आदि उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ की राष्ट्रीय प्रोजेक्ट कॉऑर्डिनेटर ने की प्रेस वार्ता



**मधेपुरा**। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन व राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटर के संयुक्त तत्व अवधान में पिआर एस (प्रमोटिंग राईट्स आप सोसलाजेसन ) अभियान जापान के सहयोग से चलाई जा रही है एवं जापान ही इसे फंड कर रहा है उसके तहत घरेलू महिलाओं के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया, इसके तहत घरेलू कामगार को उसके हक व अधिकार की जानकारी दी गई है अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के प्रोजेक्ट कॉ ऑर्डिनेटर वैशाली लहरी ने प्रेस को संबोधित करते बताया कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के साथ कामगार सूचना एवं सहायता केंद्र द्वारा राज्य के 6 जिलों में कंस्ट्रक्शन का कार्य करने वाला सफाई करने वाले एवं घरेलू कामगार में शामिल लोगों को उसके हक एवं अधिकार से अवगत कराया जा रहा है ताकि घरेलू कामगारों को उनका पूरा अधिकार प्राप्त हो सके । उन्होंने बताया कि अपने हक एवं अधिकार की जानकारी के अभाव में घरेलू कामगारों का शोषण हो रहा है कई बार घर में कार्य करने वाली महिलाओं के साथ यौन शोषण की घटनाएं भी होती रहती है लेकिन महिलाओं पर हो रहे अत्याचार एवं शोषण की 99 फ़ीसदी घटनाएं रजिस्टर्ड ही नहीं हो पाती है इसके अलावा घरेलू कामगार को कार्य अनुसार वेतन नहीं मिलता है इसके लिए सरकार के द्वारा ठोस उपाय करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास नहीं हो रहा है लेकिन इन कामगारों को सही हक दिलाने के लिए समाज के प्रत्येक लोगों को दायित्व लेना होगा उसके आसपास इस प्रकार की शोषण की घटनाएं न हो साथ कामगारों को सरकारी योजना से जोड़ने के लिए सही जानकारी पहुंचाने के लिए हम सबों को जिम्मेवारी लेनी होगी ताकि इस समस्या का सकारात्मक एवं प्रभावी रूप से निदान हो सके पिआर एस योजना जापान सरकार के सहयोग से चलाई जा रही है वही वही अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर सुश्री लहरी ने कहा कि हम मधेपुरा के इंटक कार्यालय में काफी मजदूरों से मिले हमें बहुत खुशी हुई यहां के जिला अध्यक्ष भाई संजय कुमार सिंह जी बेहतर कार्य कर रहे हैं। अगर इन्हें इस क्षेत्र में कहीं कोई समस्या होगी तो अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन इनके संपर्क में है स्टेट कोऑर्डिनेटर से मिलकर उसे समस्या को दूर किया जाएगा इंटक के स्टेट कोऑर्डिनेटर आलोक रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि असंगठित कामगारों को संगठित करने के लिए प्रयास जारी है फिलहाल में स्थानीय स्तर पर उनके बीच से ही एक को नेतृत्व का भार देकर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सूचना देने को कहा इसकी अलावे प्रशासनिक स्तर पर इन कामगारों को पहचान मिल सके इसके लिए कार्य प्रगति पर है।

## स्वच्छ रहने हेतु कॉलेज से निकाली गई जागरूकता रैली





**पुरैनी**। भूपेंद्र नारायण मंडल मधेपुरा विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा 27 सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर प्रेमनाथ आचार्य, प्रोफेसर नेहरू प्रसाद चौधरी एवं नारायण मिश्र ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर प्रेमनाथ आचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें सिखाता है कि किस प्रकार प्लीज बात भावना से लोगों की सेवा की जाती है हर एक गतिविधियों में समाज को जागरूक किया जाता है। इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर कर्मचारी छात्र-छात्र व अभिभावको ने संकल्प लिया कि 100 घंटे आम जनमानस, पर्यावरण व अन्य चीजों की सेवा में समर्पित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मौके पर स्वच्छता ही सेवा विषय वस्तु पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम वर्ष की छात्रा जरीन नूर ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया वहीं अलका कुमारी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर नंदन मिश्रा, रंजीत कुमार झा, कमोज कुमार मिश्रा, अशोक झा, पवन कुमार, नेहरू प्रसाद चौधरी, नीरज कुमार, हरिओम कुमार झा, आयुष मिश्रा सहित कई अन्य मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय टीम द्वारा देव नंदनी डिग्री कॉलेज जगत नगर बखरी मधेपुरा का किया जांच एवं निरीक्षण



**मधेपुरा**। विश्वविद्यालय द्वारा जांच एवं निरीक्षण के लिए उच्च शिक्षा विभाग बिहार सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा प्रशासन द्वारा अधिकृत टी पी कॉलेज मधेपुरा के प्रधानाचार्य प्रो.डा.कैलाश प्रसाद यादव द्वारा देव नंदनी डिग्री कॉलेज जगत नगर बखरी मधेपुरा महाविद्यालय पहुंचकर वर्ग कक्षा का शिक्षकों की उपस्थिति पंजी कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया ।वित्तीय शाखा के वित्तीय संबंधी पंजी का भी डा. यादव ने अवलोकन किया एवं संतोष जाहिर किया। निरीक्षण के क्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो.रीमा कुमारी आदि ने भरपूर सहयोग किया। इस मौक़े पर महाविद्यालय के सचिव डा. धर्मेंद्र कुमार के अलावा शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी एवम छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### अपराधियों को न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से सख्त से सख्त मिलेगी सजा : मनीष यादव



**बथनाहा**। सोनापुर पंचायत मे कल 14 वर्षीय पासवान लडके की निर्मम हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को राजद जिलायक्ष मनीष यादव उनके शोक संतप्त परिजनों से मिले तथा राजद परिवार की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। ज्ञातव्य है कि कल सोनापुर पंचायत के पत्थरदेवा वार्ड नं 5 निवासी श्री ताराचंद पासावान के पुत्र मंटू पासवान की नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस मामले में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मनीष यादव ने कहा कि अपराधियों को न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से सख्त से सख्त सजा मिलेगी। मौके पर नरपतगंज प्रखंड अध्यक्ष धनंजय यादव, जिला प्रधान महासचिव मनोज विश्वास, पंचायत अध्यक्ष विजय यादव, राजद नेता वीरेन्द्र यादव, मोहम्मद इस्राइल, विक्की यादव मौजूद थे।

### पूर्णियां एयरपोर्ट पोर्टा कैबिन के तहत उड़ान सुनिश्चित करवाने हेतु एम एस यू ने जारी किया पोस्टर




**पूर्णियां /डा. रूद्र किंकर वर्मा**। पूर्णियां एयरपोर्ट पोर्टा कैबिन के तहत उड़ान सुनिश्चित करवाने हेतु 02 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से जन सत्याग्रह सह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कार्यक्रम प्रस्तावित है, इसको लेकर मिथिला स्टूडेंट यूनियन आर पार की लड़ाई का रुख अपना लिया है। इस बाबत आज शहर के श्रीनायक होटल में एम एस यू जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई,जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री संजीव कुमार ने की वहीं आगामी जन सत्याग्रह सह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कार्यक्रम के निमित्त पोस्टर जारी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री अविनाश कुमार मिश्र में एम एस यू सेनानियों के बीच संगठन द्वारा पूर्णियां एयरपोर्ट के लिए अब किए गए संघर्ष का अनुभव को सांझा किया। जिला अध्यक्ष श्री कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन समेत केंद्र और राज्य सरकार को विधिवत सूचना दे गई है,साथ ही आंदोलन में जन सहभागिता बढ़ाने हेतु एम एस यू सेनानियों द्वारा वाल पोस्ट,माईकिंग एवम नुक्कड़ नाटक करवाया जा रहा है। बताते चले की आंदोलन को धारदार बनाने हेतु शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जा रहा है। एम एस यू के जन सत्याग्रह आंदोलन को उक्त संस्थाओं का है अब तक समर्थन प्राप्त जिला अध्यक्ष एम एस यू पूर्णियां संजीव कुमार ने बताया कि श्री राम सेवा संघ,इंडियन मेडिकल एसोसिएशन,बालाजी सेवा संघ,प्रेस क्लब,ड्रग एसोसिएशन,लायंस क्लब, व्यावसाई संघ,मारवाड़ी युवा मंच, युवा जागृति मंच,टैंट एसोसियेशन डिस्टिक साइकिल एसोसिएशन, श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, तेरापंथ युवक परिषद्,मारवाडी युवा मंच,अखिल भारतीय मारवाडी सम्मेलन आदि उक्त संस्थाओं का है अब तक समर्थन प्राप्त है।

### वाहनों पर बकाया टैक्स एकमुश्त जमा करने पर अर्थदण्ड में छूट



**अररिया** । राज्य सरकार टैक्स डिफॉल्टर वाहनों के लिए बकाया रोड टैक्स एकमुश्त जमा करने पर अर्थदण्ड छूट का लाभ दे रही है। टैक्स डिफॉल्टर योजना का लाभ 07 फरवरी, 2024 तक उठाया जा सकता है। परिवहन विभाग ने सर्व क्षमा योजना के तहत वैसे वाहन मालिक जिनके विरूद्ध नीलाम पत्र दायर है, उन्हें एकमुश्त राशि और अर्थदण्ड जमा करने पर नीलाम पत्र वापस ले लिया जाएगा। नीलाम पत्र पर ब्याज की राशि माफ कर दी जाएगी। इस योजना का लाभ टैक्स डिफॉल्टर निबंधित ट्रेक्टर-ट्रेलर के वाहन मालिक, टैक्स डिफॉल्टर बैट्री चालित वाहन, टैक्स डिफॉल्टर निबंधित एवं अनिबंधित परिवहन व गैर परिवहन वाहन के मालिक और ट्रेड टैक्स डिफॉल्टर वाहन डीलर उठा सकते हैं। सर्व क्षमा योजना का लाभ टैक्स डिफॉल्टर ट्रेक्टर-ट्रेलर के संचालकों को सर्व क्षमा योजना के तहत एक मुश्त 30 हजार रूपये जमा करने पर, उस वाहन पर देय सभी प्रकार के कर एवं अर्थदण्ड से मुक्त कर दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य प्रकार के परिवहन एवं गैर परिवहन वाहन स्वामी जिन्होंने कई वर्षों से अपने वाहनों का पथ कर, हरित कर सहित अन्य प्रकार के कर को जमा नहीं किया है। वैसे वाहन स्वामी, वाहन पर लगने वाले अर्थदण्ड का एक मुश्त 30 प्रतिशत राशि जमा कर अर्थ दण्ड से मुक्त हो सकेंगे साथ ही उनके विरूद्ध यदि किसी प्रकार का नीलाम पत्र वाद दायर है तो उक्त नीलाम पत्र वाद को परिवहन विभाग द्वारा उसे वापस ले लिया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी श्री मनोज कुमार ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा सर्व क्षमा योजना लागू की गई है,n जो डिफॉल्टर वाहनों के लिए बकाया रोड टैक्स एकमुश्त जमा करने पर अर्थदण्ड छूट का लाभ दे रही है। टैक्स डिफॉल्टर योजना का लाभ 7 फरवरी, 2024 तक उठाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला परिवहन कार्यालय, अररिया से संपर्क किया जा सकता है।

**जागरूकता** जिले की बड़ी आबादी अभी भी गर्भनिरोधक की उपयोगिता व महत्व से अनजान, गर्भनिरोध के इस्तेमाल के हैं कई फायदे, लोकप्रिय हो रहा गर्भनिरोध के अस्थायी साधन

# गर्भनिरोध संबंधी उपायों के प्रति जागरूकता को लेकर विशेष अभियान किया गया

**विश्व गर्भनिरोधक दिवस**



**अररिया**। गर्भनिरोध संबंधी उपलब्ध उपायों की जानकारी व इसकी उपयोगिता के प्रति जन-जागरूकता, स्वस्थ प्रजनन व यौन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जरूरी है। इसे ध्यान में रखते हुए हर साल 26 सितंबर को विश्व गर्भनिरोधक दिवस का आयोजन किया जाता है। मौके पर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभिन्न संस्थानों से इसे लेकर जागरूकता रैली, साइकिल रैली व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल से स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा निकाली गयी जागरूकता रैली का सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह, डीआईओ डॉ मोईज, डीपीएम संतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिये रवाना किया। मौके पर डीपीसी राकेश कुमार, डीसीएम सौरव कुमार, पिरामल स्वास्थ्य के संजय झा, राजीव कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

**नियोजन उपायों के प्रति अभी जागरूकता की कमी**: सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि विश्व गर्भनिरोधक दिवस का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को गर्भनिरोध के उपलब्ध संसाधनों की जानकारी देते हुए इसके उपयोग के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में फैमिली प्लानिंग व अनचाहे गर्भ से छुटकारा पाने के लिये कॉन्ट्रासेप्शन का इस्तेमाल बढ़ा है। बावजूद इसके जिले की बड़ी आबादी आज भी गर्भनिरोध संबंधी उपायों की उपयोगिता व महत्व से अनजान है। ऐसे लोगों को जागरूक करते हुए गर्भनिरोध के उपलब्ध संसाधनों में अपनी सुविधा मुताबिक विकल्पों के चयन को लेकर प्रेरित व प्रोत्साहित करना इस विशेष दिवस का प्राथमिक उद्देश्य है।

**गर्भनिरोध के इस्तेमाल के हैं कई फायदे**: जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि परिवार नियोजन व गर्भनिरोध संबंधी बातों पर चर्चा करने में लोग आज भी कतराते हैं। जबकि महज परिवार का आकार छोटा रखने ही नहीं गर्भनिरोधक का इस्तेमाल हमें एचआईवी एड्स सहित अन्य यौन संक्रमणों से बचाव के साथ-साथ मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, अनचाहे गर्भ से छुटकारा पाने का एक आसान जरिया है। विश्व गर्भनिरोध दिवस की थीम इस साल विकल्पों की शक्ति रखा गया है।

**लोकप्रिय हो रहा है नियोजन संबंधी अस्थायी उपाय**: डीपीएम स्वास्थ्य संतोष कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों में जिले में नियोजन के अस्थायी उपाय लोग के बीच तेजी से लोकप्रिय हुआ है। एनएफएचएस 05 के आंकडों के मुताबिक जिले में पांच साल के दौरान नियोजन संबंधी उपाय अपनाने वाले परिवार की संख्या में 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जिले में 15 से 49 साल के बीच मां बनने वाली 46 फीसदी महिलाएं किसी न किसी तरह के नियोजन उपायों को अपनाती हैं। वहीं 42 फीसदी महिलाएं नियोजन के लिये आधुनिक तरीकों पर विश्वास करती हैं। स्थायी नियोजन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ कर 36 फीसदी तक पहुंच गया है। वर्तमान में 0.1 प्रतिशत महिलाएं आईयूपीडी, पीपीआईयूडी का इस्तेमाल करती हैं। वहीं 0.9 फीसदी महिलाएं गर्भ निरोधक गोलियों का इस्तेमाल करती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नियोजन के लिये लगभग 05 फीसदी कंडोम या गर्भ निरोधक इंजेक्शन का इस्तेमाल जिले में किया जा रहा है।

## ख़ास ख़बर

### प्रखंड में पोषण माह में पोषण से सम्बंधित प्रदर्शनी कार्यक्रम




**संजीब यादव/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत मंगलवार को पोषण माह पोषण से संबंधित प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जहाँ कार्य क्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रमुख , बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम मे सभी एल एस ,सेविका ,सहायिका कार्यालय के द्वारा पोषण से संबंधित तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से संबंधित प्रदर्शनी स्टाल लगाया कार्यक्रम मे नुक्कड़ नाटक के टीम द्वारा पोषण तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित नाट्य कला दिखाया गया।कार्यक्रम मे बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा-06माह से ऊपर के बच्चे का अन्नप्राशन किया गया तथा प्रथम गर्भवती माता का गोद भराई किया गया कार्यक्रम मे स्वास्थ बालक बालिकाओ के प्रतिस्पर्धा के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा बच्चा सहित माता को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम मे बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतगर्त आयोजित पेटिंग प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले किशोरियों को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने पुरस्कृत किया। ।

### श्रीगणेश चतुर्थी पुजनोत्सव हुआ सम्पन्न



**राजकुमार झा/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित सार्वजनिक दुर्गामंदिर परिसर में आयोजित श्रीगणेश चतुर्थी पुजनोत्सव रविवार देर शाम संपन्न हो गया। समापन के दिन प्रातःकाल विधिवत पूजन के पश्चात हवन के साथ पुजा अर्चना की गई। पुजारी पंडित कुलानंद झा के सानिध्य में हुए हवन में गणेश पुजा कमिटी के सदस्यों सहित कई श्रद्धालु सामिल हुए। संध्याकाल श्री गणेश जी को भावभिनी बिदाई देकर भव्य रुप से विसर्जन जुलूस निकाली गई। गाजे बाजे और आतिशबाज़ी के बीच निकली विसर्जन जुलूस एस एच 91 के रास्ते मुख्य बाजार, बस पडाव, ब्लॉक चौक, हाईस्कूल चौक सहित कई स्थानों पर रूकी, जहां सड़क किनारे खडे श्रद्धालुओं ने प्रतिमा दर्शन किया और सुख, समृद्धि व शांति की कामना की, भारी संख्या में भक्तजनों के साथ विसर्जन जुलूस चुन्नी पंचायत स्थित सुरसर नदी पहूंची, जहां नम ऑखों से श्री गणेश सहित ऋद्धि सिद्धी की प्रतिमा का नमन, वंदन व आरती की गई तत्पश्चात जयकारा लगाते प्रतिमाओं को जल में प्रवाहित कर दिया गया, गणेश चतुर्थी पुजनोत्सव को लेकर मुख्यालय में बीते पांच दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान का दौर चलता रहा, जहां प्रातःकाल व संध्याकालिन पुजा अर्चना व पुष्पांजलि के अलावे धूपडांस व रंगोली की धूम मची रही, आयोजन को सफल बनाने में गणेश पुजा कमेटी सहित स्थानीय यूवाओं एवं बाजार वासियों का सराहनीय योगदान रहा।

### विशालकाय अजगर सांप मिलने से गांव में अफरातफरी का माहौल, वन विभाग की टीम ने पकड़ा



**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के भीमपुर वार्ड 12 में मंगलवार की सुबह एक विशाल काय अजगर सांप मिलने से गांव में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि कौवे की आवाज पर गांव के कुछ लोगों ने अजगर को एक निम के पेड़ पर देखा। उसके बाद हो हल्ला के बाद आसपास के लोग जुटे और अजगर को देखने के बाद लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया। दूसरी ओर इस अजगर को देखने सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों को डर भी लग रहा था, इस कारण अजगर के करीब लोग नहीं पहुंच पा रहे थे। हालांकि अजगर अचानक कहां से आया यह किसी को भी पता नहीं चला पाया है। बहरहाल, कुछ युवकों ने हिम्मत जुटाई और अजगर के पास ही डटे रहे। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दिया। जहां सूचना के आधार पर प्रशासन ने वन विभाग को सूचित कर दिया है। इस बीच स्थानीय थाना के पुलिस बल भी मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों को समझाया कि अजगर की रक्षा करें। उसे कोई मारे नहीं इसका ध्यान रखें। उसपर नजर रखें कि वह किधर जा रहा है। वहीं मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर सांप को अपने संरक्षण में ले लिया। वन विभाग के अधिकारी ने अपनी टीम के साथ विशाल अजगर को पकड़ा। उसके बाद वन विभाग की टीम ने अपने वाहन से अजगर सांप को सुपौल ले गए। उसके बाद उसे किसी जंगल मे छोड़ दिया जाएगा। मौके पर वन विभाग के पदाधिकारी मिथलेश कुमार सिंह ने बताया कि हमलोग को सूचना मिलने के बाद टीम के अन्य साथी विशाल कुमार के साथ स्थल पर पहुंचे और उसका रेस्क्यू किया गया। उन्होंने बताया कि लोगों की भीड़ काफी तादाद में होने के कारण रेस्क्यू में कुछ परेशानी हुई, लेकिन फिलहाल सांप को पकड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीव की रक्षा हम सबों की पहली प्राथमिकता है। इनके बगैर प्राकृतिक सौंदर्य अधूरा है। जीव के प्रति मानवता रखने वाले सबसे श्रेष्ठ प्राणी होते हैं। इसकी रक्षा नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने जिस प्रकार मानवता दिखाई है। वह प्रशंसनीय है।

# 9 धूर जमीन के लिए दो पक्ष में झड़प, एक की मौत, एक घायल





**नजीर आलम/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में मंगलवार को महज 9 धूर जमीन के लिए दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष देखने को मिला है। गोलीबारी की चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे सख्श की हालत बेहद गंभीर है। मृतक की पहचान परसा निवासी सुखदेव साह के 25 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार साह के रूप में हुई है। जबकि गंभीर रूप से घायल सख्श को भी बेहतर इलाज के लिए सिलीगुड़ी भेजा गया है। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। मृतक और घायल आपस में चचेरे भाई बताए जा रहे हैं। गोली किसने और किसपर पहले चलाई यह खुलासा नहीं हो पाया है। दरअसल दोनों पक्ष के लोग एक-दूसरे पर गोली चलाने का दावा कर रहा है। लिहाजा पुलिस जांच में जुट गई है।बताया जा रहा है कि परसा वार्ड एक निवासी सुखदेव साह और सीताराम साह के बीच महज 9 धूर जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर थाने पूर्व से मुकदमा दर्ज है। मृतक के पिता सुखदेव साह ने बताया कि एक महीना पहले उसने घर के आगे सड़क किनारे कुछ ईट जमा कर रखा था, जिसे आज परिजनों द्वारा हटाया जा रहा था।इसी बीच सीताराम राम साह, संजय कुमार साह, राजू साह और दिलीप साह सहित अन्य लोग मारपीट करने लगे और इस दौरान ईट पत्थर भी चलने लगी। इसी बीच संजय अपने घर गया और बाहर निकला तो मुकेश के मुंह में गोली मार दी। जिससे मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों का दावा है कि मुकेश कुमार गोली मारने के बाद संजय ने खुद को भी गोली मार ली। इधर, शहर के एक निजी किलनिक में इलाजरत 35 वर्षीय ज़ख्मी संजय कुमार साह के पिता सीताराम साह का दावा है कि मारपीट के दौरान पहले मुकेश ने संजय के सीने में गोली मारी और फिर खुद को भी मुंह में गोली मार कर आत्महत्या कर ली है। बहरहाल घटना की सूचना पर सुपौल सदर थानाध्यक्ष प्रभाकर भारती ने अस्पताल पहुंचकर दोनों पक्षो से घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता अभियान का आयोजन



**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले के त्रिबेनीगंज अनुमंडल में अनूपलाल यादव महाविद्यालय में "स्वच्छता ही सेवा है" अभियान के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जयदेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.विद्यानंद यादव द्वारा चयनित ग्राम नगर परिषद लतौना उत्तर,वार्ड नंबर 20, मुसहरी टोला, त्रिवेणीगंज में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।प्राचार्य महोदय चयनित ग्राम वासियों को स्वच्छता का संदेश दिए कि-"स्वच्छता में ही ईश्वर का वास है", तरह-तरह की बीमारियां एवं संक्रामक रोग से बचने के लिए अपने आसपास को स्वच्छ रखना आवश्यक है। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक से फैलने वाले प्रदूषण के बारे में ग्राम वासियों को बताया।स्वयं सेविका रिया भारद्वाज स्वच्छता एवं प्लास्टिक से फैलने वाले प्रदूषण से ग्राम वासियों को अवगत कराई।कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर विद्यानंद यादव ने बताया कि स्वच्छता के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है।हमें अपने महापुरुषों के"स्वच्छ भारत के सपना" को साकार करना चाहिए। स्वयं सेवकों द्वारा मोहल्ले का प्लास्टिक चुनकर इकट्ठा किया गया और झाड़ू लगाकर सफाई का कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा ग्राम वासियों और स्वयंसेवकों को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार, तृतीय इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर शंभू यादव, पूर्व स्वयंसेवक रणजीत सिंह, अजय कुमार के साथ स्वयंसेवक रिया भारद्वाज,अनिका शर्मा,विनीका शर्मा, प्रिया राज, शिल्पी ज्योति,नीतू कुमारी, पार्वती कुमारी, शुभम कुमार, खुशबू कुमारी, पूजा कुमारी, मनीषा कुमारी, इंद्रजीत कुमार, निशांत कुमार, रोशन राज, खुशबू कुमारी तथा अन्य सम्मिलित हुए।

## मूसलाधार वारिश होने से महुआ-मझारी सड़क मार्ग ध्वस्त



**डॉ0विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड में बीते कुछ दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश के कारण महुआ से मझारी जाने वाली मुख्य मार्ग ध्वस्त हो गया है। जिससे मझारी सहित दर्जनों गांव का प्रखण्ड मुख्यालय आवाजाही करने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दर्जनों बाइक चालक ध्वस्त हुए सड़क के कारण मझारी से एनएच 57 होकर भुतहा चौक होते हुए निर्मली जाते दिखे एवं लोगो को ध्वस्त सड़क से होकर आवजाही में परेशानी होती है। सड़क संपर्क भंग होने के कारण लोगो की परेशानी बढ़ गई है। तीन एवं चार चक्का वाहन को 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर प्रखण्ड एवं अनुमंडल मुख्यालय जाना पड़ता है। उक्त सड़क मार्ग सीधे प्रखण्ड मुख्यालय को जोड़ती है। जिससे होकर प्रतिदिन दो चक्का वाहन से लेकर सैकड़ो वाहन आवाजाही करते है। स्थानीय ललित कुमार आर्य, विनोद यादव, पप्पू कुमार, संतोष पासवान, अरविंद पासवान, चलितर यादव, नरेंद्र कुमार यादव, भूपेंद्र आर्य, दिनेश यादव, सुबोध कुमार आदि लोगो का कहना है की बरसात के महीने में अक्सर सड़क ध्वस्त हो जाता है। शिकायत के बावजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नही दे रही है। पिछले वर्ष हुए ध्वस्त सड़क की मरम्मत नहीं होने के बाद लोगों ने अपने श्रमदान से सड़क का मरम्मत कराया था। जबकि इस सड़क से होकर प्रतिदिन पुलिस की गाड़ी एनएच 57 पेट्रोलिंग के लिए जाती है लेकिन जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अधिकारी तक सभी इसको अनदेखी कर पल्ला झाड़ देते हैं। आज तक कोई इसपर संज्ञान नही लिया है।

## स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हुई साप्ताहिक बैठक



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह के अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। जहां बैठक में उपस्थित एएनएम को निर्देश दिया गया कि 9 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ होने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम होना तय है। जिसके सफलता हेतु सभी एएनएम आशा फैसिलिटेटर सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम हेतु चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्र पर आशा के माध्यम से घर-घर सर्वे करा कर सर्वे तथा ड्यूलिस्ट तैयार कर कार्यालय में जमा करें। ताकि माइक्रो प्लान बनाकर जिला मुख्यालय को भेजा जा सके। इसके साथ ही साथ प्रथम तिमाही का मासिक प्रतिवेदन की समीक्षा भी की गई। समिक्षोपरांत देखा गया कि जिस स्वास्थ्य उपकेंद्र का लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि नहीं है। वैसे स्वास्थ्य उप केंद्र को चिन्हित करते हुए संबंधित पर कार्रवाई की गई। इसके साथ ही उन्हें निदेशित किया गया कि द्वितीय तिमाही की समीक्षा जब कि जाएगी। तब यदि उसमें लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि नहीं पाई जाती है तो संबंधित एएनएम पर कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारी को लिख दिया जाएगा। साथ ही साथ सभी एएनएम को यह भी निर्देश दिया गया कि दिनांक 27 सितम्बर 2023 को एनडीडी कार्यक्रम का मोपअप राउंड चलाया जाएगा। जिसमें 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी छूटे हुए बच्चों को शतप्रतिशत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ हीं इसका प्रतिवेदन ससमय कार्यालय में जमा करेंगे। बैठक में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अभिलाष कुमार वर्मा, बीएम&ई चंदन कुमार, बीसीएम हरवंश कुमार सिंह, बीएमसी यूनिसेफ हिमांशु कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर में उपस्थित थे।

### उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में मेगा क्रेडिट ऋण वितरण कैम्प का हुआ आयोजन






**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार भवन, सुपौल में मेगा क्रेडिट ऋण वितरण कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग विभाग के उप सचिव के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया गया एवं महाप्रबंधक/परियोजना प्रबंधक/उद्योग विस्तार पदाधिकारी, जिला उद्योग केन्द्र, सुपौल एवं विभिन्न बैंकों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त कैम्प में विभिन्न बैंकों के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लाभुकों को ऋण स्वीकृति एवं भुगतान से संबंधित पत्र का वितरण किया गया। ऋण वितरण से संबंधित विवरणी बैंकवार निम्न प्रकार है यथा भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना 06, प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना 09 लाभुक एवं पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना 01 लाभुक, बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना 04 लाभुक बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना 01 लाभुक केनरा बैंक के द्वारा प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना 01 लाभुक आई०डी०बी०आई० बैंक के द्वारा प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना 01 लाभुक उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना 02 एवं प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना 03 इस प्रकार कुल 28 लाभुकों को ऋण भुगतान से संबंधित स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की कार्रवाही समाप्त की गई।

### अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से निकाला गया साइकिल रैली



**डॉ0विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड में विश्व गर्भनिरोधक दिवस को लेकर निर्मली अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से काउंसेलर सरिता कुमारी के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली गई। विश्व जनसंख्या दिवस पर लोगों को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक किया गया और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर जनसंख्या नियंत्रण पर जोर दिया गया। मौके पर डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को लेकर लोगों को जागरूक करने के मकसद से ये दिवस मनाया जाता है। लोग परिवार नियोजन की योजनाओं को अपनाएं।इस दौरान सरिता कुमारी ने बताया विश्व गर्भनिरोधक दिवस को लेकर अस्पताल परिसर से साइकिल रैली निकालकर निर्मली भ्रमण की गई । उन्होंने बताया कि गर्भनिरोधक के बारे में लोगों को जागरूक की गई और परिवार नियोजन की महत्ता को लोगों को समझना है। महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने एवं मातृ , शिशु मृत्यु दर कम करने जनसंख्या नियंत्रण करने अनचाहे गर्भ से मुक्ति हेतु नारेबाजी के साथ भ्रमण करते हुए लोगों को जागरूक किया गया है। मौके पर अस्पताल प्रबंधक निखत जहां परवीन, सहित एएनएम व अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा व्यपार प्रकोष्ट द्वारा मनाया गया पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती



**डॉ0 विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली नगर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री तरुण कुमार जैन जी के आवास पर पार्टी के नगर अध्यक्ष श्री हीरानंद झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। भाजपा नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए उनके जीवन से सबंधित यादों को साझा किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। मौके पर मोहम्मद सद्दाम शिवचंद्र भगत, नन्नू झा, उद्योग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक मंडल युवा नेता नीतीश कामत एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

**परेशानी** — दुकानदार अपने दुकान के आगे विभिन्न प्रकार के सामान रखकर सड्के को अतिक्रमण कर लिया

## अतिक्रमण से होती परेशानी प्रशासन हुआ मौन



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किशनपुर बाजार में अतिक्रमण के चलते सड्के दिनों दिन सिकुड्ती जा रही है। जिससे बाजार आए लोगों को प्रतिदिन घंटों सड़क जाम की समस्या से परेशान होना पड़ता है। बाजार के सभी सड़कों मे दुकानदार अपने दुकान के आगे विभिन्न प्रकार के सामान रखकर सड्के को अतिक्रमण कर लिया है। जिससे बाजार में चलने वाले विभिन्न वाहनों को आने जाने में काफी परेशानी होती रहती है। आए दिन जाम की समस्या से राहगीर परेशान रखता है और प्रशासन मूकदर्शक बनकर देखते रहते हैं। जिससे आम आवाम को दिन प्रतिदिन जाम से जूझना पड़ता है। किशनपुर बाजार के बीचोबीच गुजरने वाले एनएच 327 ए सरकार के नजर में बहुत ही चौड़ी है। लेकिन सड़क के दोनों तरफ बसे दुकानदार के द्वारा अपने दुकान के आगे 10 फीट तक सामान को दिखाने के लिए रखे हुए हैं। जिससे सड़क सिकुड़ जाती है और लोगों को परेशानी होती है इसके अलावा किशनपुर गणपतगंज पथ का भी यही हाल है दोनों तरफ बसे दुकानदार अपने दुकान के आगे विभिन्न प्रकार के समान रखकर सड़क को छोटी कर देती है। जिससे सड़क से गुजरने वाले ई रिक्शा मोटर साइकिल सहित विभिन्न वाहनों को प्रतिदिन जाम के समस्या से घंटो जूझना पड़ता है। इसको लेकर लोगों के द्वारा कई बार प्रखंड प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए आग्रह किया गया है। लेकिन जिला प्रशासन भी अतिक्रमण हटाने में विफल साबित हो रहा है। जिससे प्रतिदिन लोगों का आक्रोश प्रशासन के विरोध बढ़ता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन को भी जाम का सामना नहीं करना पड़ता है। कई दिन प्रशासन भी जाम में फंसते हैं लेकिन किसी तरह से अपने वाहन को निकालकर चले जाते हैं वही लोग किशनपुरा बाजार आने से पहले ही पता कर लेते हैं कि अभी किस रोड में जाम लगा हुआ है। इसके अलावा प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न सड़कों पर ई रिक्शा वाला भी सवारी बैठाने के लिए बीच सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी का इंतजार करते हैं। जिसे भी देखने वाला कोई नहीं है बाजार निवासी सुरजीत कुमार उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि हम लोगों के द्वारा कई बार प्रखंड प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन को लिखित आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने के लिए आग्रह किया गया है। लेकिन जिला प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिसका नतीजा है कि किशनपुर बाजार आए राहगीर को प्रतिदिन घंटो जाम का सामना करना पड़ता है। इस बाबत सीओ रविकांत ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन को लिखा जाएगा और जिला प्रशासन के सहयोग से बहुत जल्द ही अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## जलकुंभी उपजाऊ भूमि को बना रही बंजर, किसान परेशान



**डॉ0विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड में मझारी पंचायत के महुआ गांव से पूरब मारियाना नदी में तकरीबन 200 एकड़ जमीन पर जलकुंभी से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण करीब 5 साल से जलजमाव की समस्या बनी हुई है। किसानों को अपनी भूमि रहने के बावजूद भी खेती के लिए कई आर्थिक संकटों से जूझना पड़ता है। किसान विनोद यादव, जयप्रकाश यादव, दिनेश यादव, लाल यादव, घुरन कुमार आदि ने बताया कि बीते 5 वर्षों से गांव से पूरब मरियाना नदी में जलकुंभी का आतंक से खेत बंजर हो गया है। बरसात के महीने में तिलयुगा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से नदी के पीछे होकर पानी गांव तक प्रवेश कर जाता है। जिससे सुख रहे जलकुंभी फिर से ललहाने लगती है। बताया कि 2017 के बाद में दूसरे इलाके से बड़ी संख्या में जलकुंभी तैरते हुए उक्त स्थल पर आ गया। कीटनाशक दवा देने के बावजूद भी जलकुंभी का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। लोग चाहकर भी खेती लायक भूमि में खेती नहीं कर पा रहे हैं। किसानों को भूमि रहते फिर भी खेती लायक भूमि पर जलकुंभी उग गया है। जिस कारण किसानों की खेती चौपट हो गई है। किसानों को एक अदद फसलों के लिए ललाइत होना लाजिमी है। किसानों को अपनी भूमि रहने के बाद भी खेती के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर हैं। हालांकि 2017 से पूर्व उक्त भूमि पर अच्छी उपज होती थी। जिससे किसानों में हमेशा खुशी का माहौल व्याप्त था। बता दे की किसानों को सैकड़ों एकड़ बंजर भूमि पर जलकुंभी उगे जमीन को बचाया जा सकता है। अगर एक नाले का निर्माण कार्य कराया गया तो एक बार फिर किसानों के चेहरे पर फिर रौनक लौट सकती है और किसानों को खेती लायक भूमि पर खेती होगी। जिससे हजारों किसान खुशहाल जीवन यापन करेंगे।

## ख़ास ख़बर

### अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर एसटीएफ के नेतृत्व में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** संझौली प्रखंड के उदयपुर पंचायत अंतर्गत विशेष कार्य बल (एस.टी.एफ.) के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन कर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमे पाया गया की ग्राम- बारहखाना के तीन उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपभोग करने को लेकर लाल बहादुर सिंह पर 14460, प्रभा देवी पर 16059 एवं लालमोहर सिंह पर 4654 रुपए आर्थिक दंड लगाई गई है। ऊक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है, वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। एसटीएफ सासाराम के सहायक विद्युत अभियंता रिशिका कुमारी के द्वारा उपभोक्ताओं से आग्रह की गई है कि जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत संझौली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह में 53 व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ऊक्त जांच दल में जेई संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के साथ क्षेत्रीय मिस्त्री राम अवधेश प्रजापति, रविन्द्र सिंह, कमालुद्दीन अंसारी मौजूद थे।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक शुभ भाष्कर संवाददाता, नोखा/रोहतास।** स्थानीय प्रखंड के हथिनी ग्राम पंचायत स्थित उच्च विद्यालय , हथनी में वर्ग 9 ,10, 11 एवं 12 के छात्र-छात्राओं को "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता के प्रति छात्र एवं छात्राओं को जागरूक किया गया 1 इसकी जानकारी देते हुए लोहिया स्वच्छता मिशन के प्रखण्ड समन्यवयक आलोक आनंद ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा है के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।साथ ही बच्चों एव ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई।मौके पर जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार, शिक्षक अनिल , अमन, सहित सभी शिक्षकों की उपस्थिति में पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक भानु कुमार धेमेंद्र शर्मा,महेंद्र सिंह,संजय राम, विश्वनाथ सहित एवं नोखा प्रखंड के प्रखंड समन्वयक ने भाग लिया तथा बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया एवं छात्र-छात्राओं से स्वच्छता का नारा तथा शपथ भी दिलाई गई 1

### नोखा में जन संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी रहेंगे उपस्थित

**दैनिक शुभ भाष्कर संवाददाता, नोखा/रोहतास।** प्रखंड के हथिनी पंचायत के हथिनी पंचायत सरकार भवन पर जिलाधिकारी का जन संवाद कार्यक्रम किया गया जाएगा। जो कि बुधवार को 11:30 बजे हथिनी गांव में स्थित पंचायत सरकार भवन पर पहुंचेंगे। जहां पर की स्थानीय प्रखंड के सभी अधिकारी और जिला के आधिकारी की उपस्थिति में जन संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। जहां पर की अब तक विकास किए गए कार्यों की जानकारी लोगों के बीच रखी जाएगी। वहीं पर सरकार द्वारा लोगों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी अधिकारियों द्वारा दी जाएगी। वीडियो मनोरमा कुमारी ने जानकारी देते हुए कहा कि जिलाधिकारी 11:30 बजे हथिनी गांव में पहुंचेंगे। जिसकी तैयारी कर ली गई है।

### बैंक जालसाजी एवं धोखाधड़ी में चार जेल

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिले के नटवार थाना क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक की शाखा नटवार से सोमवार की दोपहर में कागज का बंडल नोट से बदलने के क्रम में पब्लिक द्वारा एक जालसाजी के आरोपी को पुलिस को सौंपा गया। रोहतास जिला के शिवसागर थाना क्षेत्र के गिरधरियां गांव निवासी चंद्रिका पाण्डेय के पुत्र जानू पाण्डेय से पूछताछ के क्रम में अपनी संलिप्तता स्वीकारते हुए । अन्य तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसमें पटना जिला के बख्तियारपुर निवासी रामवतार पाण्डेय के पुत्र रामपुकार पाण्डेय, नालंदा जिले के गिरयांव थाना क्षेत्र के पोखरपुर गांव निवासी स्व० राजेश्वर पाण्डेय के पुत्र अनिल पांडेय, शिवसागर थाना क्षेत्र के गिरधरियां गांव निवासी चंद्रिका पाण्डेय के पुत्र विकास पाण्डेय को पच्चीस हजार रुपए कैश, एक मोटरसाइकिल एक चार चक्का फोर व्हीलर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनसे पूछताछ में झारखंड में भी अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है।

### डालमियानगर में आज लगेगा जाब कैम्प

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय डालमियानगर के तत्वाधान में संयुक्त श्रम भवन डालमियानगर में कल 27 सितंबर को जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि इस जॉब कैम्प में आदि चित्रगुप्त फाइनेंस लि०, पटना के द्वारा फाइनेंस के क्षेत्र में ग्राहक मित्र पद पर योग्य आवेदकों का चयन किया जाएगा। बिहार एवं झारखंड के लिए 30 पद है। आवेदक के पास बॉयोडाटा, पते का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षिणक योग्यता प्रमाण पत्र होनी चाहिए। चयनीत आवेदक प्रति माह 11000 सीटीसी + पीएफ ईसईक, एकोमोडेशन इनसुरेन्श एवं अन्य सुविधा प्राप्त करेंगे। आवेदक का उम्र 18-30 वर्ष होना चाहिए। शैक्षिणक योग्यता 12वीं या उससे ऊपर होनी चाहिए। आवेदक के पास बाइक एवं ड्राइविंग लाइसेंव होना अनिवार्य है केवल पुरुष आवेदक भाग ले सकते हैं।

# जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं विधान सभा स्तरीय ट्रेनर का उद्घाटन हुआ





**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलीत कर जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण से संबंधित कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। प्रथम पाली मे पीठासीन पदाधिकारी P1, P2, P3 के दायित्व एवं कार्यों से अवगत कराया गया तथा उनके दायित्व एवं कार्यो मे हुये परिर्वतन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समय प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि आगामी निर्वाचन में पी०सी०सी०पी० नहीं होंगे, ई०वी०एम० एवं मतदान सामग्री मतदान दल को ही प्राप्त करना होगा। इसके साथ ही मतदान के पश्चात् मतदान संबंधी अभिलेखों के सीलिंग एवं स्ट्रॉग रूम में जमा करने संबंधी नवीनतम निदेशों से सभी को अवगत कराया गया। द्वितीय पाली मे सेक्टर पदाधिकारी तथा माईक्रो प्रेक्षक के कार्य एवं दायित्व से सभी को अवगत कराया गया। सेक्टर पदाधिकारी के मतदान पूर्व मतदान दिवस एवं मतदान के पश्चात् दायित्व तथा भेद्यता मानचित्रण मे महत्वपूर्ण योगदान को विस्तृत रूप में बताया गया। माईक्रो ऑबजर्वर की नियुक्ति, दायित्व एवं उनके द्वारा समर्पित किये जाने वाले प्रतिवेदन से जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम को उदघाटित करते हुए प्रशिक्षण के महत्व एवं ज्ञान की शक्ति को महत्वपूर्ण ढंग से रेखांकित किया गया तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों से निर्वाचन संचालन संबंधी हुये महत्वपूर्ण परिवर्तनों से अवगत होने का निदेश दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि जानकारी ही गलती से बचाव का साधन है। इस लिए सभी बिन्दुओं पर स्पष्ट जानकारी प्राप्त करें। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम मे नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी रोहतास, उप निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास, अवर निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहें।

## रेलवे सुरक्षा बल ने मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन,सीपीडीएस, सीआईबी गया की टीम द्वारा संयुक्त रूप से अपराधीक गतिविधि निगरानी के क्रम में समय करीब- 22.30 बजे रेलवे स्टेशन डेहरी ऑन सोन के सर्कुलेटिंग एरिया में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में भागते हुए देखा गया,जिसे मोबाइल धारक पवन कुमार,उम्र- 19 वर्ष, पिता-रूपन राम ,ग्राम- वाभनडी , थाना- बरवाडीह ,जिला- लातेहार ,झारखंड के द्वारा उस व्यक्ति को चोर चोर कहते सुनकर मौके पर ड्यूटी में तैनात संयुक्त टीम द्वारा सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित पीपल वृक्ष के पास पकड़ लिया गया पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम पता - अंकित कुमार उम्र 19 वर्ष पिता अशोक रजक ग्राम तर बांग्ला थाना नगर डेहरी जिला रोहतास बिहार, बताया उससे भागने का कारण पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। संदेह की पुष्टि हेतु उसकी मर्जी के अनुरूप तलाशी लिया गया तो अंकित कुमार के पास से दो अदद एंड्राइड मोबाइल फोन, , बरामद हुआ, जिसके संबंध में पूछने पर बताया कि इंफिनिक्स कंपनी का मोबाइल अभी बुकिंग कार्यालय से चोरी कर भाग रहे थे तथा एक मोबाइल पहले से ही चोरी किया था जिसका प्रयोग स्वयं के लिए कर रहा हूं मोबाइल धारक पवन कुमार द्वारा अपनी मोबाइल का पहचान किया गया 1तथा पकड़े गए व्यक्ति अंकित कुमार अपना अपराध स्वीकार किया जिसके उपरांत बरामद मोबाइलों को उपलब्ध गवाहों के समक्ष जप्ती सूची बनाकर जप्त किया तथा अंकित कुमार को अपराध से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया1 तथा अग्रिम कार्रवाई हेतु राजकीय रेल थाना डेहरी ऑन सोन को सुपुर्द किया गया 1 घटना के संबंध में मोबाइल धारक पवन कुमार के द्वारा एक लिखित शिकायत पत्र राजकीय रेल पी पी डेहरी ऑन सोन को समर्पित किया गया।

## राकेश टिकैत के आगमन को लेकर तैयारी हेतु किसानो ने किया बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** 7 अक्टूबर को जगनारायण उच्च विद्यालय कोआथ के मैदान मे भारतीय किसान युनियन के नेता राकेश टिकैत के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किसानो ने मलियाबाग में मंगलवार को बैठक किया।किसानों ने बताया कि राकेश टिकैत के प्रखंड में आगमन को लेकर क्षेत्र के किसान उत्साहित हैं।. किसान नेता के आगमन से क्षेत्र के कई समस्याओं के समाधान की उम्मिद है।जिसमें कृषि उपज पर एमएसपी मिलने, मलई बाराज का शिघ्र निर्माण कार्य पुरा होने,मलई बाराज से प्रभावित भूमि को डुबने से बचाने हेतु सूरक्षा दिवार बनाने व सेमरी,जमसोना,बभनौल पंचायत के तीन हजार एकड़ भूमि के सिचाई की सुविधा उपलव्ध होने की उम्मिद जगी है।वहीं दावथ में प्रस्तावित बाइपास हेतु अधिगृहित होने वाली भूमि का बाजार मुल्य के चार गुणा मुआबजा की मांग पुरी होने की उम्मिद जगी है।किसान समिति के मिडिया प्रभारी अशोक तिवारी ने बताया कि राकेश टिकैत के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रचार प्रसार की रुप रेखा तय की हुई।जिसमें ध्वनी विस्तारक यंत्र से प्रचार करने,विभिन्न बाजार व चौक पर बैनर लगाने,पम्लेट वितरण करने व समिति के लोग विभिन्न गांवों में जा कर किसानो को कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आमंत्रित करेगें.बैठक में समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया।जिसमें संयोजक उपेंद्र नारायण सिंह ,सह संयोजक रामजी राय,कोषाध्यक्ष परवेज सिद्दिकी, महासचिव रघुनाथ सिंह,सचिव पूर्व नगर अध्यक्ष सोनी खां को बनाया गया। बैठक में सभाचंद चौधरी, श्याम बहादुर, अशोक चौधरी, भिखारी अंसारी आदि शामिल हुए।

## नोखा में आपूर्ति कार्यालय बंद रहने पर लोगो मे आक्रोश व्याप्त



**दैनिक शुभ भाष्कर संवाददाता, नोखा/रोहतास।** स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में स्थित आपूर्ति कार्यालय बंद रहने के कारण लोगो मे आक्रोस व्यक्त किया।प्रखण्ड मुख्यालय पर पहुंचे कई लोगों ने बताया कि कई दिनों से दौड़ लगाने के बाद भी कार्य नहीं हो रहे हैं। वहीं मंगलवार को दर्जनों लोग पहुंचे तो कार्यालय बंद मिला। मार्केटिंग अफसर संजीव कुमार को फोन की गई तो मोबाइल में रिंग होने के बाद भी नहीं फोन पर जबाब नही मिला। कर्यालय कब खुलेगा कोई जवाब नही दे रहा है। इसको लेकर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का आना है की आपूर्ति कार्यालय में दौड़ते रहिए लेकिन कार्य नहीं होता है ।जन वितरण प्रणाली की दुकानदारो की मनमानी चरम पर है। गंगाहर गाव के सरिता देवी ने बताया कि मैं कई दिनों से दौड़ रहा हूं लेकिन यहां कोई सुनवाई नहीं होती। हमेशा कार्यालय बंद रहता है ।इसको लेकर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है ।वहीं सुआरा गाव के बंशी सिह और भवरह गांव से आए कई लोगों ने बताया कि राशन कार्ड के लिए जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा पैसे मांगे जा रही है ।वह आपूर्ति कार्यालय बंद रहती है और परेशानी होती है। कुछ लोगों ने बताया की आपूर्ति कार्यालय में दौड़ लगाने के बाद भी अगर कभी खुला मिल जाता है तो कार्य नही होता है। यह कार्यालय बंद रहती है। जन वितरणों द्वारा बिचलौलिये के माध्यम से कार्ड बनाने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है। जिसको लेकर के लोगों में आक्रोश व्यक्त किया।

### विश्वविद्यालय का पहला जर्नल का विमोचन संपन्न

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम/रोहतास।** रोहतास जिले के जमुहार में स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में आज शाम विश्वविद्यालय का पहले प्रकाशित जर्नल का विमोचन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह, प्रतिकूलपति डॉक्टर जगदीश सिंह ,सचिव गोविंद नारायण सिंह एवं प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया तत्पश्चात प्रकाशित जनरल के संपादन सहयोगियों एवं अतिथियों द्वारा विमोचन कार्यक्रम किया गया ।इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बिहार के निजी विश्वविद्यालय में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय पहला संस्थान है जिसमे अपना जर्नल प्रकाशन हुआ है जो बहुत ही गर्व का विषय है ।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यों से विश्वविद्यालय का मान सम्मान ऊंचा हुआ है एवं आने वाले भविष्य में यह मिल का पत्थर साबित होगा ।इस अवसर पर सचिव गोविंद नारायण सिंह ने जर्नल प्रकाशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसकी आवश्यकता के बारे में उपस्थित लोगों को अवगत कराया ।उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में जर्नल की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक ने कहा कि बिहार और झारखंड में निजी विश्वविद्यालय में एकमात्र संस्थान है जहां जरनल प्रकाशन हुआ है और आगे भी होता रहेगा। कार्यक्रम को प्रतिकूलपति डॉ जगदीश सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अभिषेक कमेन्दु ,परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमार आलोक प्रताप, डीन फैकल्टी ऑफ़ मेडिसिन डॉ मुक्तिनाथ सिंह, डॉ संगीता कुमारी, डॉ मोनिका सिंह, सभी संकायों के अध्यक्ष, शिक्षक गण एवं छात्र उपस्थित थे।

### रोहतास के नये डीएम बने नवीन कुमार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो सुनील कुमार, सासाराम/रोहतास।** राज्यपाल के आदेशानुसार बिहार सरकार के सचिव रचना पाटिल द्वारा जारी लेटर में रोहतास डीएम धर्मेंद्र कुमार का हुआ तबादला। नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के अपर सचिव बनाए गए। जबकि मुंगेर डीएम नवीन कुमार रोहतास के नए जिला पदाधिकारी का दायित्व सौंपते हुए बंदोबस्त पदाधिकारी के अतरिक्त प्रभार दिया गया है ।

### डीएम की अध्यक्षता में ऋण प्रमाण पत्र वितरित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला उद्योग केंद्र रोहतास द्वारा संचालित पईएमईजईपई/ पीएमएफएमई योजना का विभिन्न बैंकों द्वारा दिए गए ऋणों का स्वीकृति वितरण प्रमाण पत्र लाभुकों को वितरित किया गया । इस अवसर पर अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक ,क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारी तथा सभी बैंकों के कोऑर्डिनेटर उपस्थित थे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रोहतास शेखर आनंद द्वारा लाभुकों को ऋण वितरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।इस बैठक में बैंकिंग उप समाहर्ता, उद्योग विभाग के सहायक निदेशक सुश्री शैलजा कुमारी उपस्थित थी।

### आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेला आयोजन किया गया




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** सीएचसी में आयुष्मान भवः कार्यक्रम सह स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में नारायण मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल जमुहार के चिकित्सको द्वारा विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित मरीजों की जांच व इलाज के साथ दवा वितरण किया गया।आयुष्मान कार्ड बनाने के बारे में लोगों को जानकारी भी दिया गया। जानकारी देते हुए प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राजीव कुमार ने बताया, कि सिविल सर्जन रोहतास के निर्देश पर, स्वास्थ्य मेला का आयोजन नारायण मेडिकल कॉलेज जमुहार के चिकित्सकों द्वाराआयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत आयोजन किया गया।

**पशु मेला** काराकाट प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन पर पशु मेला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया

## राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत पशु मेला का आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन पर राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत पशु मेला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। पशु मेला का उद्घाटन केंद्रीय क्षेत्र पटना के क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर दिवाकर प्रसाद के द्वारा किया गया । जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप में बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल रहे। रोहतास जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी राजेश चौबे के द्वारा भव्य कार्यक्रम किया गया। डॉ राजेश चौबे ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर घरेलू उपचार पर ध्यान दिया जाए तो पशु को कोई दिक्कत नहीं होगा । अगर उसके बाद भी रोग में कोई कमी नहीं आती है तो आप स्थानीय पशु चिकित्सक से सलाह ले सकते हैं। वही रोहतास जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने संबोधन में कहा कि चाहे कोई भी रोग हो उससे घबराना नहीं है। समय-समय पर मवेशी डॉक्टर से सलाह लेते रहना है । डॉ राजेश दुबे ने बताया कि लंपि बीमारी बड़ी तेजी से फैली हुई है। जिससे पशुपालक परेशान है पशुपालकों में घबराहट है लेकिन उसे घबराने की जरूरत नहीं है समय-समय पर आप डॉक्टर से सलाह लें नीम के पत्ता को उबाल कर उसी पानी से मवेशी को धोए । हालात का तेल का छिड़काव करें । हल्दी, तुलसी, काला, जीरा, स्नायक का पत्ता, गुड का चूर्ण बनाकर मवेशी को 50 ग्राम सुबह और 50 ग्राम शाम दिया जाए तो लंपी बीमारी से जल्दी छुटकारा पा सकते हैं । एंटीबायोटिक दवाई से बिल्कुल परहेज करें, एंटीबायोटिक हानिकारक भी ही सकती है। पशुओं को बीमार होने पर स्थानीय पशु चिकित्सक से जरूर सलाह ले या घरेलू उपचार करें । उन्होंने कहा कि मवेशी के दूध में फैट की कमी होती है अगर फैट की कमी हुई तो आप उसे कैल्शियम, दें मिनरल, दें । और मच्छर, मक्खी से बचने के लिए फ्लेयन का तेल का छिड़काव करें । तथा मवेशियों के बांधने वाली स्थान पर हमेशा साफ सफाई रखें। मौके पर रोहतास जिला मुखिया संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया सूरत सिंह यादव, जिला परिषद लाली यादव, डॉ प्रदीप कुमार निराला, डॉक्टर दीपक सुवर्ण, डॉक्टर सीएनसी साहित्य पुर जिला के पशु चिकित्सा एवं कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# कचड़ा अपशिष्ठ इकाई के निर्माण स्थल को स्थानांतरित करने की मांग ग्रामीणों ने किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज प्रखण्ड के डिहरी पंचायत के डिहरी गांव के ग्रामीणों ने निर्माणाधीन ठोस एवं तरल अपशिष्ठ प्रबन्धन इकाई के निर्माण को ले बन रहेठोस अपशिष्ठ प्रसंस्करण इकाई स्थल चयन की गुहार एसडीएम,सीओ व बीडीओ से लगाई। ग्रामीण चितरंजन कुमार,देवानन्द प्रसाद,शशिकांत कुमार,सहिमन अंसारी समेत लगभग दो सौ से अधिक ग्रामीणों ने बताया कि उक्त इकाई का निर्माण घनी आबादी में किया जा रहा है।उक्त इकाई में पूरे पंचायत का कचड़ा एकत्रित होगा जिससे ग्रामीणों में प्रदूषण फैलेगा, स्वच्छता मिशन को सफल बनाना इसका उद्देश्य है लेकिन गांव के बीचों बीच इसका निर्माण उक्त मिशन के विरुद्ध है। ग्रामीणों ने उसकी जगह पुस्तकालय,Lmao अन्य निर्माण करने का सुझव भी दिया है।उक्त निर्माण मुखिया के पहल पर किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोष वयाप्त है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पंचायत के मुखिया कृष्ण कुमार सिंह के द्वारा उक्त प्रबन्धन इकाई के आस पास 31 डिसमिल सरकारी अनाबाद भूमि पर अतिक्रमण पूर्व से ही किया जा चुका है जिसे अतिक्रमण मुक्त करने को ले 18 जुलाई को डीएम को ग्रामीणों ने आवेदन दे रखा है। इस सम्बंध में पंचायत के मुखिया कृष्ण कुमार सिंह ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए बताया कि उक्त निर्माण वैध रूप से किया जा रहा है। उनके द्वारा किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं किया गया है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर सीओ अमित कुमार ने बताया कि उक्त इकाई का निर्माण सराकरी भूमि पर किया जा रहा है,और उससे ग्रामीणों को होने वाले लाभ हानि का निर्णय बीडीओ द्वारा लिया जाना है। अतिक्रमण की शिकायत पर जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ मो.जफ़र इमाम ने बताया कि उक्त निर्माण स्थल की निरीक्षण उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## ख़ास ख़बर

### शराब कांड के तीन अभियुक्त भेजे गए जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब मामलों में फरार चल रहे तीन लोगों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल। प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब के मामले में थाना कांड संख्या 269/23 में स्थानीय क्षेत्र के दिलिखिली गांव निवासी बबलू कुमार तो वही इसी थाना क्षेत्र के 129/23 कांड में शराब मामले में फरार चल रहे रामकुवर राम ग्राम कांहपुर और शराब मामले में ही कांड संख्या 130/23 के तहत दिलताफअंसारी ग्राम सरैया को पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल भेज दी।

### संविधान की आड़ में सामंतवादी विचार धारा हो रही पोषित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर(बिहार)।** एक समय था जब बड़े-बड़े जमींदार और बड़े-बड़े स्टेट काश्तकार धन बल के बल पर फरमान जारी करते थे। जिसकी चर्चा बहुत दिनों तक राजनीतिक मंचों पर होती रही। भारत में आजादी के बाद अमूल भूत परिवर्तन हुआ और सामंतवादी लोग और उनकी सोच भी खत्म हुई और सामंतवादी रहन-सहन भी, परिणाम स्वरूप प्रजातंत्र की स्थापना कर, लोकतंत्र को सफल बनाने के पहल पर देश आगे बढ़ा। पर संविधान के नाम जातिवादी भेदभाव की कानूनों, संवैधानिक ढांचे के आड़ में आजकल के राजनीतिक व कुछ छूट भैया नेता द्वारा न पता किसी भी धर्म संप्रदाय जाति को आहत करने के लिए, पता नही क्या-क्या बोल जाते हैं। क्या यह सामंती विचारधारा का घोतक नहीं है। देश का संविधान सबको अपनी अभिव्यक्ति का अधिकार देता है, लेकिन अपनी अभिव्यक्ति को व्यक्त करते समय कुछ भी बोल जाना संवैधानिक नहीं है। ऐसा अपराध के दायरे में आता है। क्या संविधान में यह लिखा गया है कि आप किसी धर्म संप्रदाय मजहब जाति के प्रति कुछ भी बोल जाए, और आप पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, क्या इसकी इजाजत भारतीय संविधान देता है। संवैधानिक अधिकार का ढिंढोरा पिट कर जातिवादी जहर की उत्पादक राजनेताओं को, सामंतवादी सोच रूपी जहर उगलना कहां तक उचित है। क्या इससे देश और समाज का भला हो सकता है। ईश्वर को साक्षी मानकर संविधान की शपथ लेने वाले लोगो को सचमुच देखा जाए, तो पद और पावर में आ जाने के बाद सामंतवादी तरीके से रहन सहन और सामंतवादी विचारधारा से युक्त होकर, फरमान जारी करते हैं। पर खुद कभी पालन नहीं करते हैं। और अपशब्द का इस्तेमाल भी, क्या यह सचमुच संविधान के दायरे में आता है। और यदि हां तो उसे संविधान के नाम पर जहर कहा जाएगा।

### प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीय पोषण मेला आयोजित



**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** दुर्गावती प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में बाल विकास पदाधिकारी संगीता कुमारी की नेतृत्व में दिप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया जिसमें पोषण की जानकारी दी गई तथा मौके पर सही पोषण देश रोशन का नारा बुलंद किया गया।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय पोषण माह में उत्तम स्वास्थ्य एवं शरीर के पोषण स्तर को बढ़ावा देने के लिए योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं को शामिल कर अलग अलग आसन की जानकारी दी गयी और आसन भी कराए गए। बच्चों को अलग आसन, गर्भवती महिलाओं के अलग आसन और धात्री महिलाओं को अलग आसन की जानकारी दी गयी। इसके अलावा लोगों में जागरूकता लाने के लिए योगिक आहार की भी जानकारी दी गयी। बच्चों एवम महिलाओं को बताया गया कि नियमित तौर पर यदि योग किया जाए और योगिक आहार लिया जाए तो शरीर में स्फूर्ति और ऊर्जा बनी रहती है। इस दौरान योग के अन्य फायदे भी बताए गए जैसे योग से मानसिक एकाग्रता बढ़ती है, प्रतिरोधक क्षमता और डिप्रेशन एवम अन्य बीमारियों से भी लड़ने में मदद मिलता है। नियमित रूप से योग करने से लोग अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल कर सकते हैं और फिर अपनी उत्पादकता और रचनात्मकता बढ़ाने में भी मदद मिल सकती है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रिचा मिश्रा दुर्गावती प्रखंड उप प्रमुख प्रेम कुमार गोड , समेत सभी सेविका उपस्थित थे।

# रामगढ़ नगर के आईबी सभागार में लोजपा आर के सदस्यों की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मोहनिया।** अनुमंडल क्षेत्र के रामगढ़ नगर स्थित ईद के सभागार में आज लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के सदस्यों की बैठक आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ प्रखंड के युवा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक पांडे तथा संचालन रामगढ़ नगर अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने किया वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिला अध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता तथा युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राकेश सिंह को फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया वहीं इस बैठक की जानकारी देते हुए संचालन करता पंकज उपाध्याय ने बताया कि आज यहां पर पार्टी के विस्तार के लिए प्रखंड तथा पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर मनोनीत पद दिया जाएगा तथा कई अन्य को सक्रिय सदस्य के रूप में सदस्यता दी जाएगी वही सभा में मौजूद जिला अध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता ने कहा कि लोग आजकल 50 साल के उम्र में भी अपने को युवाओं का नेता बोलते हैं और युवा नेता बोलते हैं लेकिन हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एक युवा नेता है और युवाओं की सोच को समझने वाले बिहार के इकलौते नेता हैं वह उन्होंने तेजस्वी यादव पर पांच करते हुए कहा कि राजद के मेनिफेस्टो में था की हर साल 10 लाख युवाओं को रोजगार देंगे लेकिन सत्ता में आते ही युवाओं का तो रोजगार छोड़िए खुद के रोजगार में जुट गए हैं वह उन्होंने नीतीश कुमार को भी आधे हाथों लिया और कहा कि आज नीतीश कुमार के कारण बिहार का युवा नशे की गर्त में डूबता जा रहा है और हमारे मुख्यमंत्री साहब शराबबंदी करके अपने झूठी पीठ थपथपा रहे हैं वह उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी एनडीए के साथ है और एनडीए के साथ ही आगे की रणनीति तय की जाएगी वही 2024 लोकसभा के चुनाव के सवाल पर पूछे जाने पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह हमारे पार्टी का अंदरुनी फैसला है और इस फैसला को लेने का एकमात्र अधिकार राष्ट्रीय अध्यक्ष को है राष्ट्रीय अध्यक्ष ही तय करेंगे कि हमारी पार्टी कितने सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी वही जिला युवा अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के युवाओं के लिए आदर्श बन गए हैं जहां भी जाते हैं उनसे मिलने के लिए युवाओं की होड़ उम्र पड़ती है और इसको देखते हुए हम या निश्चित कर सकते हैं कि 2025 में बिहार के मुख्यमंत्री चिराग पासवान बनेंगे वहीं उन्होंने कहा कि आज बिहार का 90% युवा वर्ग अन्य राज्यों में जाकर मजदूरी कर रहा है या अन्य कई कार्य कर रहा है जिसके लिए एकमात्र जिम्मेदार वर्तमान सरकार है लगभग 20 साल से नीतीश कुमार कुर्सी पर है लेकिन आज तक युवाओं का पलायन बंद नहीं कर सके ना तो युवाओं के लिए कोई एक रोजगार खड़ा कर सके जिससे कि बिहार के युवाओं का पलायन रोका जा सके इसके लिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान पूरी तरह से वचनबद्ध है और अगर सरकार में आते हैं तो युवाओं के विकास के लिए तथा युवाओं के पलायन को रोकने के लिए निश्चित ही बिहार पर युद्ध स्तर पर कार्य किया जाएगा वही पार्टी को विस्तार करते हुए अनिल शुक्ला को रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष तथा सुमित पांडे उर्फ गोलू पांडे को युवाओं का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया वहीं अन्य सदस्यों में धर्मेंद्र तिवारी अमित कुमार तिवारी मनोज तिवारी अमित कुमार सहित कई अन्य सक्रिय सदस्यों को मनोनीत किया गया।

## 14 सूत्री मांगों के समर्थन में वार्ड सदस्यों ने निकाला आक्रोश मार्च




**कैमूर। शुभ,भास्कर।** बिहार राज्य वार्ड सदस्य महासंघ के आह्वान पर मंगलवार को प्रखण्ड के वार्ड सदस्यों ने आक्रोश मार्च निकाला। यह आक्रोश मार्च कैमूर जिले के मोहनियां के चांदनी चौक स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण कर उनके पार्क से निकलकर मोहनियां प्रखण्ड कार्यालय पहुंचा। प्रखंड के हर पंचायत से आए वार्ड सदस्यों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी करते अपने हक अधिकार की मांग की। आक्रोश मार्च का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष राजू पासवान ने कहां की 9 सितंबर से सूबे बिहार के हर प्रखंड में वार्ड सदस्यों द्वारा आक्रोश मार्च निकाला जा रहा है इसी क्रम में आज मोहनिया प्रखंड का आक्रोश मार्च है। पासवान ने बताया कि 3 अक्टूबर को जिला मुख्यालय के लिच्छवी भवन से आक्रोश मार्च निकाला जाएगा पूरे शहर का भ्रमण कर जिला मुख्यालय गेट पर एकदिवसीय अपनी मांगों को लेकर धरना दिया जाएगा इस आक्रोश मार्च में जिले के हर पंचायत से वार्ड सदस्य मौजूद रहेंगे। अपनी मांग को लेकर अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर कहां की सबसे बड़ी विडंबना है कि प्रखंड कार्यालय के कोई अधिकारी व कर्मी वार्ड सदस्यों को सम्मान नहीं देते हैं जब कभी बैठक होती है तो वार्ड सदस्यों को नहीं बुलाया जाता है सिर्फ कार्यकारणी में हस्ताक्षर कराया जाता है यह निंदनीय पूर्ण है। प्रखंड अधिकारियों द्वारा बताया जाता है आप लोगों का कोई अधिकार नहीं है तो मैं यह सरकार से मांग करता हूं कि जब हम लोग का कोई अधिकार नहीं है तो वार्ड सदस्यों का चुनाव क्यों कराया गया। यही नहीं प्रखंड के अधिकारियों के मिली भगत से पंचायत में लूट मची है अधिकारी व मुखिया मिलकर जमकर लूट कर रहे हैं जिसकी शिकायत करने पर हम लोग का कोई सुनने वाला नहीं है। यही नहीं जरा सा कोई वार्ड सदस्य मुखिया या प्रखंड के किसी अधिकारी का खिलाफत करता है तो उस वार्ड सदस्य के ऊपर मुकदमे में फसवा दिया जा रहा है।

## लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को सुलभ



**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी, कैमूर , सावन कुमार के नेतृत्व में मोहनिया प्रखंड के बडुपर पंचायत में जन संवाद बैठक का आयोजन किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनों के साथ स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों उपस्थित हुए। *जिलाधिकारी के द्वारा स्वयं एवं उपस्थित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को सुलभ कराई गई, उनकी प्रतिक्रियाएं एवं फीडबैक भी प्राप्त किए गए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव भी प्राप्त किए गएजनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित आम-आवाम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को स- समय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना साथ ही योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उन योजनाओं का जिले में समुचित तरीके से क्रियान्वयन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत चलाई जा रही महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इसके लिए योजनाओं की जानकारी होना भी अनिवार्य है। जिलाधिकारी स्वयं महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे कन्या उत्थान योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी लोगों को दी। जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा पौधारोपण भी किया गया। उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से आम जनों को एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी सरकार के महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## दम तोड़ती हुई धरातल पर सरकार की शिक्षा व्यवस्था





**दैनिक भास्कर संवाददाता कैमूर सदर, (कैमूर)।** भभुआं भले ही सरकार लाख दावे करे, लेकिन बिहार के सरकारी स्कूलों में स्थिति खराब है। शिक्षा व्यवस्था किस बदहाल स्थिति में है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कैमूर के अधिकांशतः प्राथमिक विद्यालयों में मैदान, पुस्तकालय यहां तक की पर्यापत चारदीवारी भी नहीं है। लगभग किसी भी विद्यालय की शौचालय की स्थिति सही नहीं है अधिकांश शौचालय बंद पड़े मिले बच्चों को शौच के लिए रास्ते में इधर-उधर जाना पड़ता है ।इसी तरह स्कूलों में न तो बच्चे हैं और न ही पर्याप्त शिक्षक, जो हैं भी उनमें से भी कोई गायब रहता है तो कोई छुट्टी पर कुछ विद्यालयों में समय से पहले छुट्टी कर दी जाती है तो कहीं शिक्षक समय से नहीं आते हैं यह हाल तब है जब शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थित 75% और समय से विद्यालय खोलने बंद करने का फरमान जारी किया है कहीं विद्यालय में बच्चे नाले में तैर कर विद्यालय जाते हैं तो कहीं विद्यालय के रास्ते में कीचड़ भरा हुआ है। बहुत सारे विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने विद्यालय में हो रही समस्याओं को बताया।

### 30 लाख रुपए के ऋण न चुकाने की वजह से बैंक ने मकान को लिया कब्जे में



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक की कुदरा शाखा के द्वारा, मंगलवार को लालापुर में एक चावल मिल मालिक के मकान को, 30 लाख रुपए बकाया ऋण की राशि न देने की वजह से कब्जे में लिया गया। उपस्थित पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, ऐसा कार्रवाई चावल मिल के मालिक द्वारा, बैंक का ऋण नहीं चुका पाने के कारण किया गया। संजय कुमार सिंह उर्फ उमेश सिंह पिता संत प्रसाद रोहतास जिला के करगहर थानाक्षेत्र के मूल निवासी चावल मिल मालिक का मौजूदा निवास कुदरा के लालापुर में रहा है। व्यक्ति द्वारा लालापुर में स्थित अपने फर्म सर्वश्री चौहान राइस मिल के लिए पंजाब नेशनल बैंक की कुदरा शाखा से वर्ष 2005 में 27 लाख रुपए का सीसी कराया था। अब उनका चावल मिल भी बंद हो चुका है और उनके ऊपर बैंक के करीब 30 लाख रुपए का ऋण हो गया था। बैंक को ऋणी के मकान की दखल दिहानी के लिए मजिस्ट्रेट के रूप में कुदरा के अंचलाधिकारी पंकज कुमार, स्थानीय शाखा के मुख्य प्रबंधक प्रमोद कुमार, के साथ ही इस कार्य के लिए प्राधिकृत अधिकारी के रूप में पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय आरा से जावेद अकील खान सहभागी रहे। तो प्रशासन की कमान संभालते हुए कार्य में सहयोग के लिए कुदरा थाना के सहायक अवर निरीक्षक अशोक राय के दलबल के साथ मौजूद रहे।

### महावीर मंदिर हाटा के प्रांगण में हुए सुंदरकांड के पाठ





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर।** कैमूर जिले के चैनपुर के हाटा के चौहान टोला स्थित महावीर मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। क्षेत्र में सुप्रसिद्ध क्लासिकल कलाकार स्वर्गीय सोहनलाल के द्वारा 70 वर्ष पूर्व शुरू किए गए परंपरा को उनके बाद प्रतिवर्ष उनके पुत्र मोतीलाल मोदनवाल के द्वारा भव्य तरीके से कराया गया। राधा अष्टमी के मौके पर विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा सुंदरकांड व सुप्रसिद्ध गायको के द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम किया गया। मौके पर सिंहासन प्रसाद जायसवाल, हीरालाल मोदनवाल, विजय सिंह मोदनवाल, स्वामीनाथ मोदनवाल, सुभाष मोदनवाल सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे। पूजन के समाप्ति के बाद हजारों लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया।

### भाजपा के कार्यकर्ताओं ने चलाया पखवाड़ा अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के तत्वाधान में पखवाड़ा एवम साप्ताहिक कार्यक्रम के अंर्तगत दिनांक 26 9 23 को दलित बस्ती रोहुआ कला धरहरा दलित मुसहर टोली सहित अन्य दलित बस्तियों में, पखवाडा दिवस के तहत मिलकर भारत सरकार के योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अभियान के तहत रामगढ़ विधानसभा दुगावती मंडल में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा कैमूर के देख रेख में डॉक्टर राम राज भारती जनसंपर्क करते हुए, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा दलित उत्थान के लिए दी गई राशि और उपलब्धियों को सफलता पूर्वक समझाया। और बताते हुए कहा दबे कुचले का उत्थान देश का उत्थान है। कांग्रेस अपने शासन काल में नहीं कर सकी उसी से आहत होकर डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। नारी का उत्थान देश का उत्थान है। उस काम को भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी ने नारियों को आरक्षण देकर पूरे देश का सम्मान बढ़ाया।

### विद्युत चोरी मामले में तीन पर प्राथमिक की दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांव से बिजली चोरी के मामले में तीन पर प्राथमिकी दर्ज ।मिली जानकारी के अनुसार दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र में विद्युत ऊर्जा अभियान के तहत एक टीम गठित की गई जिसमें कनिय विद्युत अभियंता रामाकांत सिंह विद्युत आपूर्ति प्रशाखा चौरसिया एवं मानव बल नंदू सिंह, सत्येंद्र खरवार, नंदलाल राम, संजय कुमार यादव, पिंटू कुमार, जाहिद अंसारी इत्यादि शामिल थे गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल के द्वारा तीन अलग-अलग जगह पर छापेमारी किया गया जिसमें शाहजहां खान पिता वकील खान ग्राम बिछिया अवैध तरीके से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने के लिए फाइन के तौर पर 8792 रुपए जुर्माना लगाया गया वहीं दूसरी तरफ छापेमारी दल की टीम रासबिहारी तिवारी पिता राम मूरत तिवारी ग्राम मसौढा अवैध तरीके से बिजली जलाने के लिए जुर्माने के तौर पर 29607 रुपए एवं एवं गठित छापेमारी दल करारी गांव के ओवैसी खान पिता मकसूद खान एलटी लाइन में तार जोड़कर अवैध तरीके से विद्युत ऊर्जा चोरी करने के लिए जुर्माना के तौर पर 23552 रुपए का अर्थ दंड लगाया गया|

गंदगी | राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन अभियान पर पानी की तरह बहाएं जा रहे राशि में बंदरबांट तो नहीं

# ओडीएफ घोषित होने के बाद भी गांव के बाहर और भीतर लगा है गंदगी का अंबार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही है गांव व नगर शहर की सड़कें। यदि स्थल पर देखा जाएं तो सरकार द्वारा चलाए जा रही कोई भी अभियान वास्तव में नगण्य दिख रहा है। हां अभियानों के नाम पर कुछ लोगों विशेष लोगों का खजाना अवश्य भर रहा है। बता दें कि दुर्गावती प्रखंड में पहुंचे अवरहियां पंचायत के सफाई कर्मियों ने, लिखित आवेदन के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी रिचा मिश्रा के यहां पहुंच, सफाई में उपयोग किए जाने वाले किट की मांग कीया। सफाई कर्मियों ने बताया कि पंचायत के मुखिया से जब सफाई किट की मांग की जाती है, तो वह किट देने की वजह हम लोगों को भगा देते हैं, और कड़े शब्दों में डाटते हैं ।जिससे संबंधित शिकायत लेकर पहुंचे प्रखंड मुख्यालय सफाई कर्मी ने संसाधन उपलब्ध कराने की गुहार लगाई। बता दें कि भारत सरकार के चलाए गए स्वच्छता अभियान के तहत प्रखंड के सारे पंचायत को ओडीएफ घोषित किया गया था। लेकिन आज यदि देखा जाए तो हर पंचायत के मुख्य द्वार पर रास्ते पर और गांव नगर शहर की गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है । कागजी कार्रवाई कर प्रशासन अपनी पीठ थपथपा आज तक मुक दर्शक बना हुआ है । गांव में फैली हुई गंदगी का जिम्मेवारी न पंचायत के प्रतिनिधि निभा रहे हैं, न शासन के जिम्मेदार अधिकारी। जिसका नतीजा है कि करोड़ों करोड़ खर्च करने के बाद भी भारत सरकार की यह योजना धरातल पर पूरी तरह से निष्क्रिय दिखाई दे रही है। आज इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी रिचा मिश्रा से जब स्थानीय संवाददाताओं ने जानकारी लेनी चाहि, तो उनका जवाब था मैं नेता नहीं इसकी जिम्मेदारी मेरी नहीं है। मैं कोई बयान इस संबंध में नहीं दे सकती। आखिरकार यदि देखा जाए तो स्थानीय स्तर पर हो रहे अनियमितता संबंधी यदि जानकारी संवाददाता ही नहीं जनता भी लेना चाहे तो ऐसा कह कर टाल देना क्या उचित है। सरकार के द्वारा योजनाएं चलाने का सिलसिला आज भी जारी है। लेकिन जो योजनाएं धरातल पर सुरक्षित रहे यह किसकी जिम्मेवारी होगी। प्रशासन क्या सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को मूर्त रूप देकर शासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेवारी समाप्त समझता है।

# कैमूर में महिला आरक्षण बिल पर जमकर हमला बोलीं राजद महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल






**दैनिक शुभ भास्कर, भभुआ।** रितु जायसवाल ने महिला आरक्षण पर बीजेपी पर जम कर हमला बोला,उन्हों ने कहाँ की बीजेपी महिलाओं को ठगने की काम कर रहीं हैं। पहलें लड्डू दिखती हैं। फिर थाली से लड्डू हटा लेती हैं। महिलाएँ 2024 में बीजेपी को इसकी जवाब देंग कैमूर जिला लिच्छवी भवन भभुआ में महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय जनता दल के तत्वाधान में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया इस सभा में कर रही अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लक्ष्मी यादव संचालन कर्ता जिला प्रधान महासचिव भोला नाथ सिंह इस सम्मेलन के उदघाट्न कर्ता महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल जी एवं मुख्य अतिथि भभुआ विधानसभा के विधायक भरत बिंद जी तथा विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष अकलु राम साथ हीं इस सभा उपस्थित महिला प्रकोष्ठ के जिला, प्रखंड/ नगर एवं पंचायत पदाधिकारी गण साथ हीं उपस्थित रीना गुप्ता, राम रति देवी, नेहा देवी, कंचन देवी, रीना देवी, चिंता देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, प्रियंका देवी , लक्ष्मीना देवी, मुराही देवी, मिरा देवी, तारा देवी, ललिता देवी, मुनिया देवी आदि महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण उपस्थित हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जी का फुल माला से गर्म जोशी के साथ स्वागत हुआ और भीम राव अम्बेडकर जी तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कि साथ हीं प्रदेश अध्यक्ष ने महिलाओं को जागरूक करते हुए भाजपा सरकार के काले करतूतों को सबके सामने रखा और सभी जिला, प्रखंड, नगर और पंचायत कमिटीयों को बनाकर पटल पर दिखाने का सख्त निर्देश दिए जिसमें उपस्थित मिलन कुशवाहा, नंदकुमार, पवन बिंद, जिला मिडिया प्रभारी अशोक यादव कैमुरी, नथुनी यादव, ब्रजेश यादव, मुकेश पटेल, सुबास यादव, बनारसी यादव, बिरजू पटेल, मुन्ना खान, बैरिस्टर यादव, जगनारायण यादव, मुन्ना सिंह, सलमान खान, जनार्दन उपाध्या आदि राष्ट्रीय जनता दल कैमूर के तमाम पदाधिकारी लोग उपस्थित हुए।

## ख़ास ख़बर

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** मरदह थाना पुलिस को सफलता मिली है।पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 26.09.2023 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 161/23 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त महबूब पुत्र स्व0 मुन्ना निवासी ग्राम नसीराबाद खुर्द थाना हलधरपुर जनपद मऊ को मुखबिर की सूचना पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे अण्डर पास बहद ग्राम हैदरगंज से गिरफ्तार कर लिया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद नाजायज देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ । अभियुक्त को गिरफ्तार क नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

### नगर पालिका परिषद के चैयरमेन जयप्रकाश गुप्ता डीएम से मिल कर अधिशासी अधिकारी के कृत्यों से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया।** नगर पालिका परिषद के चैयरमेन जयप्रकाश गुप्ता डीएम से मिल कर अधिशासी अधिकारी के कृत्यों से अवगत कराया और कार्रवाई की मांग की। जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि बेसहारा पशुओं के चारो भूसे की व्यवस्था हेतु निकाय के कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय अयोजना के पदनाम से खुले खाता का विवरण उपलब्ध कराने की अपेक्षा स्थानीय निदेशक निकाय द्वारा की गई थी। लेकिन अधिशासी अधिकारी द्वारा कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के पद नाम से खुले खाते का विवरण न देकर गोवंश भर पोषण के नाम के खाते का विवरण निदेशालय को दिया है। जो ठीक नही है। उनके द्वारा दिये गये खाते का संचालक पशु चिकित्साधिकारी जमानिया एवं ईओ जमानियां के हस्ताक्षर से संयुक्त रूप से किया जाता है। खाते में आवंटित धनराशि में से संरक्षित पशुओं के भूसे एवं चारा आदि के लिए दोनों अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। खाते के संचालन से मुझे वंचित रखा जा रहा है। उन्होने डीएम से गलत सूचना देने और खाते के संचालन में उनकी भागीदारी को लेकर पत्रक सौंपा। जिससे एक बात तो साफ है, अभी तक ईओ और चेयरमैन के बीच खींची तलवार मयान में वापस नहीं गई है। यही कारण है कि आरोप–प्रतिआरोप का दौरा जारी है।

### युवती से हूटिंग के मामले में पुलिस ने किया शांति भंग में चालान

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के डील्ला गांव में विवाहिता अपने खेत धान के खेत में सोहनी कर रही थी तभी गांव का लड़का खेत में हूटिंग किया जिसको लेकर विवाहिता ने दुल्लहपुर थाने में नामजत तहरीर दी। जिसमें पुलिस ने युवक आदित्य का शांति भंग में चालान कर दिया। थाना अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक आए दिन महिला को बोली बोलता था जिस पर शांति भंग की कार्रवाई की गई।

### जन कल्याण संघर्ष सीमित के अध्यक्ष,ने डीएम से यथाशीघ्र पानी की टंकी का मरम्मत कर चालू करने की मांग

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** भुडकुड़ा थाने के अलीपुर मदरा गांव में स्थित डीह बाबा के पास लगी पानी टंकी लगभग डेढ़ महीना से पानी की आपूर्ति बंद है ।जिससे लोग काफी परेशान है कई बार खंड विकास अधिकारी जखनिया से कहा गया उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। शुद्ध पेयजल कई सालों से सुचारू रूप से आम जनता को प्राप्त होता रहा है। आज ग्रामीणों को पानी के लिए तरस रहे हैं इधर उधर से पानी लेने को मजबूर है।इस सिलसिले में देवनारायण सिंह अध्यक्ष सर्वदलीय तहसील विकास एवं जन कल्याण संघर्ष समिति जखनिया ने डीएम को सूचना देकर यथाशीघ्र पानी टंकी की मरम्मत कर चालू करने की मांग की है।

### शासन के निर्देश से क्षेत्र में गड्ढा मुक्ति कार्यक्रम में हुई तेजी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, जखनियां गाजीपुर।** शासन के निर्देश से क्षेत्र में गड्ढा मुक्ति कार्यक्रम हो गई तेज हो गई। बता देंगे गाजीपुर आजमगढ़ राजमार्ग पूरी तरह से गिट्टी डालकर नई सड़क बनाने का कार्य काफी तेजी से किया जा रहा है साथ ही जखनिया से फदूधपुर जाने वाली मार्ग पर भी गिट्टी डालकर गड्ढे मुक्ति का कार्य जोरों पर चल रहा है ।इसके अलावा जखनिया से अमारी जाने वाले मार्ग पर भी गड्ढों में गिट्टी डालकर गड्ढा मुक्त किया जा रहा है ।इसके अलावा जलालाबाद शहीद चौक से मरदह जाने वाले मार्ग पर भी गिट्टी डालकर गड्ढा मुक्त करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सीएम का निर्देश आते हर जगह गड्ढा मुक्ति कर काफी तेजी से किया जा रहा है। जिससे आम जनता को अब राहत मिलती हुई नजर आ रही है।

# अधीक्षण अभियंता से मिला विद्युत मजदूर पंचायत का प्रतिनिधिमंडल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** विद्युत मजदूर पंचायत गाजीपुर की अधीक्षण अभियंता से विभिन्न कर्मचारी समस्याओं को लेकर द्विपक्षीय वार्ता हुई संपन्न गाजीपुर। विद्युत मजदूर पंचायत के पूर्वांचल अध्यक्ष एवं प्रदेश अतिरिक्त प्रांतीय महामंत्री निर्भय नारायण सिंह के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल गाजीपुर में पांचों अधिशाषी अभियंता सहित बिलिंग एजेंसी स्टर्लिंग के जोनल हेड अखिलेश कुशवाहा वा संविदा कर्मियों के एजेंसी भारत इंटर प्राइजेज से विजय यादव के साथ विद्युत कर्मियों की तमाम समस्याओं को लेकर वार्ता हुई जिसमें निम्न बिंदुओं पर सहमति बनी। वही वार्ता संपन्न के बाद कर्मचारी नेता निर्भय सिंह ने बताया कि उपकेंद्रों के अनुरक्षण एवं परिचालन में लगे संविदा कर्मियों को माह जुलाई 2023 का वेतन दो दिन के अंदर, अगस्त माह का वेतन अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में तथा सितंबर का वेतन उसके बाद दशहरा से पूर्व निर्गत कर दिया जाएगा। मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे मीटर रीडरों का वेतन 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2023 के बीच में दो माह का भुगतान किया जाएगा। मीटर रीडरों के इपीएफ एवं ईएसआईसी की राशि 15 से 20 अक्टूबर 2023 के बीच में जून 2022 तक का इपीएफ, 15 नवंबर 2023 तक दिसंबर 2022 तक का इपीएफ एवं इस साल के अंत तक संपूर्ण इपीएफ की राशि सभी मीटर रीडरों के खाते में चली जाएगी। सभी संविदा कर्मियों एवं मीटर रीडरो को जॉइनिंग लेटर एवं ईएसआईसी हेल्थ कार्ड 15 दिन के अंदर वितरित कर दिया जाएगा। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ठंडी वर्दी, गर्म वर्दी एवं रेनकोट 30 नवंबर 2023 तक वितरित करा दिया जाएगा। सभी नियमित कर्मचारियों को अपने अधिशासी अभियंता के यहां अपना फोटो देना होगा और एक सप्ताह के अंदर उन्हें फोटो युक्त पहचान पत्र प्राप्त हो सकेगा। वही जिलाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा ने बताया कि सभी संविदा कर्मियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी। रामलाल सिंह यादव संविदा कर्मी दुल्लहपुर उपकेंद्र, अंशु रघुवंशी संविदा कर्मी मिर्जापुर उपकेंद्र एवं पंकज गोंड उपकेंद्र करंडा को फिर से काम पर रखने की सहमति बनी। मार्च 2023 में हुए हड़ताल के दौरान निकाले गए 37 संविदा कर्मियों में 11 संविदा कर्मियों को जो काम पर थे उनको काम पर रखने हेतु अधीक्षण अभियंता ने अपनी संस्तुति सहित पत्र भेजा है। फिर से उन लोगों को काम पर रखने हेतु पत्र उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। सभी उपकेंद्रों पर कर्मचारियों के बैठने शौचालय एवं पीने की पानी की व्यवस्था कराने पर भी सहमति बनी। कमेटी नंबर 1, कमेटी नंबर 2 तत्काल मंडल स्तर पर बनाकर कर्मचारियों के पदोन्नति एवं समयबद्ध वेतनमान दूर किए जाने पर भी सहमति बनी। वही प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटर को मंडल कार्यालय से हुई निविदा के अनुसार ही मानदेय भुगतान कराने पर सहमति बनी तथा अन्य मांगों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई और सहमति बनी। जहां तक हड़ताल के दौरान निकल गए 37संविदा कर्मियों की बात है हमने उसमें भी लगभग 11 कर्मचारियों को जो काम पर थे उनके रखवाने हेतु प्रयासरत हैं बचे हुए हुए सभी संविदा कर्मियों के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश लगातार प्रयासरत है हम उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द उन सभी संविदा कर्मियों की ससम्मान वापसी होगी। आप सभी विद्युत कर्मी संगठन पर विश्वास बनाए रखें हम पहले भी लड़े थे और जीते थे और आगे भी लड़ेंगे और जीतेंगे। आप लोग संगठन का साथ देते रहिए मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी आप लोगों को न्याय दिलाता रहूंगा।जनपद के कोने-कोने से आए नियमित कर्मचारियो, संविदा कर्मियों, मीटर रीडरो एवं कंप्यूटर ऑपरेटरो को अपनी मांगों के समर्थन में वार्ता में पहुंचकर वार्ता सफल बनाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। वार्ता में सैकड़ों की संख्या में विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना का हुआ शुरुआत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** जखनिया के ब्लॉक के विभिन्न गांव के शिल्पकार, बढ़ई, स्वर्णकार, लोहार, राजमिस्त्री आदि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत आने वाले लोगों को सरकार 3 लाख रुपये का लोन देगी और यह लोन सिर्फ 5 फीसदी की ब्याज दर पर मिलेगी। बता दें कि इस योजना में पत्थर की मूर्ति तराशने वाले मूर्तिकार, नाई, नाविक से जुड़े 18 क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इस योजना का लाभ उठाने लिए आपको रजिस्ट्रेशन करना होगा। यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से किया जा सकता है। अगर ऑनलाइन अप्लाई करना चाहते हैं, तो इसकी शुरुआत 17 सितंबर, 2023 से हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन कराकर ग्राम सचिव या ब्लॉक पर जमा करे।उक्त बातें खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना है अधिक से अधिक लोगों इस योजना में शामिल हों।

### जमीनी विवाद को लेकर दबंगो ने घर में घुसकर किया मारपीट



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के सोमरबारी गांव में कलवंत राजभर के घर पर बीती रात पड़ोस के दबंग युवकों ने जमीनी विवाद के स्टे हटाने की धमकी देते हुए घर में घुसकर कलवंत राजभर की पिटाई कर दी साथ ही घर पर पत्थर बाजी की घर की महिला और लड़कियों ने किसी तरह घर में दुबक कर जान बचाई। इस सिलसिले में पीड़ित कलवंत राजभर ने बलोलपुर चौकी प्रभारी को लिखित तहरीर दी जिसके बाद दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने कई लोगो को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई।

# कुश्ती में तीसरे स्थान पर कांस्य पदक जीत आयुष ने क्षेत्र का नाम किया रोशन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर ।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के पनिक्सा गांव निवासी स्वर्गीय शिव यादव व्यायाम साला पानिक्सा के अखाड़े के खिलाड़ी आयुष यादव पुत्र बबलू यादव मुजफ्फरनगर में माध्यमिक विद्यालय 67वीं प्रादेशिक कुश्ती प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाकर कांस्य पदक अपने नाम किया और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया ।आज शाम 5:00 बजे जखनियां रेलवे स्टेशन उतरते ही क्षेत्र के वरिष्ठ नेता सहित नागरिकों ने फूलमाला पहनाकर आयुष यादव कंधे पर उठाकर जखनिया बाजार होते हुए ब्लॉक, तहसील तक भ्रमण किया। इस मौके पर सपा के विधानसभा अध्यक्ष अवधेश उर्फ राजू यादव ने कहा कि कुश्ती प्रतियोगिता गांव में धीरे-धीरे लुप्त की ओर जा रही है लेकिन आयुष यादव ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया ऐसे युवा खिलाड़ियों को हमेशा अच्छा मंच मिलेगा तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी परचम लहराएंगे। इस मौके पर कोच सतीश यादव, महेंद्र यादव, मनोज यादव, जेपी यादव, महातिम यादव, घूरभारी यादव, अरविंद यादव, मुनीलाल यादव, शंकर यादव, सुभाष चंद्र यादव, राधेश्याम यादव ,सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

### मनोज सिन्हा के कर कमल द्वारा अलीपुर मदरा में डाक बंगला और जखनिया गोविंद में पंचायत भवन का भव्य होगा उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया।** जखनिया गोविंद में नवनिर्मित ग्राम सचिवालय व अलीपुर मदरा में डाक बंगला का भव्य उद्घाटन समारोह 28 सितंबर 2023 दिन गुरुवार को जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के करकमलो द्वारा किया जाएगा इसको लेकर जखनिया ग्राम प्रधान नंदू गुप्ता प्रतिनिधि अशोक गुप्ता द्वारा पूरे ग्राम सभा के लोगों से जनसंपर्क करके इस भव्य उद्घाटन समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया गया। वही भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं संग जखनिया बाजार में भ्रमण कर ग्राम सचिवालय उद्घाटन के मौके पर लोगों को उपस्थित होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया गया और लोगों से आग्रह पूर्वक अपील की गई। वर्मा ने कहा अपने ग्राम सभा का कार्यक्रम है, नवनिर्मित पंचायत भवन अपने विकास हम सबके लोकप्रिय नेता अभिवाहक विकास पुरुष मनोज सिन्हा द्वारा उद्घाटित होगा। यह जखनिया के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। इसमें आप सभी ग्रामवासियों की सहभागिता और उपस्थिति प्रार्थनीय है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित लोगों को भी आमंत्रण पत्र वितरित किया गया और आग्रह किया गया की कार्यक्रम में जरूर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करें। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक गुप्ता, धर्मवीर राजभर, प्रशांत सिंह, सुदामा यादव, हीरा मौर्य, संतोष कुशवाहा, राजेश जायसवाल, अजय विक्रम सिंह, लाला यादव, बंटी मियां सहित प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### शिलाफलकम पर पुष्प अर्पित कर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को नगर पालिका कि ओर से सम्मानित किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानियां।** नगर के विकासखंड तिराहे के पास बनाया से शिलाफलकम पर मंगलवार को पुष्प अर्पित कर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को नगर पालिका कि ओर से सम्मानित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों की वीरता को प्रणाम करते हुए नगर पालिका परिषद के चेयरमैन जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अमर शहीदों के परिजनों का सम्मान करके मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया जा रहा है। हम अपने घर पर वीर सैनिकों के कारण सुरक्षित रह पाते हैं। कार्यक्रम में नगर कस्बा लोदीपुर मोहल्ला के स्वर्गीय अकलु यादव, स्वर्गीय अहमद जामा खान, स्वर्गीय चंद्रिका चौबे, स्वर्गीय दीपक यादव, स्वर्गीय जगगू राम, स्वर्गीय जमुना प्रसाद जायसवाल सहित अन्य अमर शहीदों के परिजनों का सम्मान माला पहनाकर और शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अमर शहीदों के नाम अंकित शिलाफलकम पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम के आखिर में अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी ने मेरी माटी मेरा देश के तहत सभी को विकसित भारत के निर्माण एवं देश भक्ति की शपथ उपस्थित लोगो को दिलाई। इस अवसर पर सभासद शाहिद नियाजी, राहुल वर्मा, शिवबचन यादव, अहमद अली, रोहित शर्मा, उमराव यादव, अंजनी कुमार गुप्ता सहित सभी वार्डों के सभासद एवं पालिका कर्मी अरविंद राय, विजय शंकर शर्मा, दानिश मंसूरी, सुबास राम, विजय शंकर राय, सत्येंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### आजम भगत सिंह का 116वा जन्मदिन मनाने की तैयारी जोर -शोर से की जा रही है



**इलिया चन्दौली।** क्षेत्र के भगत सिंह विचार मंच द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह का 116वां जन्मदिन मनाने की तैयारी जोर-जोर से की जा रही है भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारी आंदोलन के प्रतीक रहे भगत सिंह का जन्म दिवस आगामी 28 सितंबर को पूर्वाह्न 10:00 बजे शहाबगंज विकासखंड के हडौरा ग्राम स्थित काली मंदिर प्रांगण में मनाया जाएगा जिसमें क्रांतिकारी विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई है भगत सिंह के सपनों का भारत विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में आजादी समाजवाद जनवाद पर चर्चा की जाएगी यह जानकारी संयोजक डॉक्टर मिश्रीलाल ने दी है

**कार्यशाला** | कार्यशाला में सीएचओ, सुपरवाइजर एवं एएनएम को प्रशिक्षित किया गया

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थित सभागार डब्लूएचओ एवं एनपीएसपी यूनिट का वीपीडी कार्यशाला



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थित सभागार डब्लूएचओ एवं एनपीएसपी यूनिट द्वारा मंगलवार को वीपीडी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सीएचओ, सुपरवाइजर एवं एएनएम को प्रशिक्षित किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके मिश्रा ने कहा कि खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, प्रट्सिस एवं नवजात टेटनस के संबंधित केस को तत्काल रिपोर्ट कर उसकी जांच करने के लिए बताया। उन्होंने बताया की बच्चों के पैर-हाथ के अलावा गर्दन, मुंह और स्पाइनल बोन में ये बीमारी मिल रही है। इससे शरीर का अंग पूरी तरह लूंजपुंज हो जाता है और काम करना बंद कर देता है। किसी भी उम्र के लोगों में एकाएक लुंजपुंज लकवा, खसरा या रुबेला, गलघोट्, काली खांसी या नवजात टिटनेस से संबंधित लक्षण दिखाई दे तो तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल या डब्लूएचओ के पदाधिकारी को सूचना दे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ रविरंजन ने कहा कि इन बीमारियों से संबंधित लक्षण पर कहा कि पिछले 6 माह के लेख दौरान 15 वर्ष तक के बच्चे में अचानक शरीर के किसी भी हिस्से में कमजोरी अथवा किसी भी उम्र के व्यक्ति में लकवा जिसमें पोलियो की आशंका, बुखार के साथ चकत्ते या लाल दाना अथवा खसरा संक्रमण का संदेह होना, गले या टॉन्सिल में दर्द होना या खांसी के साथ आवाज का भारी होना, काली खांसी के तहत खांसी का लगातार होना, खाने के बाद सांस लेने की जोरदार आवाज होना, खाने के तुरंत बाद उल्टी होना होता है। वहीं नवजात टेट ऐप पर पढे तहत नवजात शिशु जो जन्म के 2 दिन तक ठीक से स्तनपान कर पा रहा था एवं सामान्य रूप से रो रहा था लेकिन तीसरे दिन से 28 दिन के बीच में स्तनपान बंद कर दिया हो तथा शरीर अकड़ने लगा और झटके आने लगे तो तुरंत नजदीकी अस्पताल को सूचना दें,खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, प्रटुसिस एवं नवजात टिटनेस के संबंधित केस को तत्काल रिपोर्ट कर उसकी जांच करने के लिए अवगत कराया। इस अवसर पर एसएमओ डॉ. विनय शंकर, डॉ. रवि रंजन, बीपीएम आसिफ जमाल, बीसीपीएम एखलाख, सुधीर शर्मा, धर्मराज, संदीप पांडेय आदि सहित सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम आदि लोग उपस्थित रहे ।

# गरीबों का अपमान और पूंजीपतियों का सम्मान कर रही है मोदी सरकार : सिंकदर कन्नौजिया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** देश के संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समाजवादी मूल्यों की रक्षा के लिए और देश और प्रदेश से साम्प्रदायिक, तानाशाही,झूठी और जुमलेबाज भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा सरकार को देश और प्रदेश की सत्ता से बेदखल करना जरूरी है यह बात समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत प्रदेश सचिव सिंकदर कन्नौजिया ने अपने स्वागत में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यालय समता भवन पर कही। उन्होंने भाजपा सरकार की जमकर खिंचाई करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से देशवासी त्राहि त्राहि कर रहे हैं । लगातार बढ़ती मंहगाई से गरीबो का जीना मुहाल हो गया है । उन्होंने भाजपा सरकार को झूठ का पर्याय बताते हुए कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं से इस सरकार का कुछ भी लेना देना नहीं है । यह केवल जनता के सामने झूठ परोसने का काम कर रही है । उन्होंने कहा कि झूठ ही भाजपा का आधार है । 15-15लाख रूपये हर देशवासी के खाते में भेजने और प्रति वर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार देने ,सौ दिन के अंदर मंहगाई कम करने का और किसानों की आय दोगुनी करने का मोदी सरकार का वादा देश के गरीबों के साथ बहुत ही भद्दा मजाक था। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार देश के गरीबों का माखौल उड़ा रही है। इस देश का गरीब अपने को अपमानित और ठगा सा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का राष्ट्रवाद झूठा है । राष्ट्र की सम्पत्ति को बेचने वाला राष्ट्रवादी नहीं बल्कि राष्ट्रविरोधी होता है । उन्होंने कहा कि इस सरकार का गरीबों की समस्याओं से कुछ भी लेना देना नहीं है । यह सरकार केवल राष्ट्र की सम्पत्ति को बेचकर पूंजीपतियों और अपनी तिजोरी भरने का काम कर रही है । इस स्वागत समारोह की शुरुआत में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में माल्यार्पण कर नवमनोनीत प्रदेश सचिव सिंकदर कन्नौजिया का भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि सिंकदर कन्नौजिया जी के मनोनयन से संगठन मजबूत और धारदार होगा। उन्होंने कहा पार्टी ने हमेशा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है। वक्त आने पर पार्टी के हर कार्यकर्ता का सम्मान करेगी। उन्होंने कहा कि देश गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। केन्द्र और प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पूरी तरह से संवेदनहीन हो गई है।इस सरकार में अपराध, अन्याय और अत्याचार बढ़ा है।इस सरकार में न किसी की सुरक्षा है और न संवेदना है। कानून व्यवस्था फेल है। चारों तरफ जंगलराज है।न पुलिस का खौफ रह गया है और न कानून का डर। पूरे प्रदेश में सत्ता संरक्षित अपराधियों का खौफ बदस्तूर जारी है। मुख्यमंत्री योगी जी के सुशासन के दावों और बेहतर कानून व्यवस्था का दावा पूरी तरह से खोखला साबित हो रहा है।

## ख़ास ख़बर

### सीएसआर योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का हुआ आयोजन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** राजकीय इंटर कालेज, फतेहगंज, अयोध्या में भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देश भर में 74 स्थानों पर सामाजिक अधिकारिता शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु भारत सरकार की एडिप योजना, राष्ट्रीय वयो श्री योजना एवं सीएसआर योजना के अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे जिसमें अयोध्या का शिविर इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की सीएसआर योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन 24 सितंबर 2023 किया गया। जिसमें अयोध्या के मसौधा विकास खण्ड कार्यालय, अयोध्या एवं रूदौली विकास खण्ड कार्यालय के 119 एलिम्को द्वारा पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग रूपये 25 लाख की लागत के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किया गया। सांसद लल्लू सिंह समारोह के मुख्य अतिथि व विधायक राम चन्द्र यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चन्द्रेश त्रिपाठी,अयोध्या कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं अतानु भौमिक, कार्यकारी निदेशक, ईआईएल, श्रीमती मालविका भटनागर, अतिरिक्त महाप्रबन्धक, ईआईएल एवं मृणाल कुमार, उप-प्रबन्धक एलिम्को की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।दिव्यांगो के चिन्हीकरण पंजीकरण के लिए एलिम्को द्वारा अयोध्या के 4 जुलाई एवं 14 सितम्बर 2023 को मसौधा विकास खण्ड कार्यालय अयोध्या एवं 05 जुलाई 2023 को रूदौली विकास खण्ड कार्यालय में परीक्षण शिविर आयोजित किये गये थे। इन परीक्षण शिविरों में पूर्व चिन्हित दिव्यांगजनों को एलिम्को द्वारा निर्मित विभिन्न श्रेणियों के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किये गये। जिनमें मोटराईज्ड ट्राइसाईकिल, ट्राइसाइकिल व्हील चेयर, बैसाखी, कान की मशीन छड़ी, स्मार्ट केन, स्मार्ट फोन और कृत्रिम अंग व कैलिपर शामिल है।कुल 119 पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग रूपये 25 लाख के सहायक उपकरण वितरित किये दिव्यांगजनों को वितरित होने वाले उपकरणों में मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल 39,ट्राईसाइकिल 43,फोल्डिंग व्हील चेयर 11,बैसाखी 58,वाकिंग स्टिक ब्रेल किट05,कान की मशीन 03सुगम्य केन 10 स्मार्ट फोन 04 कैलीपर्स और कृत्रिम अंग 12 दिये गए।

### समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष ने घोषित की जिला कमेटी



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 एस पी सिंह पटेल व सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव की संस्तुति पर समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने जिला कमेटी घोषित किया । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार जिला अध्यक्ष अयोध्या दान बहादुर सिंह उपाध्यक्षगण संत प्रसाद मिश्र विमल सिंह यादव अमरनाथ सिंह डॉक्टर रामचंद्र वर्मा तहसीलदार सिंह मोहम्मद अजहर अली उस्मानी डॉक्टर विनोद यादव पुनीत स्टीफेन महासचिव डॉक्टर घनश्याम यादव कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह तथा सचिवगण डॉक्टर अवनीश प्रताप सिंह डॉक्टर हनुमान प्रसाद मिश्र आनंद कुमार शुक्ला अनिल कुमार मिश्र प्रभाकर सिंह अंबुज मालवीय दाल सिंह गौड़ डॉक्टर चंद्र प्रकाश वर्मा मृत्युंजय सिंह रणधीर सिंह डॉक्टर रणजीत वर्मा श्री नारायण द्विवेदी लाल चंद्र यादव विधानसभा अध्यक्ष मिल्कीपुर रामचेत यादव विधानसभा अध्यक्ष रुदौली राम कैलाश यादव आदि को नामित किया गया ।

### जिलाधिकारी ने इलेक्ट्रिक वाहनों के गोल्फ कार्ट सेवा का फीता काटकर किया शुभारम्भ



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने रामनगरी अयोध्या आने वाले पर्यटकों श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के विभिन्न पौराणिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक मठ–मंदिरों तक सुचारू एवं सुगम आवागमन की इकोफ्रेंडली परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत इलेक्ट्रिक वाहनों के गोल्फ कार्ट सेवा का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर आवागमन की सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध कराने की दृष्टिगत प्रथम चरण में आज पांच इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन का शुभारंभ किया गया है दीपोत्सव तक इनकी संख्या 25 तथा श्री राम जन्म भूमि के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर तक इनकी संख्या 40 से अधिक करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इन प्रदूषण रहित इकोफ्रेंडली इलेक्ट्रिक वाहनों से 50 के टोकन के माध्यम से दर्शनार्थी एवं पर्यटक अयोध्या धाम के विभिन्न मठ मंदिरों तक सुगमता से पहुँच सकेंगे। इन इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का परिचालन धर्मपथ, रामपथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ के साथ ही विभिन्न प्रमुख स्थलों के पहुच मार्गों पर किया जाएगा। इस के साथ ही भविष्य में और भी इको फ्रेंडली वाहनों की संख्या को बढ़ाने हेतु नगर निगम व अयोध्या विकास प्राधिकरण हेतु कार्य कर रही हैं। गोल्फ कॉर्ट सेवा के शुभारंभ कर जिलाधिकारी ने शुभारंभ स्थल मल्टी लेवल पार्किंग निकट बालू घाट से इलेक्ट्रिक वाहन पर सवार होकर धर्म पथ होते हुए राम कथा पार्क, सरयू होटल तक के विभिन्न स्थालों का भ्रमण भी किया।

# अवैध वसूली के आरोपी अफसरों को सीएमओ ने दिया अभयदान




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** जिले के टीवी विभाग में कर्मचारियों के उत्पीड़न व अवैध वसूली की जांच में बड़ा खेल हो गया। सीएमओ की ओर से प्रकरण की जांच के लिए गठित टीम की रिपोर्ट एवं संस्तुति एक नाटक बन कर रह गई। जांच टीम की रिपोर्ट को नजरंदाज कर सीएमओ ने आरोप सिद्ध होने के बावजूद आरोपी चिकित्साधिकारी व जिला प्रोग्राम क्वार्डिनेटर को अभयदान दे दिया। जिले के टीवी विभाग में कर्मचारियों के उत्पीड़न व उनसे की जा रही अवैध वसूली की शिकायत जुलाई माह में कर्मचारियों की और से जुलाई माह में की गई थी कर्मचारियों ने मांग की थी कि तत्कालीन डीटीओ आर के सक्सेना व जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अन्नत प्रताप सिंह के कृतियों की जांच कराई जाए और उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस मामले में सीएमओ ने 12 जुलाई को एक तीन सदस्य जांच टीम का गठन किया। उस टीम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रशासन डीके शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतिरक्षण डॉक्टर दिलीप सिंह व नगर स्वस्थ्य अधिकारी डॉ राममणि शुक्ला को शामिल किया गया। इस मामले में 12 जुलाई को जांच टीम की ओर से दी गई रिपोर्ट में डीटीओ आर के सक्सेना व जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अनंत प्रताप सिंह को आरोपी मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति जांच टीम ने की थी। जांच टीम की ओर से अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि बयानों एवं दिए गए. ऑडियो साक्ष्य के आधार पर दोनों अधिकारी आरोपी पाए गए हैं। इस प्रकरण में डीटीओ बयान देने से मुकर गए। इसके बाद सीएमओ ने जांच टीम को पूरक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। 25 जुलाई को दी गई पूरक रिपोर्ट में जांच टीम ने खेल करते हुए डीटीओ डा आरके सक्सेना को छोड़कर जिला कोऑर्डिनेटर आनंत प्रताप सिंह को ही अकेले आरोपी बताया और दोबारा सीएमओ को आवश्यक कार्रवाई करने की संस्तुति की। दो दो बार जांच रिपोर्ट में आरोपी पाए जाने के बावजूद सीएमओ ने दोनों आरोपियों को अभयदान दे दिया दिया। मात्र जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अनंत प्रताप सिंह को चेतावनी जारी कर भविष्य में ऐसा न करने का निर्देश दिया। सीएमओ की इस कार्यवाही पर सवाल उठ रहे हैं सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब तत्कालीन डीटीओ डॉक्टर आरके सक्सेना व जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर को क्लीन चिट देनी थी तो जांच करने की कोई आवश्यकता ही नहीं थी जब डीटीओ ने जांच टीम के सामने आकर कोई बयान नहीं दिया और जांच टीम ने प्रकरण में दोषी पाए तो फिर कार्यवाही क्यों नहीं हुई सूत्रों की माने तो सीएमओ ने किसी बड़े राजनीतिक दबाव में भ्रष्टाचार इतने बड़े मामले को दफन कर दिया। इस संबंध में सीएमओ डॉक्टर संजय जैन ने बताया कि डीटीओ को शासन ने उनके पद से हटा दिया है शिकायतकर्ता की यह मांग थी कि जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर को चेतावनी दे दी है इससे बड़ी और कोई सजा दी जा सकती है मतलब यह है कि सीएमओ कि ओर से कराई गई जांच ढाक के तीन पात होकर रह गई सीएमओ ने भ्रष्टाचारियों को भ्रष्टाचार करने के लिए अभयदान दे दिया है।

## शुभांकर सोसायटी ने विद्यालय में चलाया जागरूकता अभियान



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी एवं मद्य निषेध विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुमताज़ एजूकेशनल एकेडमी पूरे मलिक रुदौली में नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिला मद्य निषेध अधिकारी सन्जना सिंह ने बच्चो को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। सोसायटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव ने कहा कि नशा परिवार के साथ- साथ समाज को भी दूषित करता है नशा परिवार एवं समाज के विकास के लिए बाधा बन कर खड़ा रहता है नशा करने वाले परिवार में लोग मानसिक भय से ग्रसित रहते है। आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साहिस्ता कक्षा11,द्वितीय स्थान अनुष्का कक्षा 11,तृतीय स्थान साबरीन खान कक्षा 8,चतुर्थ स्थान जयदीप कक्षा 7, चार्ट प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान उत्कर्ष सिंह कक्षा 12, द्वितीय स्थान अलीजा कक्षा 6,तृतीय स्थानअर्पित कक्षा 7,चतुर्थ स्थान सृष्टि कक्षा 10,भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अम्रतांश मिश्र कक्षा 7,द्वितीय स्थान आंशिक मिश्रा कक्षा 9,तृतीय स्थान प्रीति कक्षा 6,चतुर्थ स्थान अमित कक्षा 7 ने प्राप्त किया।विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद शारिक ने कहा कि शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया है वह बहुत ही काबिले तारीफ़ है इसके साथ सोसाइटी पर्यावरण संरक्षण,एवं शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं।इस अवसर पर सोसायटी प्रबंधक रमेश कुमार यादव एवं कोषाध्यक्ष उमा कान्त वर्मा अनुभव वर्मा,उपेन्द्र कुमार विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय श्रीवास्तव, अध्यापक -लियाकतअली,राम प्रसाद, सत्यानाम ,नीतू ,अनीता व तानिया बानो सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बुज़ुर्ग किसान की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात एक बुजुर्ग किसान की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पूर्व मंत्री के पैतृक गांव में हलचल है। मामला पुराने जमीनी विवाद और रंजिश से जुड़ा है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताया गया कि केशरूवा बुजुर्ग गांव निवासी बुजुर्ग किसान 80 वर्षीय शंकर निषाद उर्फ बवाली पुत्र नगेसर शाम को शौच के लिए गांव के बाहर अपने खेत की ओर गए थे। शौच के लिए ही निकले गांव निवासी काली दीन निषाद को गांव निवासी राज बहादुर तिवारी के नलकूप के पास से किसी के कराहने की आवाज सुनाई दी तो माजरा जानने वह निकट गए।पास जाकर काली दीन ने टार्च जलाकर देखा तो पाया कि बुजुर्ग शंकर निषाद रक्त रंजित हाल में पड़े हैं और मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ है। भागकर उन्होंने मामले की जानकारी घायल किसान के बेटे को दी। इसके बेटे नंदलाल निषाद ने अपने घायल और मरणासन्न पिता को ठेले पर लादकर सीएचसी तारून पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों नें बुजुर्ग किसान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बेटा रात सवा दस बजे बुजुर्ग किसान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा ने परीक्षण के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया है।मृतक के बेटे नंदलाल का कहना है कि सायं करीब 5 बजे पिता घर से शौच को कहकर गांव के पूरब अपने खेत की तरफ गए थे।

## पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय 04 लूटेरे गिरफ्तार







**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा 22.09.2023 को थाना नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत सूचना प्राप्त हुई की एक फाइनेंस कंपनी के एजेंटों के साथ लूट की घटना हुई है, उक्त सूचना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में घटना के सफल अनावरण/बरामदगी व घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एस0ओ0जी0 सर्विलांस व थाना नवाबगंज की सयुक्त टीमें लगाई गयी थी। जिसके क्रम में आज दिनांक 26.09.2023 को एस0ओ0जी सर्विलास व थाना नवाबगंज की सयुक्त टीम द्वारा पतारसी- सुरागरसी करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 3:47 बजे प्रातः नगवा मोंड के आगे, गोसाई पुरवा के पास सड़क के किनारे पुलिस द्वारा घेराबंदी की गई थी, जिस पर बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी के द्वारा फायरिंग में बदमाश 01- करन यादव उर्फ सूरज 02- अभिषेक सिंह, 03- लल्ला उर्फ मनोहर कोरी 04- अभय श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुठभेड़ में 02 बदमाशों 01. करन यादव उर्फ सूरज व 02. अभिषेक सिंह को पैर में गोली लगी है जिनका पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल गोण्डा में इलाज चल रहा है। अभियुक्तों के पास से रूपये 36010/- लूट का, लूट की घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटरसाइकिल तथा 2 तमंचा 315 बोर, 1 तमंचा 32 बोर तथा 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 32 बोर बरामद हुआ है।

**बैठक** | डीएम ने की जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति की बैठक

## प्लास्टिक प्रदूषण के रोकथाम हेतु कराया जाए प्रचार प्रसारः डीएम



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई । डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में हुयी इस बैठक के दौरान डीएम ने जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति से जुडे विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं की गहनता से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने विभागों को निर्देश दिए कि जिन विभागों द्वारा वृक्षारोपण के जियोटैगिंग का कार्य भी अधूरा है वह इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराकर वन विभाग को अवगत करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना आज के समय में सबसे जरूरी है पेड़ रहेंगे तभी यह धरती सुरक्षित रहेगी। गर्मी के मौसम में यह पेड़ धूप से राहत प्रदान करते हैं अतः सभी लोग पेड़ों को संरक्षित करें। अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जो पेड़ लगाये गये थे, उनका देख रेख करना अतिआवश्यक है। डीएम ने बैठक के दौरान कहा कि सूखे व गीले कूड़े को अलग अलग स्टोर किया जाये व डोर टू डोर कूडे को एकत्रित किया जाये। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों के निर्देश दिये कि नदियों में गिरने वाले कूड़े पर रोक लगाई जाए। अभियान चलाकर प्लास्टिक प्रदूषण के रोकथाम के संबंध में प्रचार प्रसार कराया जाए। शहरी क्षेत्र में प्रदूषित नालों के प्रदूषण की रोकथाम हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट का निस्तारण पूरी सावधानी पूर्वक कराया जाए। सभी अस्पतालों को निर्देशित किया जाए कि वह मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में लापरवाही ना बरतें उसका पूरी सावधानी से निस्तारण कराएं। बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक की समीक्षा के दौरान नगरपालिका परिषद गोण्डा को फटकार लगाते हुए प्रदूषण नियंत्रण विभाग अयोध्या को निर्देश दिये हैं कि सिंगल यूज प्लास्टिक के कार्य को समय से न करने पर नगरपालिका गोण्डा को तत्काल नोटिस जारी कर कार्यवाही की जाय। साथ ही बैठक में प्रदूषण नियंत्रण विभाग अयोध्या को कड़े निर्देश दिये हैं कि जनपद में संचालित सभी ईकाइयों का निरीक्षण किया जाय, तथा नियम के विरुद्ध संचालित ईकाइयों पर कार्यवाही करते हुए अवगत करायें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, डीडी एजी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, बीएसए, पंचायत विभाग, नगरपालिका गोण्डा, प्रदूषण नियंत्रण विभाग अयोध्या, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, खनन निरीक्षक, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सीसीटीएनएस योजना के सफल संचालन हेतु डिस्ट्रिक मिशन टिम गोष्टी का हुआ आयोजन





**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश एवं तकनीकी सेवाएं मुख्यालय उत्तर प्रदेश के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सीसीटीएनएस योजना के सफल संचालन हेतु आज दिनांक 26.09.2023 को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा जनपद के समस्त कंप्यूटर ऑपरेटर/सीसीटीएनएस कर्मियों के साथ सीसीटीएनएस के संबंध में समीक्षा गोष्टी की गयी। जिसमें उन्होंने सीसीटीएनएस पर की गई अब तक की फीडिंग का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि ऑनलाइन चरित्र प्रमाणपत्र आवेदनो को समय से पूर्ण कर अपलोड किया जाए, सीसीटीएनएस पर की जाने वाली फीडिंग को तत्समय संबंधित कॉलम में फीड किया जाए, सीएम डैशबोर्ड 2.0 पर प्रदर्शित गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित मुकदमों में तत्काल गिरफ्तारी कर उन मुकदमों का तत्काल निस्तारण कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर डिस्टिक कोऑर्डिनेटर राजदीप यादव, जनपद के समस्त थानों के कंप्यूटर ऑपरेटर सीसीटीएनस कर्मी मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान को दिलाई गई शपथ



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** ब्लॉक झंझरी क्षेत्र के फिरोजपुर ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान आशीष शुक्ला को ब्लॉक में पीडी चंद्र शेखर ने शपथ दिलाई।प्रधान ने शपथ ग्रहण करने के बाद ग्राम पंचायत के अधूरे कार्यो को जल्द पूरा करने और नए कार्यो की जल्द शुरुआत करने के लिए गांव के लोगों को भरोसा भी दिया।इस दौरान एडीओ पंचायत सतीश तिवारी, एपीओ धर्म प्रकाश शास्त्री,पंचायत सचिव रोहित कुमार और प्रधान समर्थक मौजूद रहे।

### आम आदमी पार्टी की छात्र इकाई सी वाई एस ऐस गोंडा ने विवि के मुद्दे को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा 26.09.2023 को आम आदमी पार्टी गोंडा की छात्र इकाई सीवाईएसएस ने प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दूबे के निर्देशानुसार गोंडा में विश्वविद्यालय निर्माण को लेकर सी वाई एस ऐसगोंडा के जिला अध्यक्ष शिवम शर्मा जी के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने कहा देवीपाटन मंडल का मुख्यालय होने के नाते गोंडा में विश्वविद्यालय बनना मंडल के सभी जनपदों के लिए सुलभ एवं हितकारी होगा। उन्होंने कहा जब गोंडा के परसपुर के डोमाकल्पी गांव में विश्वविद्यालय के लिए जगह चिन्हित की जा चुकी थी तो फिर ऐसा कौन सा कारण रहा जिससे बलरामपुर में स्थांतरित करना पड़ा। जिला अध्यक्ष शिवम शर्मा ने कहा गोंडा के छात्रों युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए गोंडा में विश्वविद्यालय का बनना अतिआवश्यक है।इस मौके पर जिला अध्यक्ष शिवम शर्मा, जिला महासचिव सचिव संदीप गुप्ता, जिला सोशल मीडिया अध्यक्ष शिवम सिंह, सदर जिला प्रभारी अजय कुमार मिश्र उर्फ अज्जू पंडित, कमलेश सिंह, कोषाध्यक्ष अंकित कुमार, गंगाराम तिवारी, सलिल मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### 4 अक्टूबर को दिल्ली में जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर पदाधिकारियों की हुई बैठक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ अयोध्या ने आंगनबाड़ी मिनी आंगनबाड़ी सहायिकाओं की समस्याओं अधिकारियों द्वारा हो रहे शोषण उत्पीड़न एवं 4 अक्टूबर को दिल्ली में जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर प्रेस क्लब में जिला कमेटी एवं ब्लाक कमेटी के समस्त पदाधिकारियो की आवश्यक बैठक हुई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला संरक्षक रणवीर सिंह गुड्डू ने बताया 4 अक्टूबर दिल्ली जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कृति समिति के बैनर तले ऑल इंडिया की आंगनवाड़ी अपनी मांगों को लेकर धरने में सम्मिलित होने जा रही है जिसमें उत्तर प्रदेश की आंगनबाड़ी प्रदेश अध्यक्ष गिरीश कुमार पांडेय एवं प्रदेश महामंत्री नीलम पांडेय महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आवाहन पर प्रदेश भर की आंगनवाड़ी एक दिवसीय धरने प्रदर्शन में सम्मिलित होने का निर्णय लिया है सरक्षक ने कहा अधिकारी अपने रवैया में सुधार लाएं आंगनबाड़ियों पर हो रहे शोषण उत्पीड़न को संघ कतई बर्दाशत नहीं करेगा अधिकारी अपने रवैया में अगर सुधार नहीं लाते हैं मजबूर होकर संघ उनके खिलाफ आंदोलन करेगा जिसका जिम्मेदार विभाग स्वयं होगा।जिला अध्यक्ष सरोज सिंह ने बताया प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी धरने में सम्मिलित होने का निर्णय लिया है जिसमें अयोध्या जिले की समस्त आंगनबाड़ी सहायिका 3 अक्टूबर को बस द्वारा दिल्ली जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने के लिए रवाना होगी।

### सामुहिक दुष्कर्म करने के 02 आरोपी कठोर कारावास

**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के आदेश व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन कनविक्शन' जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा प्राथमिकता से कराते हुए प्रभावी पैरवी कराई गई जिसके फलस्वरूप नाबालिग लड़की से सामुहिक दुष्कर्म करने के 02 आरोपी अभियुक्तों- 01.गोलू उर्फ सुनील कुमार, 02. नितिन शुक्ला को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास व रू0 62,000-62,000/- के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई। थाना को0नगर पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म करने के आरोप में उक्त आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिसमें शासकीय अधिवक्ता श्री अशोक कुमार सिंह, मॉनिटरिंग सेल व थाना को0 नगर के पैरोकार हेड0 का0 अशोक कुमार के द्वारा निरंतर की गई।

### स्मार्ट सोलर लाइट से जगमगाएगा गुप्तार घाट से नया घाट तक नौ किलोमीटर लंबा क्षेत्र

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भगवान राम की नगरी को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प तेज गति से पूरा होते दिख रहा है। मुख्यमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना को यूपी नेडा की ओर से अब धरातल पर उतरने का काम बहुत तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में यूपी नेडा ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या की पावन सरयू नदी के किनारे नौ किलोमीटर गुप्तार घाट से लक्ष्मण टीला तक के क्षेत्र को स्मार्ट सोलर लाइट से जगमगाने का काम शुरू कर दिया है। इस योजना को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार ने नेडा को आठ करोड़ का बजट उपलब्ध कराया है। इस बजट से गुप्तार घाट से नया घाट अयोध्या तक 360 स्मार्ट सोलर लाइट लगाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रथम चरण में 84 स्मार्ट सोलर लाइट लगाई गई है। अब दूसरे चरण में 276 और स्मार्ट सोलर लाइट लगाई जा रहीं हैं। यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी प्रवीन नाथ पाण्डेय ने बताया कि राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में करोड़ों लोगों के अयोध्या पहुने की संभावनाओं को देखते हुए अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए तमाम सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में अयोध्या के घाटों पर श्रद्धालुओं को अंधेरे से निजात दिलाने के लिए स्मार्ट सोलर लाइट लगाई जा रही रही है।

### एक दिवसीय महाविद्यालय विद्यार्थी एवं स्वास्थ्य प्रबोधन कार्यशाला का शुभारम्भ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर भवदीय इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च संस्थान में एक दिवसीय महाविद्यालय विद्यार्थी एवं स्वास्थ्य प्रबोधन कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरोग्य भारती अवध प्रान्त सहसचिव डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी, डॉ शिशिर मिश्र, डॉ कल्पना कुशवाह, डॉ प्रभा सिंह, डॉ संजय कुशवाह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ संजय कुशवाह ने अतिथियों का स्वागत कर परिचय प्रस्तुत करते हुए विश्व फार्मासिस्ट दिवस की थीम स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती और अंगदान महादान की भूमिका भी रखी। जिसके बाद छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संस्थान के निदेशक मिश्रीलाल वर्मा व चेयरमैन ने नवागत विद्यार्थियों का स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला चिकित्सालय में परामर्शदाता व स्त्रीरोग विशेषज्ञा डॉ प्रभा सिंह के शुभकामना सम्बोधन के बाद आरोग्य भारती अयोध्या के महाविद्यालय प्रबोधन प्रमुख डॉ शिशिर मिश्र ने छात्रों को सफलता के लिए सकारात्मक सोंच व दृढ़ इच्छाशक्ति का मंत्र दिया, तो महिला कार्य प्रमुख ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक मानसिक परिवर्तनों एवं स्वास्थ्य के विषय को समझाते हुए आयुवर्ग में कैरियर निर्धारण के पक्ष पर भी प्रकाश डाला। प्रचार्य रजनीश श्रीवास्तव एवं विभागाध्यक्ष अवनीश शुक्ल ने कोविड काल मे फार्मासिस्टों के महत्व का परिचय कराया।

# ख़ास ख़बर

## जे बी सी +2 विद्यालय के दो छात्रों का राष्ट्रीय वोलीवाल प्रशिक्षण कैंप हेतु हुआ चयन



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जामताड़ा के दो छात्रों का चयन राष्ट्रीय वोलीवाल ट्रेनिंग कैंप के लिए किया गया । खेलों झारखंड के अंतर्गत राज्य स्तरी वोलीवाल प्रतियोगिता में इनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर इन्हें चुना गया है। शिवम् दास का चयन अंडर 14 तथा सचिन सिंह का चयन अंडर 19 के लिये किया गया । आज विद्यालय परिवार द्वारा दोनों छात्रों का अभिनंदन किया गया तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं गई । उनकी सफलता के पीछे स्कूल के खेल शिक्षक डॉ हृदयानंद कुमार का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के प्राचार्य सशील कुमार मरांडी,एबी मायल टुडू, नेपाल दत्ता,दिवाकर मंडल, नसीमअख्तर, अशोक, जएन्यूल अंसारी,दीपा सिन्हा,संतोष दास आदि उपस्थित थे।

## पोषण प्रदर्शनी एवं एलपीजी संयोजन हेतू कार्यशाला आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** विभागीय निर्देश के आलोक में नाला प्रखंड सभागार में पोषण प्रदर्शनी एवं एलपीजी संयोजन हेतू कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी किशोरी यादव ने की। इस दौरान सेविकाओं द्वारा पोषण संबंधित विभिन्न शाक सब्जी से प्रदर्शनी किया गया। इसके अलावे एलपीजी के सुरक्षित ढंग से उपयोग हेतू प्रदर्शनी के साथ आंगनवाड़ी सेविकाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षिका कंचन कुमारी,एलपीजी आपूर्तिकर्ता प्रेम कुमार मंडल, हराधन बाद्यकर,सेविका शिउली हालदार, बुलबुल गण, सेफाली मंडल, स्वरूपा मंडल, शांता दास, दुलीन सोरेन, ममता राय,शांति रानी पाल, सावित्री बास्की,रानी टुडू,मिना देवी,शिवानी हांसदा, सुमित्रा मुर्मू,रीता बाउरी,समाप्तिका घोष, निलम देवी,सुमित्रा टुडू सहित अन्य सेविका आदि मौजूद थी।

## गणेश महोत्सव के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** गांधी मैदान में आयोजित 10 दिवसीय गणेश महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कमेटी के सदस्यों के अलावे फिट इंडिया के सदस्य तथा शहर के प्रबुद्ध लोगों ने रक्तदान किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुक्ताराम दत्ता ने बताया कि पिछले 2 वर्षों से मेला के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें समिति के लोग शामिल होते हैं और रक्तदान करते हैं। इस दौरान मेला आने वाले लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया जाता है। कहा कि पूरे झारखंड का यह पहला ऐसा गणेश पूजा महोत्सव समिति है जो मेला के बीच में रक्तदान शिविर का आयोजन करती है और रक्तदान करने के साथ-साथ दूसरे को भी जागरूक करती है। वही रक्तदान करने वाले को समिति के द्वारा प्रमाण पत्र तथा मोमेंटो भी दिया जाता है। रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से पूर्व सिविल सर्जन डॉ बी के साहा के अलावे शहर के प्रबुद्ध लोगों उपस्थित थे। रक्तदान शिविर में कमेटी के सदस्यों के अलावे स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा सराहनीय भूमिका निभाई गई।

## नेताजी स्टेडियम में झामुमो प्रखंड कमिटी की हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** नाला नेताजी स्टेडियम में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य ने की। बैठक के दौरान पार्टी संगठन मजबूतीकरण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उज्वल भट्टाचार्य ने सभी कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही पंचायत कमेटी तथा बुथ कमेटी को और सशक्त बनाने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य ने कहा कि जो लोग हमारा सदस्यता फार्म ले लिए है उस पर समीक्षा की गई। आज की बैठक में दस दिन का समय दिया गया, सारे पंचायत के अध्यक्ष, सचिव को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि 60% कार्य पूर्ण हो चुका है बाकी लोग पार्टी कार्यालय में आकर भवसिंधु लायेक के पास फॉर्म जमा करें। कहा कि हर पंचायत का भ्रमण किया जा रहा है। प्रखंड कमेटी का सूची निर्धारित करके हर पंचायत में सूची पहुंच जाएगा और पंचायत स्तर पर बैठक की जाएगी। इस अवसर पर सदस्यता फॉर्म, बुथ कमिटी के पूणर्गठन पर चर्चा की गई साथ ही 23 पंचायत के पंचायत कमेटी गठन हेतू तिथि निर्धारण पर चर्चा की गई। मौके पर 20 सुत्री सदस्य जनार्दन भंडारी,भवसिंधु लायेक, तपन राउत, राजू दास, मंगल सोरेन, मनीराम मंडल, स्वपन मंडल, प्रभाकर पाल,स्वपन गोरांई, गुपीन सोरेन, बनमाली मंडल, राजेश माजी,दीनबंधु दास आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लोगों के जागरूकता से ही ग्रीन इंडिया, ग्रीन झारखंड, ग्रीन जामताड़ा को साकार कर सकते है- उपायुक्त शशिभूषण



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला पर्यावरण प्लान एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न बिंदुओं यथा नगर निकाय क्षेत्र में प्रदूषण की रोकथाम एवं कचरे के उठाव एवं सही से निस्तारण, मेडिकल कचरा का उचित प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक, सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने जिला पर्यावरण प्लान की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिशन लाइफ की समीक्षा करते हुए कहा कि इसका महत्व 'लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट' से है, यानी ऐसी जीवनशैली को अपनाना और बढ़ावा देना, जो पर्यावरण को नुकसान ना पहुंचाए। आज के इस तकनीक और विज्ञान के युग में पर्यावरण का अत्यधिक दोहन होने के कारण जलवायु भी अनियमित होकर अत्यधिक गर्मी, अल्पवृष्टि का सामना करना पड़ रहा है जो की बेहद चिंताजनक है। वहीं बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे कदमों एवं उपायों को लागू करके जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। उन्होंने अपील किया कि अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु अनुकूल जीवन शैली अपनाएं। उपायुक्त ने कहा कि लोगों को जागरूक कर के ही ग्रीन इंडिया, ग्रीन झारखंड, ग्रीन जामताड़ा को साकार किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि पर्यावरण का सुधार जन भागीदारी से ही हो सकता है। उन्होंने नगर निकाय क्षेत्र में कचड़ा उठाव एवं प्रबंधन को लेकर उचित कार्रवाई हेतु निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पर्यावरण फ्रेंडली इलेक्ट्रिक व्हीकल, रिक्शा आदि को प्रमोट करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्वच्छता पर खूब जोर देने का निर्देश दिया। इसके लिए पर्यावरण समिति के सभी सदस्यों को पर्यावरण प्लान बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत एवं गांवों तक लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पर बैन लगाने एवं इसके स्थान पर वैकल्पिक पारंपरिक कपड़े एवं जूट की थैली के उपयोग हेतु प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे, सुधार असंभव है एवं साथ ही इस कार्य के लिए सभी का समान दायित्व है। वहीं उपायुक्त ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने बैठक के क्रम खाना पीना बर्बाद नहीं हो इसके लिए भी मुहिम चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कितने लोगों का मेहनत कठिन परिश्रम के पश्चात हम सभी तक भोजन पहुंचता है। यह व्यर्थ में बर्बाद न हो। बड़े आयोजनों में ज्यादा मात्रा में खाना बर्बाद होने से पर्यावरण दूषित होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा बैठक में उपायुक्त ने नगर निकाय क्षेत्रों में ससमय साफ-सफाई, कचरा उठाव, डंपिंग, नाली की सफाई आदि को सुव्यस्थित तरीके से निष्पादन का निर्देश दिया।वहीं जिले में मेडिकल कचरा के उचित प्रबंधन, मेडिकल अपशिष्टों का निस्तारण, भस्मीकरण आदि लेकर उचित दिशा निर्देश दिया। मिशन लाइफ के तहत वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि मिशन लाइफ के तहत सततशील जीवनशैली से संबंधित 75 कदमों को 7 श्रेणियों के तहत सूचीबद्ध किया गया है। जिनमे ऊर्जा की बचत, पानी की बचत, एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का कम उपयोग, टिकाऊ खाद्य प्रणाली, अपशिष्ट में कमी, स्वस्थ जीवन शैली अपनाना और ई-कचरा प्रबंधन शामिल हैं। मिशन लाइफ एक अभियान के रूप में इन पर्यावरणीय क़दमों के अनुरूप रोजाना स्वस्थ जीवनशैली की तरफ बदलाव को प्रेरित करेगी। उन्होंने जिले में फारेस्ट एवं ट्री कवर, बायोडायवर्सिटी सर्वे, आदि के बारे में उपायुक्त को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिशन लाईफ जलवायु परिवर्तन के खिलाफ हर कोई अपनी क्षमता के योगदान दे सकता है। उन्होंने पर्यावरण की वर्तमान अवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि सभी को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर समय रहते अगर इसका समाधान नहीं निकला तो आने वाले समय में बहुत भयावह परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी बनकर अजिंक्य देवीदास, उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा,जिला परिवहन पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रधान माझी, उद्योग विभाग मैनेजर प्रल्हाद कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जन्मदिवस सेंट एंथोनी स्कूल में धूमधाम से मना



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** सेंट एंथोनी विद्यालय परिसर में महान समाज सुधारक, शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी, नैतिक मूल्यों के संरक्षक तथा नारी-शिक्षा के प्रबल समर्थक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की 204वीं जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य संरक्षक तथा शिक्षाविद दुर्गा दास भंडारी तथा निदेशक डॉ चंचल भंडारी ने ईश्वर चंद्र विद्यासागर के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन कर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अरूप कुमार यादव, शिक्षक-शिक्षिका तथा छात्र-छात्राओं ने पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर की प्रतिमूर्ति पर पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ चंचल भंडारी भारत के महान समाज सुधारक ,लेखक तथा प्रासिद्ध दार्शनिक तथा मातृशक्ति के उत्थान हेतु आजीवन समर्पित रहे ईश्वर चंद्र विद्यासागर को शत-शत नमन करते हुए कहा कि ईश्वरचंद्र विद्यासागर जी ने अपने प्रगतिशील विचारों से गुलामी के कालखंड में भारतीय समाज को नई दिशा दी। विधवा पुनर्विवाह व नारी शिक्षा के लिए उनके द्वारा किए गये आंदोलनों से महिलाओं की सामाजिक स्थिति में अभूतपूर्व सुधार आया। आधुनिक तथा प्रगतिशील समाज के निर्माण हेतु उनका योगदान को सदैव याद किया जाएगा।मौके पर विद्यालय की मुख्य संरक्षक तथा शिक्षाविद दुर्गा दास भंडारी ने ईश्वर चंद्र विद्यासागर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व व उनके योगदानों से अवगत कराया। मौके पर विद्यालय के एकेडमिक हेड दीपक कुमार मंडल, शिक्षक लारेब खान, उत्पल मंडल, रतन कुमार मंडल, अनीस रंजन, गणेश राय तथा सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 30 सितंबर तक सभी सेविका रोजाना जागरूकता कार्यक्रम करें आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** राष्ट्रीय पोषण माह, 2023 का सफल संचालन को लेकर मधुपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में प्रखंड के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ पर्यवेक्षिकाओ ने की समीक्षा बैठक। मौके पर पर्यावेक्षिका सलवंती हेंब्रम' प्रियंका कुमारी 'रीना कुमारी 'निवेदिता नटराजन ने बारी बारी सेविकाओं को बताया केराष्ट्रीय पोषण माह के सफल संचालन व क्रियान्वयन को लेकर जनभागीदारी और आपसी समन्वय की आवश्यकता है, ताकि अपने समाज और कुपोषण की समस्या को जड़ से खत्म किया जा सके। इस कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण है कि कुपोषित भारत, साक्षर भारत व सशक्त भारत बनाने की दिशा में प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए और आम लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही सभी सेविकाएं अपने-अपने आंगनबाड़ी क्षेत्र में पोषण पखवाड़ा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। वही इस मौके पर मंगलवार को परियोजना कार्यालय में सभी सेविकाओं को इंडियन गैस एजेंसी के द्वारा गैस आंगनबाड़ी सेविकाओं को उपलब्ध कराए गया।गैस के उपयोग और उनसे बचाव के लिए अहम जानकारी दिया गया। मौके पर अंचल अधिकारी सा बल विकास परियोजना पदाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा पर्यवेक्षिका नविदेता नटराजन, प्रियंका कुमारी, रीना कुमारी, सलवंती हेंब्रम, प्रधान लिपिक प्रकाश दास, कंप्यूटर ऑपरेटर टिंकू दास, अशोक मांझी समेत सैकड़ो सेविका उपस्थित थे।

## पंडित समरजीत को मिली प्रदेश सचिव पद की जिम्मेदारी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** समाजवादी पार्टी में निष्ठा व ईमानदारी को देखते हुए सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने समाजवादी संस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव पद पर पंडित समरजीत को मनोनीत किया गया है। पंडित समरजीत ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा सपा प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा समाजवादी पार्टी ने जिस विश्वास पर एक दिव्यांग व्यक्ति को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है वह पुरी निष्ठा व ईमानदारी से समाजवादी पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करते रहेंगे।लोकसभा 2024 के चुनाव के पहले ही पूरे उत्तर प्रदेश के सभी जिलों का तूफानी दौड़ा करके भाजपा जैसी अत्याचारी सरकार को देश से बाहर करने का काम करेंगे और इंडिया को पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाने का काम करेंगे।

## छात्राओं के लिए निशुल्क जांच शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में नाका बाईपास स्थित केटी पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए निशुल्क जांच शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेंद्र स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम सिंह ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक भज्जा वैश्य ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष एकता टंडन कार्यक्रम संयोजक व ट्रस्ट की उपाध्यक्ष भारती सिंह एडवोकेट ने अतिथियों को बुके भेंट कर व पटका प हना कर स्वागत व अभिनंदन किया स्कूल की छात्राओं ने अतिथियों को तिलक व बैच लगाकर स्वागत व अभिनंदन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर एच बी सिंह पूर्व प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट सदेव सेवा कार्य को बढ़-चढ़कर कर रहा है जो स्वागत योग है छात्राओं की जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रुबाब अख्तर ने 170 छात्राओं की जांच करके परामर्श दिया तथा 40 छात्राओं को विशेष तौर से परामर्श दिया गया छात्रों की मेडिकल की जांच जांच जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जावेद अख्तर ने किया शिविर के अंत में लगभग ढाई सौ छात्राओं की एक काउंसलिंग की गई जिसमें छात्राओं से संबंधित महत्वपूर्ण बातें ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष एकता टंडन कार्यक्रम संयोजक व उपाध्यक्ष भारती सिंह सुचिता भल्ला श्रीमती पूनम शर्मा आरती शुक्ला कंचन राठौर नीलम श्रीवास्तव आकांक्षा सिंह श्रीमती बबीता यादव डॉक्टर सोनी शर्मा श्रीमती गुड़िया मौर्य ने दिया कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यक्रम की अध्यक्षता अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा व संचालन श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव ने किया आए हुए लोगों तथा स्कूल की टीचर्स तथा स्टाफ का आभार ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा ने किया

## एक नया सवेरा के तहत शिविर का हुआ आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** प्रोजेक्ट एक नया सवेरा जिसमें बालक बालिकाओं के अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा वह संवैधानिक अधिकारों के विषय में जागरूक किया जाएगा। प्रोजेक्ट श्वेता राज ने किया था प्रस्तावित न्यायपालिका ने दिया हरी झंडी। बाबू बालिका इंटर कॉलेज में हुआ शिविर आयोजित।शिविर में बालिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं के विषय में अवगत कराया गया, उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी दी और एडवोकेट श्वेता राज सिंह द्वारा बालिकाओं के संवैधानिक अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा, अपने पर हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना आदि विषयों पर वार्ता करी गई श्वेता द्वारा बालिकाओं को लॉ आफ कम्युनिकेशन और लॉ ऑफ़ रिपोर्टिंग बताया गया और यह भी बताया गया की बालिका अपने पर हों रहे अत्याचार को छुपा कर किसी पुरुष के सम्मान की रक्षा करती है अपने सम्मान के लिए उसे बोलना चाहिए। बालिकाओं को उनके आत्म सम्मान के विषय में सजग किया। बताया आपके माता पिता और गुरुजन हैं आपके असली हीरो और आदर्श। मौके पर डीआइओएस अयोध्या के प्रतिनिधि, प्रिन्सिपल बाबू बालिका इंटर कालेज, सभी अध्यापिकायें और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## समाधान नहीं हुआ तो 15 दिन बाद तहसील परिसर में महापंचायत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई मिल्कीपुर की मासिक पंचायत तहसील प्रांगण में दादा नन्हें सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर द्वारा तहसील परिसर में पंचायत न करने की हिदायत देने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता पदाधिकारी भड़क गए और प्रशासन विरोधी नारे लगाने लगे जिस पर उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर द्वारा कहा गया कि हम एक-एक समस्याओं का समाधान कर देंगे जवाब में भारतीय किसान यूनियन ने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान हो जाएगा तो तहसील परिसर में नहीं आएंगे और यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 15 दिन बाद तहसील परिसर में महापंचायत की जाएगीज्ञातव्य है कि भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई मिल्कीपुर द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु पूर्व सूचना देकर तहसील परिसर में किसान पंचायत का आयोजन किया गया था जिस पर उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह पंचायत स्थल पर आकर गरम तेवर दिखाते हुए कहां की जनसभा व पंचायत का स्थल जहां निश्चित है वहां करिए इसी बात को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता पदाधिकारी भी आकोर्षित हो गए और कहां की 1988 से तहसील परिसर में पंचायत करते आ रहे हैं यह देश व तहसील हमारी है तहसील परिसर में पंचायत करते रहेंगे जिसके जवाब में उप जिला अधिकारी ने कहा कि समस्या बताएं एक-एक समस्याओं का समाधान कर देंगे तब भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा किसानों की सारी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा तो तहसील परिसर में घूमने भी नहीं आएंगे।किसान पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि देश आजाद होने के बाद देश में भारतीय सरकार बनी फिर भी लगातार किसानों का शोषण हो रहा है।

**पुनरीक्षण** | सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं बीएलओ सुपरवाइजर आदि के साथ बैठक

## डोर टू डोर भौतिक सत्यापन कार्य में लापरवाही ना बरतें, 18 वर्ष पूर्ण हो चुके सभी मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें




**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के निमित्त मतदाता सूची के भौतिक सत्यापन कार्य हाउस टू हाउस सर्वे, फॉर्म मोबिलाइजेशन लक्ष्य के अनुसार प्रपत्र 6 के संग्रहण, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज के रिप्लेसमेंट सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा हेतु निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं बीएलओ सुपरवाइजर आदि के साथ बैठक आयोजित किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने प्रखंडवार एवं मतदान केंद्रवार किए जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने 18 वर्ष की उम्र पूरा करने वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिये उनसे प्रपत्र 6, यदि मतदाता सूची में मतदाता का नाम, उम्र, फोटो, पता सुधार हेतु फार्म 8 की वस्तुस्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण हो चुके किसी भी मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए, इसका ध्यान रखें। इसके अलावा उन्होंने डोर टू डोर सर्वे का विस्तार से समीक्षा कर सही से सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर किसी मतदाता की मृत्यु हो गई है तो उसका नाम हटा दें, कोई सुधार है तो प्रपत्र 8 भरवाएं। इसके अलावा कहा कि ब्लैक एंड व्हाइट एवं अस्पष्ट इमेज में स्थिति को सही करिए, संतोषजनक नहीं है। वहीं जिन मतदाताओं के नाम दो विधानसभाओं में हैं, वैसे लोगों को चिन्हित करें एवं एक जगह से नाम को हटाएं। यह सभी कार्य बुथवाइज अच्छे से करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री शशि भूषण मेहरा ने समीक्षा क्रम में पाया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के सफल संचालन हेतु कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें समीक्षा क्रम में उन्होंने पाया कि मतदाता सूची के भौतिक सत्यापन कार्य में प्रगति काफी धीमी है साथ ही बीएलओ रजिस्टर में अंकित मतदाताओं के घर घर जाकर शत प्रतिशत सत्यापन कार्य में लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत डोर टू डोर भौतिक सत्यापन कार्य आदि कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने-अपने बीएलओ सुपरवाइजर तथा बीएलओ का नियमित मॉनिटरिंग करें। साथ ही स्वयं भी क्षेत्र भ्रमण कर डोर टू डोर सर्वे कार्यों का जायजा लें। उन्होंने कहा कि इस कार्य हेतु लिमिटेड समय है, इसलिए हमें भौतिक सत्यापन के कार्य को गति के साथ करना होगा।

## एकदिवसीय मां चंचला धार्मिक अनुष्ठान कलश विसर्जन के साथ संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** नवनिर्मित तोरण द्वार उद्घाटन के निमित्त मा चंचला मंदिर में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार सुबह प्रातः कालीन पूजा अर्चना के बाद कलश विसर्जन के साथ संपन्न हुई। इससे पूर्व मंदिर परिसर में रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। हैदराबाद समेत कई अन्य जगहों से पहुंचे कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति कर मौजूद श्रोताओं को अपने-अपने जगहों में देर रात तक नाचते झूमते रहने को मजबूर किया। श्री गणेश वंदना से भक्ति जागरण की शुरुआत हुई। इसके बाद श्रोताओं के फरमाइश पर देर रात तक भक्ति मय भजनों की आकर्षक प्रस्तुति होता रहा। मालूम हो कि सोमवार को भव्य कलश यात्रा से महोत्सव का आगाज हुआ था। पूरे दिन अलग-अलग प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान के बाद मध्य रात्रि में भक्ति जागरण संपन्न हुई थी। मंगलवार को मुख्य यजमान तरुण गुप्ता पत्नी आशा गुप्ता ने पुरोहितों की उपस्थिति में मंत्र उच्चारण के साथ प्रातः कालीन पूजा संपन्न किया। इसके बाद धर्म प्रेमियों के साथ ढोल नगाड़े के बीच जुलूस की शक्ल में कलश को विसर्जन किया गया। आयोजक तरुण गुप्ता ने कहा कि 25 सितंबर मेरे जीवन का यादगार व ऐतिहासिक दिन होगा। जब मां की आसीम कृपा से मां चंचला की सेवा करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। इतना ही नहीं जामताड़ा शहर व आसपास के प्रत्येक गांव तथा मोहल्ला से धर्म प्रेमी पहुंचकर आयोजन में चार चांद लगाया व कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग किया। इससे हम ओर शहरवासी ही नहीं बल्कि मा चंचला भी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देती है। संपन्न अनुष्ठान में लोगों का सहयोग यह साबित किया कि मां चंचला से बड़ा कोई शक्ति नहीं है,मां जगत जननी और दूसरों की दुख हरने वाली मां के चरणों में जो भी भक्त समर्पित भाव से सेवा करता है, मां उसे भरपुर प्यार देती है। चंचला मंदिर के पुरोहित व जामताड़ा वासी के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जो भी मेहनत किया गया है, सभी को हृदय से अभिनंदन करता हूं। उन सभी व्यक्ति का मैं ऋणी हुं,जिनके अथाह परिश्रम से यह कार्यक्रम सफल हो पाया है। मौके पर अरुण चौधरी ,मनोज बरनवाल ,रमेश रावत दिलीप साह, बृज किशोर मरांडी के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### मंदिरों में हुए भजन कीर्तन व धार्मिक आयोजन



**रवि कुमार सैनी शाहपुरा (जयपुर)।** मनोहरपुर/शाहपुरा कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में जलझूलनी एकादशी के मौके पर मंगलवार को ठाकुरजी को जलविहार करवाया गया।मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजन के साथ भजन कीर्तन हुए। मनोहरपुर के रामद्वारा मंदिर के संत कमलदास ने बताया कि रामद्वारा मंदिर, कुमावत मोहल्ला स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं चिड़ीमार दरवाजा स्थित राधा गोविंद मंदिर से ठाकुरजी की बैंड वादन की मधुर स्वर लहरियों के बीच झांकियां (डोले) निकाली गई। जो खोरा रोड स्थित जोहड़े तक पहुंची। जहां ठाकुरजी को जलविहार करवाया गया। इस दौरान बाबूलाल शर्मा, गुणाज शर्मा, केशव जांगिड़, दीपक बारी सहित मौजूद रहे।

### उदयपुर के देवेन्द्र सिंह राव को मिला साहित्य विभुषण सम्मान



**दैनिक सुपर भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर।** हिन्दी भवन दिल्ली मे लम्हे जिन्दगी के पटल पर साहित्य संयोग समारोह मे उदयपुर के कवि गीतकार देवेन्द्र सिंह राव को साहित्य विभुषण सम्मान से सम्मानित किया गया राव को अध्यक्ष कवि गीतकार विनय कुमार ने लम्हे जिन्दगी के लोगो का उपरणा ओढा कर गोल्ड मेडल ओर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया राष्ट्रीय कवि गिरीश विद्रोही नाथद्वारा भी समारोह के विशिष्ट अतिथि रे रूप मे उपस्थित रहे राव ने अपने को साहित्य विभुषण सम्मान मिलने पर पटल की संयोजक पुजा भारद्वाज ओर देश के सभी लब्धप्रतिष्ठित कविगण ओर साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया राव ने साहित्य मिलन कार्यक्रम के तहत अपने गीत रूप यौवन की गठरी बनी फिर रही - तुमको आखों से दिल मे समा लेंगे हम ओर चाँद चेहरा तेरा नजर न लगे - काला टीका तुम मुझसे लगालो जरा की प्रस्तुति दी।

### स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में 6 टीम हुए शामिल



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चन्द्र झा, सहरसा।** सहरसा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा मंगलवार को इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकथॉन की मेजबानी की। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 एक राष्ट्रव्यापी पहल है। जो छात्रों को हमारे दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। इस प्रकार एक संस्कृति विकसित करती है। उत्पाद नवाचार और समस्या समाधान की मानसिकता। समस्या विवरण एसएच द्वारा प्रदान किया गया। जिसे सॉफ़्टवेयर और हार्डवेयर में वर्गीकृत किया गया था।इस आयोजन में कुल 6 टीमों ने भाग लिया था।सभी 6 टीमों में 6-6 प्रतिभागी थे। जिनमें कम से कम 1 महिला अभ्यर्थी अनिवार्य से शामिल थी। आंतरिक छात्रों और संकाय सदस्यों की मदद से कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। संपर्क के एकल बिंदु एसपीओसी समन्वयक डॉ अंकुर प्रियदर्शी ने बताया कि सभी 6 टीमों का मूल्यांकन विभिन्न विभागों के हमारे विशेषज्ञ आंतरिक मूल्यांकनकर्ताओं की मदद से किया गया। जिनमें प्रोफेसर हैदिरी, प्रोफेसर मनीष कुमार, प्रोफेसर राहुल, प्रोफेसर नेहा और अन्य शामिल थे।

### शिविर के माध्यम से स्वच्छता कर्मीयो की हुई स्वास्थ्य जांच



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** प्रखंड के सभागार भवन में मंगलवार को कचरा प्रबंधन के कार्य में लगे स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मियों का स्वास्थ्य जांच के लिए एक दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर की शुरुवात बीडीओ सतीश कुमार ने किया। इस दौरान सभी पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों का डॉ. राजीव कुमार पांडेय, डॉ. सूरज कुमार, डॉ. तरन्नुम बेगम, सोनम सिंह ने स्वास्थ्य जांच किया। इन संदर्भ में बीडीओ सतीश कुमार ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में स्वच्छता कर्मीयो का स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था। जिसके माध्यम से कर्मीयो की स्वास्थ्य जाच कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा भी दिया गया। वहीं प्रखंड समन्वयक राम विनय प्रसाद ने बताया कि शिविर में करीब 90 कर्मियों के स्वास्थ्य का जांच कराया गया है। उन्होंने बताया कि सभी लोग कचड़ा से जुड़े कार्य करते है इसलिए इनका स्वास्थ्य जाच विभागीय आदेशानुसार कराया गया है।साथ ही सभी स्वच्छता कर्मीयो को आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पर संबंधित पदाधिकारियों से बात की जाएगी, ताकि किसी तरह की बीमारी हो तो उसमें आयुष्मान कार्ड का उपयोग किया जा सके।जाच शिविर में कुकुरा, कुंडीलपुर, सुगौली, बनवरिया, परोराहा, मनवापरसी, केसरिया, धुमनगर, व केहुनिया रोवारी पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मी शामिल थे।

# नुक्कड़ नाटक सभा कर किसानों को किया जागरूक



**दैनिक शुभभास्कर, बिरनी/ गिरिडीह, कृष्णा वर्मा।** बिरनी प्रखंड के बरमसिया पंचायत अंतर्गत ग्राम टाटो मंदिर परिसर में मुखिया विष्णु देव प्रसाद वर्मा के उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक कर किसानों को किया जागरूक बता दे की झारखंड टीम के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को 20 वर्ष पूर्व में किए जाने वाले मोटा अनाज की खेती करने को सलाह दिया जैसे की मडूवा,गोंदली,कुर्ती, मकई जैसे कई खेती जो कम पानी में उपजाया जा सके वैसे खेती को करने को आगरह किया गया वही बताया गया कि धान की खेती में अधिक पानी लगता है और अभी वर्षा कम होती है जिसके अनुसार धान की खेती बहुत कम हो उपजाया जा सकता है वैसे में मोटा अनाज खेती मडुवा, गोंदली,मकई,कुर्ती आरहर की खेती कर कई लाभ के बारे में जानकारी दिया गया वही किसानों को खेती करने का कई प्रकार की योजना भी बताया गया जैसे टपक बिधि के माध्यम से ,जीविक खाद्य के माध्यम से,और किसानों को लाभ किससे मिलता उसके बारे में भी बताया गया है।किसान सामन निधि योजना के बारे में भी बताया गया कहा गया अगर एक परिवार में एक ही खतियान से अगर एक से अधिक लोगो को लाभ मिल रहा है। तो सावधान हो जाये एक से अधिक लोगो को मिलने पर करना होगा सरकार को रिटर्न।नही तो होगा करवाई।टपक बिधि योजना जो लाभ लेना चाहते हैं।ओ वयक्ति अभी फॉर्म भर ले सकते हैं।ध्यान रहे टपक बिधि वही लोग ले पाएंगे जिसके पास एक एकड़ जमीन हो कुँवा,या बोरिंग,मसीन या मोटर उपलब्ध हो वही लाभ ले सकते है।मौके पर कृषि पदाधिकारी बीपीएम महेश जी,सुभाष जी,कृषि मित्र विजय वर्मा,राजेन्द्र वर्मा,बॉबी डी वर्मा,टुपलाल महतो,कार्तिक महतो,गुरुगोविन्द वर्मा,सुधीर वर्मा,कैलाश वर्मा,मुंशी वर्मा,पिन्टू वर्मा,एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी की ईआरसीपी और वसुंधरा राजे पर चुप्पी के अर्थ को मुख्यमंत्री समझ लें

**जसवंत सेन राजस्थान ।** 10 अक्टूबर तक राजस्थान में विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी। यानी चुनाव सिर पर है। यही वजह रही कि 25 सितंबर की जयपुर में पीएम मोदी की सभा पर सभी की निगाहें लगी हुई थीं। सब यह जानना चाहते थे कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को लेकर पीएम मोदी का क्या रुख रहता है। यह इसलिए भी जरूरी था कि प्रदेश के भाजपा नेताओं से राजे की पटरी नहीं बैठ रही है। लेकिन पीएम मोदी ने वसुंधरा राजे और सीएम अशोक गहलोत की महत्वाकांक्षी ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) पर चुप्पी बनाए रखी। जयपुर के निकट दादिया में हुई चुनाव सभा में वसुंधरा राजे की उपस्थिति में मोदी ने स्पष्ट कहा कि विधानसभा चुनाव में कमल का फूल ही भाजपा का चेहरा होगा। मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत में प्रदेश के किसी भी नेता का नाम नहीं लिया। हालांकि दादिया की सभा का दायित्व भाजपा की महिला नेताओं के पास था, लेकिन इसमें वसुंधरा राजे की कोई भूमिका नहीं थी, जबकि मंच पर भाजपा सांसद दीया कुमारी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अलका गुर्जर सक्रिय नजर आई। राजे मंच पर तभी नजर आई, जब पीएम मोदी का आगमन हो रहा था। पीएम की उपस्थिति में प्रदेशाध्यक्ष के नाते सिर्फ सीपी जोशी का भाषण हुआ। पीएम के आने से पहले प्रदेश के नेता और केंद्रीय मंत्रियों के भाषण हुए, लेकिन इनमें राजे शामिल नहीं थीं। हालांकि राजे की कुर्सी मोदी के पास ही लगाई गई, लेकिन दोनों के बीच कोई संवाद नहीं हुआ। सब जानते हैं कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने के लिए सीएम अशोक गहलोत ने चुनावी रणनीति बना रखी है। गहलोत को लगता है कि इस मुद्दे से भाजपा को कटघरे में खड़ा किया जाएगा। गहलोत का कहना है कि ईआरसीपी का प्रस्ताव तब का है, जब वसुंधरा राजे भाजपा सरकार की मुख्यमंत्री थीं। यानी गहलोत ने ईआरसीपी को भी राजे से जोड़ रखा है। गहलोत ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि 2020 में राजनीतिक संकट के समय वसुंधरा राजे ने ही उनकी सरकार को बचाया। अब जब पीएम ने राजे और ईआरसीपी पर चुप्पी साध ली है, तब इस चुप्पी का अर्थ सीएम गहलोत को समझ लेना चाहिए।

## वाहनों पर बकाया टैक्स एक मुश्त जमा करने पर अर्थदण्ड मैं छूट



**मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर।** ाज्य सरकार टैक्स डिफॉल्टर वाहनों के लिए बकाया रोड टैक्स एकमुश्त जमा करने पर अर्थदण्ड छूट का लाभ दे रही है। टैक्स डिफॉल्टर योजना का लाभ 07 फरवरी, 2024 तक उठाया जा सकता है। परिवहन विभाग ने सर्व क्षमा योजना के तहत वैसे वाहन मालिक जिनके विरूद्ध नीलाम पत्र दायर है, उन्हें एकमुश्त राशि और अर्थदण्ड जमा करने पर नीलाम पत्र वापस ले लिया जाएगा। नीलाम पत्र पर ब्याज की राशि माफ कर दी जाएगी। इस योजना का लाभ टैक्स डिफॉल्टर निबंधित ट्रेक्टर-ट्रेलर के वाहन मालिक, टैक्स डिफॉल्टर बैट्री चालित वाहन, टैक्स डिफॉल्टर निबंधित एवं अनिबंधित परिवहन व गैर परिवहन वाहन के मालिक और ट्रेड टैक्स डिफॉल्टर वाहन डीलर उठा सकते हैं। सर्व क्षमा योजना का लाभ टैक्स डिफॉल्टर ट्रेक्टर-ट्रेलर के संचालकों को सर्व क्षमा योजना के तहत एक मुश्त 30 हजार रूपये जमा करने पर, उस वाहन पर देय सभी प्रकार के कर एवं अर्थदण्ड से मुक्त कर दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य प्रकार के परिवहन एवं गैर परिवहन वाहन स्वामी जिन्होंने कई वर्षों से अपने वाहनों का पथ कर, हरित कर सहित अन्य प्रकार के कर को जमा नहीं किया है। वैसे वाहन स्वामी, वाहन पर लगने वाले अर्थदण्ड का एक मुश्त 30 प्रतिशत राशि जमा कर अर्थ दण्ड से मुक्त हो सकेंगे साथ ही उनके विरूद्ध यदि किसी प्रकार का नीलाम पत्र वाद दायर है तो उक्त नीलाम पत्र वाद को परिवहन विभाग द्वारा उसे वापस ले लिया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी श्री मनोज कुमार ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा सर्व क्षमा योजना लागू की गई है, जो डिफॉल्टर वाहनों के लिए बकाया रोड टैक्स एकमुश्त जमा करने पर अर्थदण्ड छूट का लाभ दे रही है। टैक्स डिफॉल्टर योजना का लाभ 7 फरवरी, 2024 तक उठाया जा सकता है।

## बुनियाद केंद्र अररिया के परिसर मैं कल 66 दिव्यागंजनो के बीच motorised tricycle का वितरण किया गया



**मासूम राजा दैनिक सुभाष भास्कर।** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अररिया द्वारा बुनियाद केंद्र अररिया के परिसर में मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण क्षत्र योजना (सम्बल) अंतर्गत कुल 66 दिव्यांगजनों के बीच Motorised Tricycle का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी दिव्यांग जनों को अनुमंडल पदाधिकारी अररिया श्री नवनील कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया श्री देवेंद्र प्रताप शाही, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अररिया श्रीमती सोनी कुमारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नितेश कुमार पाठक द्वारा उपस्थित सभी दिव्यांगजनों को Motorised Tricycle का चाभी प्रदान करते हुए उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक द्वारा बताया गया का समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सम्बल योजना के तहत जिला अंतर्गत अबतक 285 दिव्यांग जनों को इस योजना से अच्छादित किया जा चुका है। आने वाले समय में ऐसे सभी दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 60% या उससे अधिक है और उनके दिव्यांगता का प्रकार लोकमोटर है, इस योजना से अच्छादित किया जाना है। उक्त योजना के लाभ से जिले के दिव्यांगजन सशक्त और आत्मनिर्भर हो रहे हैं। इस योजना से सम्बंधित किसी भी प्रकार विशेष जानकारी के लिए जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अररिया से संपर्क किया जा सकता है। मौके पर आसिफ इकबाल मो० फिरोज, सहित सामाजिक सुरक्षा कोषांग अररिया एवं बुनियादी केंद्र के कर्मी उपस्थित थे।

**जनसम्पर्क** — महादलित बस्ती में जाकर प्रधानमंत्री योजना के लाभार्थियों से मिले सांसद प्रदीप

## सांसद प्रदीप ने महादलित बस्ती में प्रवास कर किया जनसम्पर्क



**मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर अररिया।** भाजपा द्वारा निर्देशित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत महादलित बस्ती में प्रवास कार्यक्रम के तहत अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने अररिया प्रखंड के किस्मत खवासपुर पंचायत स्थित भाग पुरानी के वार्ड नं नंबर 17- 18 में सघन महाजनसंपर्क अभियान चलाया, सांसद प्रदीप ने इस दौरान बस्ती के लगभग 200 से अधिक घरों में जाकर लोगों से मुलाकात किया, सांसद ने मोदी सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर विस्तृत जानकारी लिया, एवं उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए, सांसद ने जनसंपर्क अभियान के बाद पत्रकारों को बताया कि मोदी सरकार द्वारा महादलितों के उत्थान हेतु कई योजनाओं की शुरुआत की गयी है, आज इन महादलित परिवार के लोगों से मिलकर उन्हें सभी योजनाओं के बारे में बताया एवं उनका लाभ लेने का भी आग्रह किया, सांसद ने कहा कि मैंने सभी को भरोसा दिया है कि केंद्र सरकार की किसी योजना का लाभ लेने में अगर उन्हें किसी भी तरह की परेशानी हो रही हो तो मुझे इसकी जानकारी दे। ताकि समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जा सके। सांसद के प्रवास कार्यक्रम के दौरान उनके साथ भाजयुमो अध्यक्ष आकाश राज, मंडल अध्यक्ष राजू कुमार साह, मंडल महामंत्री सुभाष मिश्र, शक्ति केंद्र प्रमुख लड्डू झा, प्रकाश गौसाई, कमलेश मंडल, सुबोध सिंह, अमित मंडल, पूर्व मुखिया शिव कुमार मंडल, सुशील यादव, सुशील यादव, आरफीन अंसारी, रामदेव सादा एवं जुबेर आलम शामिल रहे।

## रहिका प्रखण्ड में हुआ जन सुराज वाहिनी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन- मंजूर आलम



**मधुबनी संवाददाता मो सालिम आजाद।** मधुबनी जिले के बिस्फी विधानसभा के रहिका प्रखण्ड स्थित सतलखा पंचायत में जन सुराज वाहिनी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन मधुबनी जिला सह बिस्फी विधानसभा जन सुराज सेवक मंजूर आलम के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें रहिका, बिस्फी, जयनगर प्रखंड के साथ मधुबनी नगर निगम के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा समापन के बाद परिणाम घोषित किया गया। प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान बिस्फी प्रखण्ड किआरती कुमारी, द्वितीय स्थान रहिका प्रखण्ड की पुष्पा कुमारी एवं तृतीय स्थान रहिका सतलखा के मनिषा कुमारी एवं बिस्फी के राजनंदन कुमार ने प्राप्त किया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों को समान्य ज्ञान की पुस्तकें एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दो विधार्थियों को कलम दिया गया। साथ ही प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने वाले विधार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र जन सुराज साथी वकील राम जी एवं ललन जी के द्वारा वितरित किया गया। समापन के बाद विधार्थियों को संबोधित करते हुए जन सुराज सेवक मधुबनी मंजूर आलम ने कहा कि जन सुराज वाहिनी प्रतियोगिता परीक्षा आयोजन करने का उद्देश्य है कि विधार्थियों की अभिलाषाओं को समझना और उसके हुनर को एक बेहतर मंच प्रदान करने के साथ परीक्षा के माध्यम से प्रतिभा का चयन करना और प्रतिभागियों के लिए कैरियर परामर्श की निःशुल्क व्यवस्था करना है। विधार्थियों के भविष्य के लिए योग्य मार्गदर्शक की व्यवस्था करना ही जन सुराज वाहिनी प्रतियोगिता परीक्षा का मूल उद्देश्य है।

### सबका साथ सबका विकास गुदगुदी पंचायत के समुचित विकास की अदभुत व अनोखी पहल शुरु - मुखिया

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** बगहा अनुमंडल के रामनगर प्रखंड अंतर्गत गुदगुदी पंचायत की सर्वांगीण विकास के अदभुत व अनोखी पहल की है। उक्त बातें गुदगुदी पंचायत के मुखिया प्रमोद ठाकुर ने कही। उन्होंने सबका साथ सबका विकास का नारा बुलंद करते हुए पंचायत के लोगों से पंचायत के विकास में सहयोग करने की अपील की। कहा कि आपके सहयोग से ही पंचायत का चौमुखी विकास संभव है। उन्होंने कहा कि पंचायत को विकसित व खुशहाल बनाने के लिए सदैव कृतसंकल्पित है। मुखिया ने कहा कि सरकार की अतिकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की आह्वान करते हुए कहा कि पंचायत की सर्वांगीण विकास उनकी अदभुत व अनोखी पहल की सोच है तथा वे लगातार प्रयासरत है। मुखिया श्री ठाकुर ने कहा कि पंचायत की जनता ने बडी उम्मीद व विश्वास के साथ पंचायत की गरीमामयी पद को सुशोभित करने की अवसर प्रदान की है। उनके उम्मीद व विश्वास पर खरे उतरते की भरोसा दिया। कहा कि आपकी सहयोग ही पंचायत की समुचित विकास मेरा लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पंचायत में विभिन्न योजनाओं मद से तरह तरह की अतिकल्याणकारी व महात्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत पंचायत के विभिन्न वार्डों में साफ सफाई के साथ ही स्वच्छ भारत मिशन की सपनों को साकार किया गया है। उन्होंने पंचायत के लोगों से विकास में सहयोग करने की अपील की है।

### अवैध खनन मामले में चार ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** शिकारपुर पुलिस ने अवैध खनन मामले मे चार ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है। पुलिस के इस कारवाई में मिट्टी का अवैध खनन करते तीन ट्रैक्टर टेलर व बालू लदे एक ट्रैक्टर टेलर को जब्त् किया है। थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सुचना मिली कि हरदीटेढ़ा गांव में अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा है और केसरिया गांव में बालू लाया जा रहा है। सुचना पर अलग अलग पुलिस टीम बनाकर छापेमारी की गयी। इस दौरान हरदीटेढ़ा से तीन और केसरिया गाव से एक ट्रैक्टर टेलर जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अग्रिम कारवाई के लिए खनन विभाग को सुचित कर दिया गया है।

### कार से 144 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया

**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण।** बिहार में लाख शराबबंदी के बावजूद भी शराब तस्कर कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं बिहार में पूर्ण रूप से शराबबंदी है इसके बावजूद भी शराब तस्करों द्वारा कई हथकंडे अपनाए जा रहे हैं इसी कड़ी में बगहा थाना पुलिस जिला के धनहा थाना की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 144 बोतल अंग्रेजी शराब को बरामद किया है बता दे की गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से डीही चौक से बांसी होते हुये शराब की खेप बिहार जा रही है। जिसको लेकर पुलिस ने जाल बिछाकर जांच अभियान शुरू कर दिया। उसी क्रम में उत्तर प्रदेश से आ कार की तलासी ली गई जिसके अंदर छुपा कर रखा गया कुल 144 बोतल अंग्रेजी शराब प्रत्येक में 750 एम एल बरामद किया गया है, वही पुलिस को देख चालक कार छोड़ भाग निकला, जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर 01 बीके 2345 अंकित है।धनहा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि प्रशासन द्वारा मध्य निषेध एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए कार को जब्त कर पुलिस चालक की तलाश में जुटी है।

### मंत्री टीकाराम ने वायदा नही निभाया, सपेरा बास में प्रदर्शन

**श्याम सोमवंशी अलवर राजस्थान।** अलवर। तुम तो धोखेबाज हो वादा करके भूल जाते.... हो यह एक फिल्म का गाना आजकल राजस्थान सरकार के केन्द्रीयमंत्री टीकाराम जूली के उपर फिट बैठ रहा है क्योंकि जो वायदा उन्होंने चुनाव लडने से पहले ग्रामीण विधान सभा के दादर गांव के समीप बसे सपेरो का बास के लोगों से किया था जिसे वे भूल बैठे है जिसके लिए सपेरा बास की महिलाओ व पुरूषों ने गांव में मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर उन्हें वायदा याद दिलाने का प्रयास किया है सपेरा बास गांव के सवाई नाथ सपेरा ने पत्रकारों को बताया कि हमारे बास में करीब 250 वोट है और वोट मांगने के समय तो मंत्री टीकाराम जूली उनके पास आए और अपनी पगडी उन्हें पहना कर सभी प्रकार के वायदे करके चले गए और उनके आश्वासन पर हमने उन्हें वोट दिया वे विजयी हुए और मंत्री बने हमने उनका स्वागत किया तब उन्होंने कहा कि सपेरो तुम चिंता मत करो दो महिने में आपकी सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा लेकिन वह समाधान पांच साल में भी पूरा नही हो सका है हमारी मंत्री से सडक,पानी, और बिजली की मांग थी इन समस्याओं से हमारे परिवार लगातार जूझते आ रहे है मंत्री को अपना किया वायदा याद दिलाने के लिए गांव की महिलाओं और पुरूषो ने मंत्री के खिलाफ नारे लगाते हुए रोष व्यक्त किया और कहा मंत्री ने अपना वायदा पूरा नही किया है इस बार उन्हें हमारे गांव से वोट नही दिए जाएगे क्योकि जो वायदा पूरा नही कर सके वह नेता हमारे किसी काम का नही है

### महिला चिकित्सक की लापरवाही से बच्चे की मौत

**अलवर।** शहर के कालाकुलां सैटेलाईट अस्पताल में एक महिला चिकित्सक की लापरवाही का दूसरा उदाहरण कल रात देखने को मिला जब एक महिला ने अपने बच्चे से हाथ धो लिया पूर्व में भी इसी चिकित्सक की लापरवाही से एक महिला ने सिरियस कडिशन में ई-रिक्शा में शिशु को जन्म दिया इस महिला डाक्टर की लापरवाही से मरीज ही नही अस्पताल भी परेशान है लेकिन राजनेतिक सरंक्षण के चलते उसका आज तक कोई बाल बाका नही कर सका प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर रोड स्थित श्याम नगर कोलोनी निवासी पीडिता वीर सिंह प्रजापति की पत्नी सोनम को प्रसव के लिए सैटेलाईट अस्पताल में भरती कराया गया जहां ड्यूटी डाक्टर सुनीता गोयल ने परिजनों को आधे घंटे पहले चैक करके बताया कि बच्चा स्वस्थ्य है चिंता मत करो लेकिन ऐसा क्या हुआ जो बच्चा आधे घंटे बाद ही पेट में मर गया बच्चें की मरने की सूचना पर पीडिता के परिजनों ने हंगामा कर दिया लेकिन अस्पताल के गार्ड ने मुस्तैदी दिखाते हुए मामले को सम्भाल लिया पीडिता के पति ने महिला चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की है इस घटना की सूचना पीएमओ डाक्टर जीएस राठोड को दी गई तो जिस पर पीएमओ ने जांच करा कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है वही डाक्टर सुनीता गोयल पर आरोप है कि पिछले दिनों एक महिला सीमा को प्रसव के लिए लाया गया था वहा भी उक्त डाक्टर ने लापरवाही बरती और उसे ज्यादा सीरियस होने पर रैफर कर दिया परिजन आनन-फानन ई-रिक्शा में पटक कर महिला को प्राईवेट अस्पताल ले ही जा रहे थे कि उसका बच्चा रिक्शा में ही हो गया इस मामले मीडिया में काफी प्रकाशित किया गया इस पर जांच कमेटी भी बैठी लेकिन कुछ हासिल नही हुआ कहते है कि सैया कोतवाल तो डर काहे का अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि उक्त डाक्टर को राजनेतिक संरक्षण प्राप्त है इसलिए इसका कोई कुछ नही बिगाड सकता।

### जूली के माता-पिता मूर्ति अनावरण में गहलोत आएगे

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली के पिताजी स्वर्गीय लेखराम ठेकेदार एवं उनकी माताजी विमला देवी की उनकी औद्योगिक इकाई जूली इंटरनेशनल परिसर में प्रतिमा का अनावरण राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह करेंगे। मंत्री जूली ने बताया कि सामाजिक कार्यों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेने वाले उनके पिताजी पूर्व सरपंच ठेकेदार लेखराम की प्रतिमा का अनावरण उनके पैतृक गांव काठुवास में गुरुवार 28 सितंबर प्रातः 10 बजे किया जाएगा। तत्पश्चात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह में विशेष योग्य जनों को स्कूटी वितरित की जाएगी। इससे पूर्व मंगलवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने हेलीपैड व सभा स्थल का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम नीमराना पंकज, एसडीएम बह रोड सचिन यादव,एसडीएम कोटपूतली मुकुट चौधरी, एडिशनल एसपी जगराम, डीएसपी तेजपाल,मांडन थाना अधिकारी हनुमान सहाय, पीडब्लूडी एक्सईन होतीलाल, मुकेश जूली, गोपीचंद शर्मा,संजीव बारेठ,योगेश मेहता, पुरुषोत्तम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### समता सैनिक दल के प्रधान के नेतृत्व में प्रशिक्षण शिविर



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** दिल्ली चलो! दिल्ली चलो! जय भीम साथियों हजारीबाग जिला के टाटीझरिया प्रखंड में समता सैनिक दल के प्रधान महासचिव माननीय चंदन सिंह गौतम जी के नेतृत्व में प्रशिक्षण शिविर ( परेड ट्रेनिंग सेंटर ) कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें टाटी झरिया प्रखंड के लगभग सैकड़ो सैनिक उपस्थित होकर प्रशिक्षण शिविर में भाग लिए की जब-जब बाबा साहब हमारे अधिकार के लिए आंदोलन लड़े हैं ,जब भी बाबा साहब पर हमला हुई है ,हर समय समता सैनिक दल के जवान बाबा साहब को रक्षा करने के लिए मरने मिटने के लिए खड़ा हुई है तो आज हमारा दिया हुआ अधिकार ,हमारा दिया हुआ संविधान ,खतरे में है जिसे बचाने के लिए हम झारखंड से लगभग सैकड़ो सैनिको ने यह ठोस निर्णय लिए हैं कि हम सभी सैनिक दिल्ली चलेंगे और एक चट्टानी एकता दिखाकर हम अपना संविधान को ,अपना अधिकार को बचाने के लिए ,हम अपना जान तक निछावर कर देंगे तथा इस प्रशिक्षण शिविर में ( ट्रेनिंग )देते हुए समता सैनिक दल के संगठन सचिव माननीय राजन कुमार रवि जी* उपस्थित हुए तथा प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाया गया

### भैरव स्थान मां दुर्गा पूजा समिति की कमेटी गठित



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** रविवार को श्रीभैरव स्थान माँ दुर्गा पूजा समिति 48 वॉ आयोजन को लेकर बनियापट्टी ठाकुरवाडी धाजा मंदिर परिसर में राज कुमार जी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में इस वर्ष आयोजित होने वाले 48 वीं दुर्गा पूजा पर विस्तार से चर्चा हुई। देश में शांति समृद्धि के संकल्प के साथ पूजा करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे संपूर्ण वर्ष के कार्यक्रम को संपादित करने के लिए कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष -हैप्पी कुमार ,उपाध्यक्ष- सुमित कुमार, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, कुणाल कुमार, उपसचिव अमर कुमार, सचिव संतोष कुमार (उर्फ शेन). महासचिव मनोज, सोनू, चंदन, राज ,मिडिया प्रभारी - आशीष, राहुल ,संरक्षक राज कुमार राजन कुमार ,सदस्य - मंटू, रोहित, सागर,मनीष, हेमंत, आशीष बनाये गये।

### श्री चतुर्भुज नाथ मंदिर पर सामूहिक महारुद्राभिषेक कार्यक्रम आज




**सिकंदरपुर बलिया।** सामूहिक महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम श्वेतांबरी स्मृति ट्रस्ट द्वारा बुधवार 27 सितंबर को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता आकाश तिवारी ने बताया कि आचार्य द्वारा महा रुद्राभिषेक अनुष्ठान वैदिक रीति से भक्ति में वातावरण में कराया जाएगा। रुद्राभिषेक कार्यक्रम को लेकर भक्तों में उत्साह है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा सुबह 10 बजे द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक। अपराह्न 2 बजे हवन, पूजन, अर्चन इत्यादि।बटुकगण द्वारा स्वास्तिवाचन शान्ति पाठ व सम्मान प्रसाद वितरण किया जाएगा। काशी के दशाश्वमेध घाट से पधारे आचार्य द्वारा भव्य गंगा आरती व शिव आरती कराएंगे। काशी व क्षेत्र के 51 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा सम्पूर्ण महारूद्राभिषेक सम्पादित होगा।महारूद्रभिषेक सम्मिलित यजमान को प्रत्येक सामग्री निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। मात्र पीतल की थाली और परात स्वयं लेकर आना होगा। आयोजनकर्ता ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया किया की इस महारूद्राभिषेक कार्यक्रम में प्रतिभाग करके पूण्य के भागी बने।

### नगर निगम द्वारा हुरहुरू में लगाया गया कैम्प



**दैनिक भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** नगर निगम हजारीबाग द्वारा हुरहुरू जोड़ा तालाब स्थित वार्ड विकास केंद्र में कैम्प लगाया गया। नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अपने सम्बोधन भाषण में बताया कि, कैम्प का मूख्य उद्देश्य समस्याओं का त्वरित निष्पादन, जन सहभागिता को बढ़ावा देना तथा लोगो को यह जानकारी देना है कि नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी देना तथा उपलब्ध कराए जा रहे सुविधाओं को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के कैम्प निगम क्षेत्रान्तर्गत लगाया जाएगा। कैम्प में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 16 आवेदन प्राप्त हुए ,विद्युत से संबंधित चार आवेदन, नाली रोड़ निर्माण से संबंधित 11 , पेयजल से संबंधित 4 , एन यू एल एम से संबंधित 11 आवेदन, जन्म मृत्यु से संबंधित 1 आवेदन, होल्डिंग टैक्स तथा ट्रेड लाइसेंस से संबंधित कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए,जो रिन्यूअल से संबंधित था इससे कुल 20042 रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई। इसके अतिरिक्त कई आवेदन सीधे प्रशासक को दिया गया जो मुख्यतः रोड़ नाली निर्माण से संबंधित था।प्रशासक ने इन आवेदनों का तवरित निष्पादन करने का निदेश अभियांत्रिकी कोषांग को दिया।

# विधि-व्यवस्था को लेकर डीएम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक



किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी) जिला में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में गणेश चतुर्थी पर्व, जैन समुदाय के जुलूस एवं हजरत मोहम्मद साहब के जयंती मनाने एवं इस अवसर पर विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा समाहरणालय सभागार में आज जिला शांति समिति की बैठक में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अगामी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हो, इस के लिए जिला शांति समिति के सदस्यो से सहयोग की अपील की गई है। शांति समिति की तरफ से कुछ सुझाव दिए गए, इसमें जुलूस के रास्ते में जल जमाव को हटाने का अनुरोध किया गया, कमेटी की तरफ से शांतिपूर्ण एवम भाईचारे के साथ तय रूट पर जुलुस निकलने का आश्वासन दिया गया । अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा शांति समिति से अनुरोध किया गया कि यह उनका अंतिम विधि-व्यवस्था है. इसे यादगार के रूप में रखने के लिए सभी शांति समिति के सदस्यों से अनुरोध किया गया। जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी शांति समिति के आए सदस्यों से शांतीपूर्ण और भाईचारे के साथ हर साल की भांति इस साल भी मनाने का निर्देश दिया गया जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की किसी भी परिस्थिति में जुलुस में डीजे का प्रयोग न हो इसको सुनिश्चित किया जाए। विभागीय निर्देश के आलोक में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित है। जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अपने क्षेत्र में निकलने वाले जुलूस तथा संवेदनशील एवं धार्मिक स्थलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। बताया कि कतिपय असामाजिक,शरारती एवं उपद्रवी तत्वों के द्वारा अफवाह फैला कर या छोटी-मोटी घटनाओं को हवा देकर संप्रदायिक सद्भावना को भड़काने का प्रयास किया जाता है जिसे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है,वैसे शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया है। सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत किए जाने वाले टिप्पणियों एवं धार्मिक उन्माद वाले नारो एवं धार्मिक,सामाजिक, राजनीतिक तथा स्थानीय छोटे-छोटे कारण को लेकर सामाजिक सद्भावना को चोट पहुंचाने वाले तत्व किसी भी सूरत में बक्शे नहीं जाएंगे। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। ऐसे तत्व के विरुद्ध दृढ़ता से निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति किया गया है।जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। जुलूस मार्ग में पड़ने वाले घर के आसपास सड़क पर गिरी बालू या गिट्टी हो तो उसे हटा हटवाने का निर्देश दिया गया ताकि जुलूस में कोई दिक्कत ना हो।सड़क तथा अन्य जगह साफ-सफाई करने का निर्देश दिया गया रूट में पीने की पीने का पानी की व्यवस्था करने का करने का निर्देश दिया गया बैठक में बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशनगंज ,पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला अग्निशमन पदाधिकारी किशनगंज, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, किशनगंज, पुलिस निरीक्षक किशनगंज तथा थानाध्यक्ष किशनगंज एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## काफी कष्ट में जी रहे हैं बलुआ टॉल वार्ड नंबर 34 के लोग



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** कई दशकों से नगर के बलुआ टाल वार्ड नंबर 34 की जनता जल जमाव, सडांध एवं बीमारियों के बीच जीवन जी रही थी लेकिन मोतिहारी स्टेशन के आधुनिकरण का कार्य आरंभ होने के साथ ही इस मोहल्ले के लोगों का कष्ट अब चरम पर है। अभी लोग प्रतीक्षारत ही थे कि सड़क और नाली बनेगी और हमें राहत मिलेगी लेकिन दोहरी लाइन कारण के कारण अब जल जमाव और भी कष्ट कारक हो गया है। मोहल्ले के लोगों को घर से निकलना भी मुश्किल है ।बहुत हीं आवश्यक कार्य वश लोग निकल पा रहे हैं। वाहनों का निकलना तो लगभग बंद हीं हो चुका है।सड़क एक नाली का रूप ले चुकी है। मोहल्ले में कई महत्वपूर्ण संस्था एवं लोगों का निवास है जिसमें स्वामी हरिदास संगीत विद्यापीठ, जाने माने अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह के अलावा जदयू के प्रदेश नेता कुमार शिव शंकर सरकारी अधिवक्ता का निवास होने के बावजूद भी इस मुहल्ले का कोई स्थाई निराकरण नहीं हो पा रहा है जोअपने आप में बहुत बड़ा प्रश्न खड़ा कर रहा है ।यही स्थिति कमोबेश छतौनी के बढ़ई टोला रोड की है। वह रोड प्रायः बरसात के दिनों में बंद हो जाती है। नालियां बिल्कुल ही लबालब है सफाई का अभाव है ,लोग उसी में जीने के अभ्यस्त हो गए हैं।

## मूल्यों की वर्तमान में उपादेयता विषय पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला आयोजित



**मोतिहारी, ब्यूरो चीफ अशोक वर्मा।** मुंशी सिंह महाविद्यालय के संस्कृत एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में "रामचरितमानस में वर्णित मूल्यों की वर्तमान में उपादेयता" विषय एक पर दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के प्रारम्भ मे अपने स्वागत भाषण में हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ० मृगेन्द्र कुमार ने रामचरितमानस में वर्णित राजधर्म पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा रामचरितमानस को कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता एवं राजनैतिक लाभ के लिए इस की गलत व्याख्या प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस ने भारतीय संस्कृति तथा सनातन धर्म की रक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों से ये आग्रह किया कि वे प्रतिदिन कम से कम रामचरितमानस की 10 चौपाई का पाठ करें। इस व्याख्यान में वक्ता के रूप में लेखक एवं कवि डॉ० सीताराम झा ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम रामचरितमानस के नामकरण की सार्थकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए । उन्होंने पारिवारिक मूल्य, सामाजिक मूल्य , भरत का भ्रातृभाव को कई सन्दर्भों के माध्यम से प्रकाशित किया। डॉ० झा ने राम-शबरी संवाद, राम-जटायु संवाद के माध्यम से इस बात का जोरदार खण्डन किया कि मानस दलित विरोधी ग्रन्थ है। उन्होने कहा कि तुलसीदास ने समस्त मानवीय संवेदना को अपने काव्य में स्थान दिया है।

# एनजीओ व एफ़पीओ प्रतिनिधियों का रिफ्रेशर मीट



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हजारीबाग।** जिले के एनजीओ और एफ़पीओ प्रतिनिधियों के लिए नाबार्ड और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर/ पुनश्चर्या कार्यक्रम (रिफ्रेशर मीट) का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक प्रेम प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में नाबार्ड के सभी विकास मॉडल (कृषि और गैर कृषि क्षेत्र, कौशल विकास, उदयमिता विकास और नाबार्ड के द्वारा संचालित अन्य सभी प्रकार की योजनाओं जैसे अनुदान सहायता जिसमे एग्री-क्लीनिक एग्री-बिज़नस और कृषि-विपणन अवसंरचना के प्रावधानों पर जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण मीट में बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबन्धक वी वी कृष्ण किशोर के नेतृत्व में उप क्षेत्रीय प्रबन्धक भूपेन्द्र नारायण, एलडीएम राकेश आज़ाद और कृषि ऋण प्रभारी मधु-मिश्रा ने स्थानीय एनजीओ और एफ़पीओ के प्रतिनिधियों को कृषि/ सहबद्ध क्षेत्र/ गैर- कृषि क्षेत्र में बैंक ऋण से संबन्धित योजनाओं की जानकारी दी और उनसे बैंकिंग सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आवाहन किया। डीडीएम ने नाबार्ड की विभिन्न विकास और उद्यमिता विकास योजनाओं के विषय में उनके प्रावधानों पर लक्षित रूप से विवरण देते हुए महिलाओं और अन्य सूक्ष्म उद्यमियों के बीच क्लस्टर मोड में उद्यमिता प्रशिक्षण और डेमो यूनिट की स्थापना को लक्षित नाबार्ड के कई कार्यक्रमों का सविस्तार विवरण एनजीओ प्रतिनिधियों को दिया गया। नाबार्ड के ऐसे कार्यक्रमों में ओएफ़पीओ, एमईडीपी (1 बैच का उद्यमिता प्रशिक्षण), एलईडीपी (3-5 बैच का उद्यमिता प्रशिक्षण), कैट (उन्नत कृषि के लिए संस्थात्मक प्रशिक्षण और एक्सपोजर विजिट), कृषक गोष्ठी, एफ़एसएफ़पीएफ़ (कृषि क्षेत्र विकास निधि), नैब-स्किल (कौशल विकास), ग्राम दुकान/ रुरल मार्ट आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में डीआईसी के प्रतिनिधियों ने भी पीएमईजीपी और पीएमएफ़एमई योजनाओं के संबंध में कार्य योजना के अनुसार सभी प्रकार की सुविधाओं का अश्वाशन दिया और एफ़पीओ से इन योजनाओं को किसानों और उद्यमियों तक पहुँचने की उम्मीद की। डीडीएम नाबार्ड ने सभी एनजीओ को जिले में एफ़पीओ के उत्पादक समूह (पीजी) और जेएलजी तथा एसएचजी के सहयोग से किसी विशिष्ट क्षेत्र में नियोजित तरीके से काम करने का आवाहन किया गया जिससे ज्यादा से ज्यादा एसएचजी सदस्यों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने मे मदद मिल सके।

### सड़क को ही बना दिया कूड़ादान



**रोहनिया।** गांधी चौराहे से लोहता मार्ग पर स्थित केसरीपुर भड़हा मार्ग पर बजबजाते हुए कूड़े के ढेर से निकालकर मार्ग पर चलना बड़ा ही मुश्किल भरा है। क्षेत्र में कूड़ा डंपिंग की व्यवस्था न होने के कारण रोहनिया बाजार के स्थानीय दुकानदार जैसे चाट ,गोलगप्पे ,अंडारोल चाय, नारियल पानी इत्यादि के दुकानदार रात्रि में इस मार्ग पर अपना अपना कूड़ा फेंक कर चले जाते हैं जिससे आना जाना काफी मुश्किल भरा होता है तो वहीं आसपास के इलाकों में हुए शादी विवाह बर्थडे पार्टी के कार्यक्रम में बचे भोजन पत्तल व प्रतिबंधित प्लास्टिक की गिलास फेंक कर चले जाते हैं जिससे वहां पर फेके गए वस्तुओं में सड़न उत्पन्न हो जाती है और दुर्गंध भरा माहौल बना रहता है वही इस मार्ग से छोटे-बड़े वर्ग के सभी विद्यालयों के बच्चे आते-जाते रहते हैं और इसी मार्ग से तमाम जिम्मेदार लोग गुजरते हैं लेकिन मजाल किसी की नजर पड़ जाए फिलहाल बजबजाते हुए कूड़े से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है और आम जनमानस अपने नाक मुंह को ढक कर इस मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं।

### चितईपुर थाना महिला हेल्प डेस्क की छत गिरी फरियादी सहित एक दीवान घायल



**वाराणसी।** मंगलवार की सुबह हुई तेज बारिश के दौरान चितईपुर थाना में उस समय हड़कंप मच गया जब थाने पर बने महिला हेल्प डेस्क का छत अचानक से गिर पड़ा। महिला हेल्प डेस्क में मौजूद महिला फरियादियों सहित एक दरोगा घायल हो गए। आनन -फानन में मौके पर मौजूद एसएचओ बृजेश कुमार मिश्रा और पुलिसकर्मियों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। दुर्घटना को लेकर चितईपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तेज बारिश की वजह से महिला हेल्प डेस्क का सीमेंट का करकट अचानक से गिर पड़ा। महिला हेल्प डेस्क में अपनी शिकायत लेकर पहुंची शांति देवी उसकी लड़की सरिता और नाती नतनी घायल हो गई। वही इस दौरान महिला हेल्पडेस्क के अंदर मौजूद दीवान ओमप्रकाश उपाध्याय को भी चोटें लगी है। सभी घायलों को तुरंत महिला हेलोडेस्क से निकाला कर निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी की हालत ठीक है और सभी को ट्रीटमेंट के बाद छुट्टी दे दी गई है। वही महिला हेल्प डेस्क में हुई दुर्घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दिया गया है।

### सांकेतिक भाषा जारूकता कार्यक्रम आयोजित



**सिकंदरपुर, बलिया।** वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ द डेफ ने 2017 में सांकेतिक भाषाओं की रोकथाम और बधिर लोगों की संस्कृति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाने का संकल्प लिया। इसके अलावा बधिर लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए भी यह प्रस्ताव अपनाया गया था।इस साल अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस की एक ऐसी दुनिया जहां सुनने में असमर्थ की मद्द से किसी से भी और कहीं भी अपनी बात कह सकें। भारतीय सांकेतिक भाषा दोनों हाथों द्वारा किया जाता है। भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र द्वारा भारत में सांकेतिक भाषा बढ़ावा देने के लिए हिन्दी शब्दकोष को सांकेतिक भाषा में अनुवाद किया जा रहा है। है। भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के समस्त पाठ्य पुस्तक को अनुवाद किया जा रहा है जिससे श्रवण दिव्यांगजनों को पठन एवं पाठन सुगम हो सकें।इस अवसर पर संस्था द्वारा ए से जेड तक अंग्रेजी में फिंगर स्पेलिंग को लोगों को बताया साथ ही कुछ दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले शब्दों को सांकेतिक भाषा को बताया गया। इस अवसर पर ममता प्रजापति के द्वारा सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**बलिया।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय बलिया श्री एस आनन्द के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर महोदय श्री भूषण वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस को मिली सफलता । उल्लेखनीय है कि दिनांक 26.09.2023 को थाना सिकन्दरपुर थानाध्यक्ष श्री दिनेश पाठक मय टीम द्वारा चेकिंग सन्दिग्ध वाहन/ सन्दिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित वारण्टी करते हुए मुखबिर की सूचना पर चोरी की मोटरसाइकिल वाहन सं0 UP60H 0387 के साथ अभियुक्त 1.कन्हैया भारती पुत्र जनार्दन राम निवासी बालूपुर थाना खेजुरी जनपद बलिया को ग्राम भरथाँव तिराहे से गिरफ्तार किया गया ।उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.09.2023 को इसार पट्टी थाना सिकंदरपुर निवासी हीरा लाल यादव के घर के बाहर से उनकी स्पेलेन्डर मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गयी थी जिस संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 322/23 धारा 379 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत कर मोटरसाइकिल की तलाश व संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था जिस संबंध में आज दिनांक 26.09.2023 को थाना सिकंदरपुर पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है । मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि0 की बढोत्तरी की गयी अभियुक्त को मा0 न्यायालय बलिया भेजा गया ।

**शिविर** इस शिविर की शुरुआत 22 सितम्बर को बरही विधानसभा स्थित अनुमंडलीय अस्पताल से हुई

# सांसद जयंत सिन्हा करवा रहे हैं निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग लोकसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वे हज़ारीबाग लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवा रहे हैं। इस शिविर की शुरुआत 22 सितम्बर को बरही विधानसभा स्थित अनुमंडलीय अस्पताल से हुई, जहाँ सैकड़ों लोगों ने सुविधाओं का लाभ लिया। इसी क्रम में 26 सितम्बर को सदर विधानसभा स्थित हज़ारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शिविर का लाभ लेने पहुंचे। इस शिविर में आंख, शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क की गयीं। यहाँ जनरल फिजिशियन भी उपस्थित थे। जनता ने इस शिविर की काफी सराहना की और इसके लिए जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा प्रयास जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इसी उद्देश्य और संकल्प के साथ इस शिविर का आयोजन करवा रहे हैं। क्षेत्र की हर विधानसभा में यह आयोजन हो रहा है। मुझे यह देखकर बेहद ख़ुशी हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इन शिविरों में आकर जांच करवा रहे हैं। मेरी क्षेत्रवासियों से अपील है कि वे सर्वाधिक संख्या में आकर इन सेवाओं का लाभ उठायें। हम हर मोर्चे पर स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बना रहे हैं। सबका साथ और सबका विकास हमारा मूलमंत्र है। हम जनता की सुविधा के लिए हर साधन उपलब्ध करवा रहे हैं। ज्ञात हो कि हज़ारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल जयंत सिन्हा का ही सपना था, जिसे उन्होंने धरातल पर उतारा।उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप ही प्रधानमंत्री जी ने क्षेत्र को यह सौगात दी। हज़ारीबाग लोकसभा की जनता को हर छोटे इलाज़ के लिए रांची या अन्य किन्हीं बड़े शहरों में जाना पड़ता था। इस अस्पताल के बनने से अब उन्हें क्षेत्र में ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने किया गांधी स्मृति स्थलों का दौरा





**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन पूर्वी चंपारण मोतिहारी से पांच सदस्यीय टीम कार्यकारी अध्यक्ष अमिता निधि एवं अध्यक्ष श्रीकिशोर पांडे के नेतृत्व में पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिले के विभिन्न चंपारण सत्याग्रह स्मृति स्थलों का दौरा किया एवं 1917 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए चंपारण सत्याग्रह की याद को ताजा किया।दल के सदस्यों ने स्वतंत्रता सेनानियो एवं शहीदों के परिकल्पना के राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। मोतिहारी सत्याग्रह स्मृति स्थल से आरंभ यात्रा नगर के बंजरिया पंडाल शहीद स्थल का भ्रमण करते हुए सुगौली गांधी स्थित गांधी मूर्ति स्थल पर पहुंचकर ए गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। यात्री दल वहां से बेतिया सहीद पार्क पहुंचे जहां 24 अगस्त 1942 में शहीद हुए आठ शहीदों की याद मे बनी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया ।वहां से यात्री दल वृंदावन, कुमारबाग सत्याग्रह स्मृति स्थलों का भ्रमण करते हुए भितिहरवा गांधी संग्रालय पहुंचे और गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। संस्था द्वारा प्रस्तावित स्मारिका के लिए चित्र संग्रह किया गया । यात्री दल में दोनों अध्यक्षों के अलावां ओरंजेब आलम, श्याम किशोर प्रसाद, मेघना निधि थे। यात्रा के उद्देश्य पर कार्यकारी अध्यक्ष अमिता निधि एवं मेघना निधि ने बताया कि 106 वर्ष पूर्व महात्मा गांधी चंपारण आकर सफल सत्याग्रह आंदोलन चलाया था जिससे पूरे देश मे चल रहे आंदोलन को शक्ति मिली थी और देश आजाद हुआ । आज तमाम स्मृति स्थल विकसित हो गए हैं लेकिन 1917 में ये तमाम क्षेत्र काफी पिछड़े थे ,आम लोग बीमारी, अशिक्षा ,गरीबी से त्रस्त थे ।गांधी जी ने शिक्षा की व्यवस्था की थी बुनियादी पाठशालाएं खोली थी । पूर्वी चंपारण के ढाका क्षेत्र के बड़हरवा लखन सेन में उन्होंने पहली पाठशाला खोली थी। दूसरी पाठशाला भितिहरवा में तीसरी पाठशाला मधुबन में खोलकर शिक्षा को बढ़ावा दिया था ।डॉक्टर लाल को बुलाकर चिकित्सा सेवा भी उन्होंने दी। गांधी जी चंपारण को शिक्षित समृद्ध और बीमारी मुक्त विकसित जिला बनाना चाहते थे लेकिन चंपारण अब तक वैसा नहीं बन सका । यात्रा के दौरान हम लोगों ने देखा कि खासकर पश्चिमी चंपारण में अभी बहुत ही गरीबी है।



यहां जमींदारी प्रथा है। काफी जमीन रखने वाले बड़े-बड़े जमींदार हैं, और काफी भूमिहीन भी है ।सरकार को कानून बनाकर या पहले बने हुए भूहदबंदी कानून को जमीन पर उतारना चाहिए और दोनों चंपारण के सभी भूमिहीनो को जमीन मुहैया कराना चाहिए। यही गांधी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## ख़ास ख़बर

### तमाम गांव में मनमानी तरीके से प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं से वसूली की गई

**सकलडीहा**। चंदौली क्षेत्र के पावर हाउस के संबंध तमाम गांव में मनमाने तरीके से प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं से वसूली की लिखीत शिकायत दिनेश सिंह ने एसडीओ विवेक मोहन श्रीवास्तव से की है यही नहीं गांव में बहुत से जल जाता है वह खंबे दुर्घटना को दावत दे रहे हैं लेकिन इसे बदलने तक की जमात विभागीय अधिकारी नहीं उठा रहे हैं डिगी गांव निवासी दिनेश सिंह ने पत्र के माध्यम से एसडीओ विवेक मोहन श्रीवास्तव से शिकायत किया है चेकिंग में जूते प्राइवेट विद्युत कर्मचारियों द्वारा गांव में मनमानी तरीके से भोले भाले उपभोक्ताओं से बिजली काटने व जोड़ने के नाम पर 1000 से लेकर 5000 तक वसूली की जा रही है इसके साथ ही मैं प्रतिमा बिजली बिल जमा करने के जमा करने के बावजूद विद्युत कर्मचारी द्वारा मनमानी तरीके से जांच के नाम पर बाईपास दिखाकर 172000 का जुर्माना भेज दिया या मामला यह मामला पहला मामला नहीं है इस तरफ का तमाम मामला है लेकिन हम लोगों का कोई सुनने वाला नहीं है इसके उपरांत बताया कि डिग्गी पंचायत भवन से लेकर गहरपुरा माइनर तक एक भी खंबा ठीक नहीं है जो हमेशा दुर्घटना को दावत दे रहा है इससे विभागीय अधिकारी पूरी तरह अनजान बने हुए हैं इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीओ विवेक मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के उपरांत बाईपास होने पर ही कार्रवाई की होगी अगर इन्होंने शिकायत की है तो गहनता से जांच पड़ताल की जाएगी

### रामलीला कमेटी का गठन हुआ

**चहनियां। चंदौली**। कैथी स्थित पुरानी रामलीला कमेटी की बैठक देवी मंदिर पर सम्पन्न हुआ । जिसमें नये कमेटी का गठन हुआ । बैठक में सर्वसमति से संरक्षक बिपिन कुमार सिंह,शशिकांत सिंह, राकेश सिंह,रजनीकांत तिवारी,लाल बहादुर उपाध्याय ,अनिल उपाध्याय व अवधेश उपाध्याय को बनाया गया है । अध्यक्ष अजीत सिंह ,कार्यकारणी अध्यक्ष रौनक सिंह व राहुल सिंह, कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंह चिंटू व राकेश उपाध्याय,ब्यास मनोज सिंह, गोलू सिंह व अनिल सिंह,साज सज्जा विराट सिंह व विनीत तिवारी ,संकीर्तन मंडली में मुन्ना तिवारी,हँसनाथ सिंह, डब्बू पाण्डेय,गोबिंद यादव,दुलारे यादव व ढोलक वादक विकास कन्नौजिया को बनाया गया है । इस दौरान संरक्षक बिपिन सिंह ने बताया कि नवरात्रि के पहले मुकुट पूजा के साथ रामलीला शुरु होगा ।

### जनपद स्तरीय बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का आयोजन आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में हुआ



**शुभ भास्कर, बबुरी,चंदौली**। बैडमिंटन एकल और बैडमिंटन डबल्स दोनों में यूपीएस बबुरी के छात्रों ने विजय प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। सिंगल में अनुज पाल जबकि डबल में अनुज पाल और आभास कुमार। जबकि बालिका वर्ग में सिंगल में सकलडीहा और डबल में चहानिया की बच्चियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला क्रीड़ा अधिकारी ने किया और जिला व्यायाम शिक्षक विवेकानंद दुबे ,ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अशोक कुमार, और सभी ब्लॉकों के व्यायाम शिक्षक व अध्यापक उपस्थित रहे।विद्यालय से हरिचरण जी सत्यप्रकाश मौर्य रमेश चंद्र मौर्य मोहम्मद शमीम रक्षा सिंह माधुरी सिंह नीलम देशपांडे अशोक चौहान उपस्थित रहे।

### पेट्रोल पंप पर हुआ सीएनजी का उद्घाटन



**चहनियां, चंदौली**। क्षेत्र के मथेला स्थित मंगलेश फिलिंग स्टेशन पर सीएनजी का उद्घाटन कम्पनी के डीजीएम ओआइस (जिजीएल) अधिकारी रणधीर कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया । इस दौरान स्टेशन के ओनर अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लोगो को अब सीएनजी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा । चूकि स्टेशन आन लाइन है इसलिए यहां कभी आपूर्ति की समस्या नहीं होगी तथा प्रेशर भी हमेशा फूल रहेगा । इस दौरान जिजीएल कम्पनी के सीएम पीके रस्तोगी,सीनियर इंजीनियर संदीप शर्मा,रॉबिन गुप्ता,जयशंकर सिंह, बृजेश यादव,अभिनव सिंह, अनुज सिंह"सिंटू" आदि लोग उपस्थित थे ।

### चन्दौली कंपोजिट विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता



**शुभ भास्कर, चंदौली**। जनपद के सदर ब्लाक क्षेत्र के एकौनी ग्राम पंचायत के कंपोजिट विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया गया। खेलकूद कार्यक्रम की शुरुआत पीडीडीयू नगर विधायक रमेश जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। आपको बता दे की ग्राम प्रधान आकाश कुमार द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया गया,जिसमे खो-खो,कबड्डी खेला गया,उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य लव कुमार,खंड शिक्षा अधिकारी अजीत पाल आदि अधिकारी व जनप्रतिनिधि तथा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मुख्य इंजीनियर को सौंपा पत्रक



**डीडीयू नगर**। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन प्लान्ट डिपो शाखा के एक प्रतिनिधि मंडल प्लान्ट डिपो इंजीनियरिंग कारखाना के अंतर्गत टीएमसी अनुभाग के निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर जोन से आए मुख्य इंजीनियर टीएमसी आर.एन. झा को कर्मचारियों के समस्याओं से संबंधित 9 सूत्रीय मांग पत्र केंद्रीय संगठन मंत्री बी.बी. पासवान के नेतृत्व में सौपा गया । इस दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की गई । ट्रैक मशीन अनुभाग के लाइन में कार्यरत मशीनों पर मानक के अनुसार कर्मचारियों की व्यवस्था , ट्रैक मशीन अनुभाग के लाइन में कार्यरत मशीनों के वेस साइडिंग पर पीसीई सर्कुलर नंबर 06 के अनुसार सभी सुविधा मुहैया कराया जाए । टीएमसी में कार्यरत सभी पर्यवेक्षकीय कर्मचारियों को आरबीई संख्या- 155 /2022 के अनुसार लेवल 7 के 50% पदों को लेवल 8 में तथा लेवल 8 के 50% पद को लेवल 9 में अपग्रेड कर अभिलंब लाभ दिलाया जाए । सभी मंडलों में ट्रैक मेंटेनर की एनटीपीसी के माध्यम से नियुक्ति हुई है जिसमे यूनियन मांग करती है कि विभिन्न मंडलों से ट्रैक मेंटेनरों को विकल्प के आधार पर ट्रैक मशीन अनुभाग में पदस्थापन करने की व्यवस्था , ट्रैक मशीन अनुभाग के लाइन में कार्यरत मशीनों पर दिए गए नए कोच में कर्मचारियों के लिए भी एसी की व्यवस्था,लाइन में कार्यरत मशीनों पर कुक का रेन्यूवल की व्यवस्था किया जाए , लाइन में कर्मचारियों हेतु रेस्ट हाउस की व्यवस्था किया जाए , ट्रैक मशीन अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों के लिए शेड में एक भोजनावकाश पर रेस्ट करने एवं खाना खाने हेतु लंच रूम की व्यवस्था , लाइन में कार्यरत कर्मचारियों से लगातार नाइट ड्यूटी करने के साथ औड रोस्टर पर भी अभिलंब रोक लगाया जाए । उक्त सभी मांगों पर मुख्य इंजीनियर टीएमसी ने उप मुख्य इंजीनियर टीएमसी अमित कुमार गुप्ता एवं शशांक पांडेय को समस्याओं को समाधान हेतु उचित दिशा निर्देश दिया ।प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से ए. के. उपाध्याय, सुल्तान अहमद ,संजय सिंह ,रामजी यादव ,केदारनाथ तिवारी, जीत बहादुर थापा एवं राकेश कुमार शामिल रहे ।

## प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी जा रही समस्याएं



**शुभ भास्कर, चंदौली**। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय पर जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को सुना जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को किया जा रहा आदेशित,पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है,ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो,साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध,गुणवत्तापूर्ण प्राथमिकता के आधार पर करना/कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## मजदूर नेता अछैबर बिंद की मनाई गई पुण्यतिथि



**डीडीयू नगर**। भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ की श्रद्धांजलि सभा सरने ग्राम ददवापर जिला अध्यक्ष विजय जायसवाल के अध्यक्षता में हुई। सभा में कोल उद्योग मजदूर संघ चंदासी के संस्थापक अध्यक्ष अछैवर प्रसाद बिंद की नौवीं पुण्यतिथि पर तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। संघ के प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया ने कहा कि अछैवर प्रसाद बिंद ने ही मजदूर संघ की नींव रखी । मजदूरों के हित में बड़ा आंदोलन ईमानदारी से किये और सफल रहे । कभी भी अपने नीतियों से पीछे नहीं हटे । जिला अध्यक्ष विजय जायसवाल ने कहा कि स्वर्गीय अछैवर प्रसाद बिंद एक कर्मठ ईमानदार लड़ाकू संघर्ष करने वाले नेता थे आज लोग उन्हे ।याद करते है घूरे लाल बिंद ने कहा कि बाबूजी हमेशा मेहनत व ईमानदारी की बात करते थे और कभी झुके नहीं नेता चौरसिया जी हड़ताल का नेतृत्व कर रहे थे मालिकों द्वारा आक्रमण हो गया कोल मालिकों ने कहा कि चौरसिया का साथ छोड़ दो या हमारा डिपो छोड़ दो और डिपो छोड़ दिया। उक्त अवसर पर नंदलाल बिंद जोधा प्रसाद प्रजापति रामदुलारे बिंद चंदन कुमार बिंद अजयं बिंद आर्यन बिंद अनमोल बिंद रमेश कुमार बिंद भगवान दास यादव मौजूद रहे ।

# भाजपा वाले ने निकाला पुलिस के खिलाफ मोर्चा



**संवाददाता मो तसलीम। शहाबगंज, चंदौली**। भाकपा माले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सेमरा त्रिपाठी चौराहा से शहाबगंज ब्लॉक मुख्यालय तक पैदल मार्च निकाला जिसमें पुलिस के खिलाफ तमाम तरीके के नारे बाजी करते रहे वही साथ में भारी पुलिस को फोर्स भी मौजूद रही आपको बता दें कि कुछ दिन पहले एक मामले को लेकर भाकपा नेता थाने पहुंचे थे तभी थाने पर तैनात एक थाने दीवान के द्वारा भाकपा माले के नेता के साथ दुर्व्यवहार करने वह फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने पर भाकपा माले के कार्यकर्ता काफी नाराज चल रहे थे इसी के तहत सैकड़ो महिलाओं को पुरुषों के साथ हाथ में झंडा बैनर लेकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला जिसकी सूचना मिलते ही जिलाधिकारी चकिया व पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज तत्काल शहाबगंज ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे और माले नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए ज्ञापन लिया जिसमें भाकपा माले के जिला सचिव अनिल पासवान ने थाने पर तैनात एक दीवान को दुर्व्यवहार करने के आरोप में तत्काल बर्खास्त करने की मांग की और काफी दिनों से जमे हुए पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण की भी मांग को रखा इस दौरान भाकपा नेता अनिल पासवान जिला सचिव चंद्रिका यादव ब्लॉक सचिव सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्मक मानवतावाद के प्रणेता होने के साथ ही स्वदेशी के बड़े उपासक थेः दिलीप सिंह पटेल



**शुभ भास्कर, अशोक जायसवाल**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 107वीं जयंती के अवसर पर पंडित दीनदयाल स्मृति उपवन पड़ाव में मनाया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल रहे सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 63 फीट उची प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाया गया इस अवसर पर संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्मक मानववाद के प्रणेता थे वे स्वदेशी के बहुत बड़े उपासक थे उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय महान विचारक व भाजपा के आदर्श पुरुष थे पंडित दीनदयाल ने भारतीय राजनीति को वैकल्पिक विचार दिया जिसको भाजपा ही नहीं अन्य दलों ने भी स्वीकार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्मक मानववाद के दर्शन को देश ही नहीं विश्व ने भी स्वीकार किया है भाजपा ही सर्व समाज की चिंता करती है वह उनके हितों के लिए सदैव कार्य करती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल पोद्दार जितेंद्र पांडे शिवराज सिंह अनिल गुप्ता प्रमोद पटेल शिवशंकर पटेल अनिल तिवारी हरिचरण सिंह किरण शर्मा आलोक सिंह जैनेंद्र कुमार हृदय तिवारी आशीष गुप्ता सुरेश संतोष जायसवाल सुनील श्रीवास्तव अशोक सोनकर भानु तिवारी विशाल तिवारी ऋषि चौहान इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### बाघी प्रधान पति को अधिकारियों व नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालना पड़ा महंगा




**चंदौली**। नौगढ़ थाना क्षेत्र के बाघी ग्राम प्रधान पति के द्वारा फेसबुक पर अधिकारियों व स्थानीय राजनेताओं के खिलाफ अपशब्द लिखना महंगा पड़ गया. नौगढ़ ब्लॉक प्रमुख की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए प्रधानपति को जेल भेज दिया है.वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से प्रधानों में हड़कंप मचा हुआ है. बताया जा रहा है कि नौगढ़ ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार में दो दिन पहले आयोजित शैक्षणिक कार्यशाला में स्वागत सम्मान के दौरान बाघी गांव की ग्राम प्रधान नीलम ओहरी को मंच नहीं दिया गया था. इससे नाराज होकर उनके पति दीपक गुप्ता ने फेसबुक पर जिले के आलाधिकारियों के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक पोस्ट कर दिया था. साथ ही चेतावनी देते हुए गाली गलौज की भाषा का इस्तेमाल किया था. यही नहीं ग्राम प्रधान पति के द्वारा की गई टिप्पणी में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की संपत्ति की जांच करने की चेतावनी दी गई थी. प्रधानपति का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. जिससे प्रशासनिक महकमें में खलबली मच गई. हालांकि मामला बढ़ता देख ग्राम प्रधान पति ने उसे फेसबुक से हटा दिया, लेकिन तब तक यह काफी वायरल हो चुका था. इसके बाद ब्लॉक प्रमुख प्रेमा देवी कोल की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी। इस बाबत नौगढ़ थाना प्रभारी अतुल प्रजापति ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख प्रेमा देवी कोल की तहरीर पर बाघी गांव के प्रधान पति दीपक गुप्ता के विरुद्ध 189, 504, 506, 67 आईपीसी एवं 151 के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया गया है. साथ ही मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### घर में घुस कर महिला का गला दबाकर किया था हत्या, जाने क्या हुआ हत्यारे का अंजाम




**चंदौली**। हत्या के मामले में आरोपी को सजा मिली है यूपी के चंदौली में बीते 14 अगस्त 2013 में हुई महिला के गला दबाकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को सजा सुना दिया है। दरसअल जिले में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम, त्वरित और दण्डात्मक कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में बीते 14 अगस्त 2013 को थाना धीना के रैथा गांव निवासिनी अंजली राय की घर में घुसकर गला दबाकर हत्या करने की घटना के सम्बन्ध में पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर त्वरित, वैज्ञानिक विवेचना व प्रभावी साक्ष्य इक्ट्ठा करते हुए आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। पंजीकृत अभियोग में पुलिस, मॉनिटरिंग सेल जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद चन्दौली ने मंगलवार को आरोपी बेचू अली उर्फ मेहरबान पुत्र, स्व0 बेचई पता- रैथा, थाना धीना, जनपद चन्दौली को आजीवन कारावास व 20 हज़ार के अर्थदण्ड का सजा सुनाया। अर्थदंड न अदा करने की स्थिति में आरोपी को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

बैठक | ब्यास शोभनाथ पांडेय व वरिष्ठ समाज सेवी राधेश्याम पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# रामगढ़ रामलीला समिति का हुआ चयन



**चहनियाँ (चंदौली)**। क्षेत्र के रामगढ़ गांव स्थित वैष्णो रामशाला में ब्यास शोभनाथ पांडेय व वरिष्ठ समाज सेवी राधेश्याम पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। जिसमे सर्व सम्मति से 15 सदस्यी रामगढ़ रामलीला कमेटी तथा 15 सदस्यी पात्र चयन समिति का चयन हुआ। रामगढ़ रामलीला चयन समिति संरक्षक मण्डल प्रभुनाथ पांडेय,सुधीन्द्र पांडेय,राजकुमार सिंह,राजेश सिंह,संदीप पाटिल, ऋषिकेश यादव,अमृत प्रकाश सिंह की देश रेख में इस वर्ष कार्य करेगी । 28 सितंबर को श्री रामचन्द्र जी का मुकुट पूजा तथा नवरात्रि पर रामलीला मंचन व दशहरा पर बाबा कीनाराम मठ रामगढ़ के समीप लगने वाले विशाल मेला में रावण व मेघनाद के बनने वाले विशाल पुतले तथा रामलीला में होने वाले वित्तीय ब्यवस्था के नियंत्रण के लिए 15 सदस्यो तथा पात्रो के चयन हेतु 15 सदस्यों की चयन समिति बनायी गयी । इस बार रामलीला कराने के लिए 15 सदस्यी कमेटी का चयन हुआ । जिसमें बच्चन सिंह,रमेश सिंह फौजी तथा कोषाध्यक्ष ऋषिकेश यादव की अगुवाई में में समिति कार्य करेगी । इसके अलावा 15 सदस्यो की पात्र चयन समिति राजेश कुशवाहा,रोहित गुप्ता,अनुज यादव ,अभिषेक पाठक,अशुतोष सिंह, जय सिंह की देख रेख में कार्य करेगी । चयन प्रक्रिया में मुख्य रूप से अवधेश सिंह मालिक, अवधेश सिंह लूसन, रविन्द्र सिंह, राजेन्द्र श्रीवास्तव,शिवदत्त पांडेय, अकरम अली, संदीप बरनवाल, विकास सिंह, उमेश कुशवाहा, विनय सिंह, मोनू पांडेय, सुशांत सिंह, रामकृपाल सिंह,मुलायम यादव , आशीष पांडेय,अर्पित पांडेय,प्रफुल्ल श्रीवास्तव,अभिषेक सिंह,अर्जुन सिंह,विनय पाठक,चंद्रमा मौर्या ,अवधेश पांडेय,पप्पू माली,मन्नू विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।

# दिल्ली के हर परिवार का लगभग पच्चीस हजार प्रतिमाह बचा रही है आम आदमी पार्टी- संतोष कुमार पाठक




**शुभ भास्कर, चंदौली**। जनपद चंदौली के सकलडीहा विधानसभा के सराय रसूलपुर गांव में हुई आम आदमी पार्टी की बैठक चुने गए कई ग्राम अध्यक्ष आम आदमी पार्टी जनपद चंदौली की एक आवश्यक बैठक सकलडीहा विधानसभा के सराय रसूलपुर गांव के बुद्ध मंदिर पर संपन्न हुई । जिसमें पार्टी के संगठन विस्तार पर चर्चा की गई तथा वहां उपस्थित लोगों को दिल्ली सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों के बारे में बताया गया। आप के जिला अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने बताया की दिल्ली में प्रतिमाह हर परिवार का लगभग 25000 रूपये आम आदमी पार्टी बचा रही है।अरविंद केजरीवाल जी ने फ्री बहतरीन स्कूल बनवा दिया है , अगर परिवार में दो बच्चे हैं तो 6000 रूपये कम से कम प्रति परिवार बच रहा है। स्वास्थ्य के लिए हर मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक बना है ,अगर 2000 रुपए भी दवाई चिकित्सा में बच गए तो परिवार का कुल बचत 8000 रूपये होगी । इसी तरह से दिल्ली में हर महिला को फ्री बस यात्रा करायी जा रही है। उसमें भी कम से कम 2000 रूपये प्रति परिवार बच रहा है। इस तरह से अरविन्द केजरिवाल के हर काम को देखा जाए तो कुल मिलाकर 25000 रूपयेवसे ऊपर प्रतिमाह प्रति परिवार का दिल्ली पंजाब में बच रहा है। क्योकिं दिल्ली और पंजाब में एक ईमानदार सरकार चल रही है। बैठक में जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक द्वारा जनार्दन भारती को ग्राम सभा बिरना तथा भूपेंद्र राय को ग्राम सभा सेवढी मडई का ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रिंस मोदनवाल, चहनिया ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, राम जनम कुशवाहा, कन्हैया पाल, पप्पू यादव, राजेश तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।